✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक



बिहार विधान सभा आगमन पर अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने पुष्प गुच्छ देकर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का स्वागत किया

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 276 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शुक्रवार, 6 मार्च 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com


# बिहार में बड़ा राजनीतिक उलटफेर

## बिहार के सीएम नीतीश, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन समेत एनडीए के पांच प्रत्याशियों ने राज्यसभा चुनाव के लिए किया नामांकन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्यसभा चुनाव के लिए एनडीए प्रत्याशी के रूप में जदयू से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केन्द्रीय राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर तथा भाजपा की ओर से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, शिवेश कुमार एवं राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने गुरुवार को बिहार विधानसभा सचिव के कार्यालय में नामांकन किया। नामांकन के दौरान उपस्थित केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नीतीश कुमार का यह कार्यकाल बिहार के इतिहास में स्वर्णिम पृष्ठ के रूप में लिखा जाएगा। बिहार के विकास के सारे मायने को उन्होंने गति देने का काम किया। उन्होंने अपने शासनकाल में बिहार को जंगलराज से मुक्त करने का काम किया। उन्होंने न केवल बिहार की सड़कों को गांव तक जोड़ा, उसकी स्थिति में भी सुधार किया। इतने लंबे कार्यकाल में विधायक, सांसद, मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री रहते हुए उनके कुर्ते पर कभी दाग नहीं लगा। भ्रष्टाचार का आरोप लगे बिना इतना लंबा राजनीतिक सफर शायद ही किसी ने तय किया हो, जो नीतीश कुमार ने तय किया है। उनका जो कार्यकाल मुख्यमंत्री होने के नाते हैं, उसे बिहार के लोग याद भी करेंगे और उसका सम्मान भी करेंगे। मैं फिर से नितिन नवीन और नीतीश कुमार का राज्यसभा में आने पर स्वागत करता हूं। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, केन्द्रीय मंत्री जीतनराम मांझी, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, लोजपा (रा.) के सांसद अरूण भारती सहित बिहार सरकार के मंत्रीगण, सांसदगण, विधायकगण, विधान पार्षदगण एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इसके पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खुद से एक्स पर पोस्ट कर कहा कि वे राज्यसभा जाएंगे। नीतीश कुमार ने पोस्ट में लिखा कि पिछले दो दशक से भी अधिक समय से आपने अपना विश्वास एवं समर्थन मेरे साथ लगातार बनाए रखा है तथा उसी के बल पर हमने बिहार की और आप सब लोगों की पूरी निष्ठा से सेवा की है। आपके विश्वास और समर्थन की ही ताकत थी कि बिहार आज विकास और सम्मान का नया आयाम प्रस्तुत कर रहा है। इसके लिए पूर्व में भी मैंने आपके प्रति कई बार आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने लिखा कि संसदीय जीवन शुरू करने के समय से ही मेरे मन में एक इच्छा थी कि मैं बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों के साथ संसद के भी दोनों सदनों का सदस्य बनूं। इसी क्रम में इस बार हो रहे चुनाव में राज्यसभा का सदस्य बनना चाह रहा हूं। वहीं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि गौरवशाली इतिहास, समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा और ज्ञान की प्राचीन धरा बिहार से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रत्याशी के रूप में राज्यसभा के लिए नामांकन पत्र प्रस्तुत करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश जिस गति से विकास, सुशासन और आत्मविश्वास के नए आयाम स्थापित कर रहा है, उसी संकल्प को आगे बढ़ाते हुए संसद के माध्यम से बिहार के विकास और जनहित के मुद्दों को पूर्ण निष्ठा, समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ आगे रखने के लिए पूर्णतः संकल्पित हूं।





## संक्षिप्त समाचार

### राजद से अमरेंद्र धारी सिंह ने किया नामांकन

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजद से अमरेंद्र धारी सिंह ने गुरुवार को राज्यसभा के लिए नामांकन किया। इस दौरान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी, राजद के वरिष्ठ नेता भोला यादव समेत राजद के अन्य नेता थे। नामांकन में कांग्रेस, बसपा और एआइएमआइएम के विधायक शामिल नहीं हुए।

### पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस का इस्तीफा

**कोलकाता(नबिटा ब्यूरो)।** विधानसभा चुनाव से ठीक पहले पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने गुरुवार को इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने किस कारण से इस्तीफा दिया है, इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। वह साल 2022 से प.बंगाल के गवर्नर थे। उन्हें 17 नवंबर 2022 को पश्चिम बंगाल का राज्यपाल नियुक्त किया गया था। बोस को पश्चिम बंगाल का गवर्नर तब बनाया गया था, जब तत्कालीन राज्यपाल जगदीप धनखड़ भारत के उपराष्ट्रपति चुने गए थे।

### ट्रेन से गिरकर एसटीएफ कमांडर की मौत

**सिवान(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के दरौंदा रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को एक दर्दनाक हादसे में एसटीएफ कमांडर राजेश प्रसाद की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि होली मनाकर ड्यूटी पर लौटते समय ट्रेन में चढ़ते वक्त उनका पैर फिसल गया, जिससे वे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद उन्हें तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। इस हादसे की खबर मिलते ही परिवार और उनके गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

### बीइओ के निरीक्षण में बंद मिले दो स्कूल

**गयाजी(नबिटा ब्यूरो)।** गुरुआ प्रखंड के प्रभारी बीइओ रंजीत कुमार ने गुरुवार को कई स्कूलों का निरीक्षण किया। इस दौरान हाई स्कूल चांसी और मिडिल स्कूल नसेर बंद पाए गए। वहीं मिडिल स्कूल रघुनाथखप में केवल एक शिक्षिका पार्वती देवी ही उपस्थित थीं जबकि प्रधानाध्यापक सहित सभी शिक्षक अनुपस्थित मिले। इसके अलावा कई स्कूलों में शिक्षक बिना सूच ना के गायब पाए गए। बीइओ ने बताया कि दोषी हेडमास्टर व अनुप स्थित शिक्षकों से स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है।

### सिपाही भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा में तीन गिरफ्तार

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** गर्दनीबाग हाईस्कूल मैदान में चल रहे सिपाही भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान गुरुवार को तीन अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया गया। जांच में बायोमेट्रिक सत्यापन और फोटो मिलान के दौरान गड़बड़ी सामने आने के बाद यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार अभ्यर्थियों में अनिल कुमार (बेगूसराय), निगम कुमार (खगड़िया) और अभिमन्यु कुमार (कोइलवर, भोजपुर ) निवासी हैं।

## दम घुटने से पिता-पुत्र समेत चार की मौत

**सीतामढ़ी(नबिटा ब्यूरो)।** होली के दिन बोखड़ा थाना क्षेत्र के कुरहर गांव (वार्ड संख्या 13) में सेफ्टी टैंक में दम घुटने से पिता-पुत्र समेत चार लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य की हालत गंभीर है। सभी घायलों का इलाज सीतामढ़ी सदर अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार एक निर्माणाधीन घर में बने शौचालय के सेफ्टी टैंक में खेलते समय 12 वर्षीय बच्चा गिर गया। बच्चे को बचाने के लिए सबसे पहले उसके पिता राजीव सहनी टैंक में उतरे। उनके पीछे एक-एक कर कुल सात लोग बच्चे को निकालने के लिए टैंक में कूद पड़े। टैंक की गहराई करीब 12 फीट थी और लंबे समय से बंद पड़े होने के कारण उसमें जहरीली गैसों का जमाव था। मृतकों की पहचान लालू साहनी के 40 वर्षीय पुत्र राजीव सहनी, उनके 30 वर्षीय पुत्र रविंद्र सहनी, रामबाबू सहनी के 26 वर्षीय पुत्र विनय सहनी और राजीव सहनी के 12 वर्षीय पुत्र कृष्ण कुमार के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक अमित रंजन ने बताया कि प्रारंभिक जांच में हादसा टैंक में मौजूद जहरीली गैस और ऑक्सीजन की कमी के कारण प्रतीत होता है। मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। चारों शवों का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना के बाद से पूरे गांव में कोहराम मचा हुआ है।

## ग्रामीण सड़कों की गुणवत्ता सुधारने को प्रशिक्षित होंगे 480 अभियंता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के ग्रामीण इलाकों में पक्की सड़कों और पुलों के दीर्घकालीन गुणवत्तापूर्ण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ग्रामीण कार्य विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026-2027 के लिए जो योजना तैयार की है, उसमें सिर्फ ढांचागत विस्तार को ही नहीं, बल्कि निर्माण की गुणवत्ता और तकनीकी मजबूती को प्राथमिकता दी जा रही है। निर्माण कार्यों में बेहतर तकनीकी मानकों को सुनिश्चित करने के लिए विभाग ने ऐतिहासिक कदम उठाते हुए अपने अभियंताओं को आईआईटी, पटना में प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की शुरुआत की है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि राज्य के सभी ग्रामीण पथ और पुल उच्च गुणवत्ता के साथ निर्मित किये जाएं।

### आईआईटी पटना में अभियंताओं की विशेष ट्रेनिंग

विभाग की इस प्रशिक्षण योजना के तहत ग्रामीण कार्य विभाग में कार्यरत नवनियुक्त 480 सहायक अभियंताओं (असैनिक) को आईआईटी, पटना में चरणबद्ध तरीके से विशेष प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है। इन अभियंताओं को उनके क्षेत्राधीन क्रियान्वित किए जा रहे सड़कों और पुलों के निर्माण में तकनीकी मानकों के अनुरूप कार्य करने और नई तकनीक का उपयोग कर अपनी कार्य क्षमता को सुदृढ़ करने के गुर सिखाए जा रहे हैं। इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत ग्रामीण कार्य विभाग के 120 सहायक अभियंताओं अबतक प्रशिक्षित किया जा चुका है। वहीं, शेष 360 सहायक अभियंताओं को भी जुलाई 2026 तक आईआईटी, पटना से प्रशिक्षण दिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### ग्रामीण सड़कों की सुधरेगी गुणवत्ता

इस उच्च स्तरीय प्रशिक्षण का सीधा लाभ राज्य की उन सभी योजनाओं को मिलेगा, जिन्हें आगामी वित्तीय वर्ष में धरातल पर उतारा जाना है। ग्रामीण क्षेत्रों को उद्योगोन्मुखी करने और बारहमासी सड़क सम्पर्कता सुनिश्चित करने के लिए विभाग लगातार ग्रामीण पथों का विस्तार कर रहा है। वहीं, आईआईटी, पटना जैसी संस्थानों के प्रशिक्षण ग्रामीण कार्य विभाग राज्य के ग्रामीण सम्पर्कता को दीर्घकालिक बनाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

## पटना में बनेगा पांच सितारा लग्जरी ताज होटल

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी पटना के बांकीपुर बस स्टैंड की भूमि पर जल्द ही पांच सितारा लग्जरी ताज होटल का निर्माण किया जाएगा। इस संबंध में गुरुवार को पर्यटन विभाग और बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड की ओर से निजी कंपनी सारगा होटल प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता सार्वजनिक-निजी भागीदारी माडल के तहत किया गया है। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री अरुण शंकर प्रसाद की उपस्थिति में समझौते को औपचारिक रूप दिया गया। समझौते के अनुसार आइएचसीएल समूह द्वारा यहां ताज ब्रांड का पांच सितारा होटल विकसित किया जाएगा। पर्यटन मंत्री ने कहा कि राज्य में पर्यटन और व्यवसायिक गतिविधियों के तेजी से बढ़ने के कारण राजधानी पटना में बेहतर आवासीय सुविधाओं की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

## रधवा नाला में डूबने से छह बच्चों की मौत

**मोतिहारी(नबिटा ब्यूरो)।** पूर्वी चंपारण जिले के के केसरिया प्रखंड में होली से ठीक पहले मंगलवार की शाम दर्दनाक हादसा हो गया। लोहरगावा पंचायत स्थित रधवा नाला में डूबने से एक साथ छह बच्चों की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में मातम पसरा है। गांव में चीख-पुकार मच गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतकों में पांच किशोरी और एक किशोर शामिल हैं। उनकी पहचान वार्ड संख्या 4 निवासी धर्मेंद्र सहनी की 12 वर्षीय पुत्री दीक्षा कुमारी, 6 वर्षीय प्रिया कुमारी, 9 वर्षीय सोनाक्षी कुमारी के रूप में हुई है। इसके अलावा कामेश्वर सहनी की 12 वर्षीय पुत्री सोनाली कुमारी, मनोज सहनी के 11 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार और 8 वर्षीय पुत्री छोटी कुमारी की भी मौत हुई है। सीओ पूनम मिश्रा ने बताया कि सूचना मिलते ही प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने कहा है कि पीड़ित परिवारों को नियमानुसार सहायता दी जाएगी। इस दर्दनाक हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है।

## दशकों तक होगी नीतीश के योगदान की चर्चा : राजीव रंजन प्रसाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** जनता दल यूनाइटेड के नेता राजीव रंजन प्रसाद ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आधारभूत संरचना के विकास से लेकर आम लोगों के जीवन की बेहतरी तक, नीतीश कुमार ने एक दूरदर्शी नेता के रूप में जो सोचा उसे जमीन पर उतारकर दिखाया है। श्री प्रसाद ने कहा कि बिहार के विकास और सुशासन में नीतीश कुमार का योगदान इतना महत्वपूर्ण है कि उसकी चर्चा आने वाले दशकों तक होती रहेगी। उन्होंने कहा कि यह फैसला नीतीश कुमार ने स्वयं लिया है। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए इस फैसले को आत्मसात करना बहुत सहज नहीं है लेकिन नीतीश कुमार ने अपनी भावनाएं एक्स पर साझा की हैं। उन्होंने कहा कि जब एक दृढ़निश्चयी नेता के रूप में नीतीश कुमार कोई फैसला लेते हैं तो उसे अमल में भी लाते हैं और अपने निर्णय को जमीन पर उतारने की क्षमता रखते हैं। श्री प्रसाद ने कहा कि नीतीश कुमार का राजनीतिक अनुभव और विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता बिहार की राजनीति और प्रशासनिक व्यवस्था में लंबे समय तक मार्गदर्शन देती रहेगी।

## बिहार दिवस पर ऐतिहासिक स्थलों का परिभ्रमण करेंगे स्कूली बच्चे

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार दिवस के अवसर पर राज्य के सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी अपने-अपने जिलों के ऐतिहासिक, शैक्षणिक और पर्यटन स्थलों का भ्रमण करेंगे। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और शैक्षणिक संस्थानों से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना है। शिक्षा विभाग ने पटना समेत सभी जिलों से उनके क्षेत्र में स्थित ऐसे प्रमुख स्थलों की सूची मांगी है, जहां का भ्रमण छात्रों के ज्ञानवर्धन के लिए मददगार होगा। विद्यार्थियों को शैक्षणिक संस्थानों का भी भ्रमण कराया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा उप निदेशक शिवनाथ प्रसाद ने विद्यार्थियों के भ्रमण कार्यक्रम के लिए कार्ययोजना तैयार करने को कहा है। इस कार्ययोजना में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किस तिथि को किस कक्षा के विद्यार्थियों को किन स्थलों का भ्रमण कराया जाना है और इसके लिए यातायात की क्या व्यवस्था होगी। बिहार दिवस पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपने राज्य के गौरवशाली इतिहास से अवगत कराना है। मालूमहो कि बिहार दिवस 22 से 24 मार्च तक आयोजित होना है।

## स्कॉर्पियो-ट्रक की टक्कर में चार की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मधुबनी।** जिले के फुलपरास थाना क्षेत्र में गुरुवार को एनएच-27 पर खोपा चौक के निकट एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। हरियाणा नंबर की एक स्कॉर्पियो और एक ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें स्कॉर्पियो में सवार चार लोगों की मौत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि स्कॉर्पियो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। प्रारंभिक जांच के अनुसार, दरभंगा की ओर से आ रही स्कॉर्पियो खोपा चौक से पहले अचानक डिवाइडर पार कर विपरीत दिशा में चली गई। इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रक से उसकी सीधी भिड़ंत हो गई। पुलिस का मानना है कि गलत लेन में जाने के कारण यह हादसा हुआ। वहीं मृतकों की पहचान हरियाणा राज्य के कुरुक्षेत्र जिले के संजीव कुमार, कपिल और विकास कुमार शामिल हैं जबकि चौथे व्यक्ति की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सभी यात्री बिहार घूमने के लिए आए हुए थे। स्कॉर्पियो हरियाणा नंबर की है और वाहन मालिक से संपर्क करने की कोशिश की जा रही है। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मधुबनी भेज दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही फुलपरास थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस पूरे मामले की बारीकी से जांच कर रही है। ट्रक चालक और अन्य गवाहों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। घटना को लेकर फुलपरास थानाध्यक्ष विक्रम आचार्य ने बताया कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कॉर्पियो में सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाकी तीन की हालत गंभीर होने पर उन्हें अनुमंडल अस्पताल झंझारपुर ले जाया गया लेकिन रास्ते में ही उनकी भी मौत हो गई।

## बिहार के हर जिले में उपलब्ध होगी चलते-फिरते आइसीयू जैसी एएलएस एंबुलेंस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य के प्रत्येक जिले में एडवांस लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। यह सुविधा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित और प्रभावी चिकित्सा सहायता प्रदान कर गोल्डन ऑवर में मरीजों की जान बचाने की मंशा से लागू की जा रही है। सुविधा के लागू होने से दिल का दौरा, सांस लेने में तकलीफ के साथ दूसरी बीमारियों से जूझ रहे गंभीर मरीजों को काफी फायदा मिलेगा।

### क्रिटिकल मरीजों के लिए संजीवनी : मंगल

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि एनडीए सरकार के नेतृत्व में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त और आधुनिक बनाया जा रहा है। इसी कड़ी में राज्य के सभी जिलों में एएलएस एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यह एम्बुलेंस गंभीर रूप से बीमार या घायल मरीजों के लिए एक चलते-फिरते आईसीयू की तरह है। उन्होंने बताया कि अभी तक मेडिकल कॉलेज तक ही एमआरआई मशीन की सुविधा उपलब्ध है। इस वजह से ग्रामीण क्षेत्र और छोटे जिलों के मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। समस्या को देखते हुए ही जिला और प्रखंड स्तर पर एएलएस एंबुलेंस संचालित करने का निर्णय लिया गया है। जीवन रक्षक सुविधाओं से लैस इस एंबुलेंस से गंभीर मरीजों को उच्चतर अस्पतालों तक सुरक्षित पहुंचाया जा सकेगा। एएलएस एंबुलेंस में वेंटिलेटर, कार्डियक मॉनिटर, डिफिब्रिलेटर और जीवन रक्षक दवाएं जैसे उन्नत उपकरण लगे हुए हैं। यह सभी उपकरण उच्च प्रशिक्षित पैरामेडिक्स और डॉक्टरों द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। एंबुलेंस में दुर्घटना के शिकार और गंभीर बीमारी से जूझ रहे दूसरे मरीजों को अस्पताल पहुंचने तक इलाज की वह सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी जो उनकी जीवनरक्षा के लिए कारगर हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि आपातकालीन एवं सरकारी अस्पतालों में मरीजों के आवागमन के लिए निःशुल्क रेफरल ट्रांसपोर्ट (एंबुलेंस) की सुविधा है। बीमारी, दुर्घटना या फिर अन्य किसी आपातकालीन स्थिति में मरीज के इलाज के लिए टोल फ्री नंबर 102 के माध्यम से निशुल्क एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मौजूदा समय में राज्य में 1941 एंबुलेंस संचालित हैं। जल्द ही 124 अतिरिक्त एंबुलेंस की सेवा बढ़ाई जाएगी। इसके बाद राज्य में एंबुलेंस की संख्या 2065 हो जाएगी। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 14 लाख 30 हजार 373 और वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनवरी तक 15 लाख 94 हजार 220 मरीजों ने सरकारी एंबुलेंस सेवा का मुफ्त लाभ उठाया है।





# ओवरलोड से राहत : गर्मी में जीरो बिजली कट की तैयारी

## पटना में बन रहे चार नए पावर सब स्टेशन से 5 लाख लोगों को मिलेगा लाभ

- आसोपुर, जगनपुरा, बिहटा समेत उसरी में बनेगा नया पावर सब स्टेशन
- चार नये पावर सब स्टेशन से 5 लाख से अधिक आबादी को मिलेगी निर्बाध बिजली
- हर सब स्टेशन पर लगेंगे 10एमवीए के ट्रांसफॉर्मर, आसोपुर में बने नये पावर सब स्टेशन बनकर तैयार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानीवासियों को अब गर्मियों में बिजली ओवरलोड होने पर चिंता करने की जरूरत नहीं है। पटना में इसी साल गर्मियों में चार नये पावर सब स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है ताकि गर्मियों में ओवरलोड की समस्या से निजात मिल सकें। इस विषय पर अधिक जानकारी देते हुए पेसू जीएम दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि हर साल गर्मियों के समय निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए नये-नये पीएसएस का निर्माण किया जा रहा है। इसी कड़ी में इस साल पेसू पश्चिमी के आसोपुर क्षेत्र, उसरी व बिहटा में नये पावर सब स्टेशन, पूर्वी क्षेत्र में जगनपुरा के खेमनीचक इलाके में पावर स्टेशन बनाने का निर्माणाधीन है। ताकि अगर शहर का बिजली खपत अधिकत्तम होने पर भी किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। बता दें कि शहर में 75 से अधिक पावर सब स्टेशन वर्किंग है और अन्य सब स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है।

**पांच लाख से अधिक आबादी को मिलेगा लाभ**

गर्मियों में नये पावर सब स्टेशन के निर्माण से पांच लाख से अधिक आबादी को इसका लाभ मिलेगा। वहीं आसोपुर पावर सब स्टेशन चालू कर दिया गया है। साथ ही सभी स्टेशन पर 10 एमवीए के दो पावर ट्रांसफॉर्मर लगाये जायेंगे व आसोपुर पावर सब स्टेशन में लगे ट्रांसफॉर्मर को चार्जिंग में इंस्टॉल किया गया है।

**गर्मियों में दो सालों से शहर में 1000 मेगावाट बिजली खपत**

बता दें कि बीते दो सालों में गर्मियों में शहर में रोजाना बिजली की खपत 1000 मेगावाट से अधिक हो जाती थी। जिससे पटना में बिजली आपूर्ति कर रही संस्थान पेसू ने निर्बाध बिजली आपूर्ति कर पूरा किया है। उम्मीद है कि इस साल बिजली आपूर्ति 1200-1400 मेगावाट बिजली खपत होने का अनुमान है। वहीं बिहार में गर्मियों में बिजली आपूर्ति करीब 10000 के पास चली गयी थी। जिससे नार्थ बिहार व साउथ बिहार बिजली कंपनी ने बखूबी निभाया है।

## 1 अप्रैल से ड्राइवरों को मिलेगी ट्रेनिंग

- सड़क हादसे रोकने को सरकार का कदम
- अभी पटना और औरंगाबाद में ड्राइवर को सिखाया जा रहा सड़क सुरक्षा का पाठ
- निजी-सार्वजनिक दोनों चालक होंगे शामिल, हर शनिवार को होगी ट्रेनिंग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य सरकार सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और यातायात नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए बड़े स्तर पर ड्राइवर ट्रेनिंग अभियान चला रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सात निश्चय योजना-3 के तहत 'सबका सम्मान' और 'जीवन आसान' में पैदल यात्रियों की सुरक्षा को भी रखा गया है। इसके लिए पहले चरण में पटना और औरंगाबाद में चालकों को सड़क सुरक्षा पर ट्रेनिंग दी जा रही है। दूसरे चरण में 1 अप्रैल से सभी जिलों में सरकारी और निजी बसों/वाहनों के चालकों को अनिवार्य सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह ट्रेनिंग प्रति शनिवार को आयोजित की जाएगी, ताकि चालक अपनी ड्यूटी के साथ इसमें आसानी से शामिल हो सकें।

**इन बिन्दुओं पर दिया जाएगा प्रशिक्षण**

प्रशिक्षण में मुख्य रूप से जेब्रा क्रॉसिंग पर रुकना, हॉर्न का कम से कम इस्तेमाल करना, सीट बेल्ट लगाना, ओवरटेकिंग के नियम, स्पीड लिमिट का पालन, ट्रैफिक सिग्नल पर रूकना और अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर फोकस रहेगा। परिवहन विभाग इस कार्यक्रम के लिए एक विस्तृत एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर) तैयार कर रहा है, जिसमें ट्रेनिंग की अवधि, मॉड्यूल, प्रमाण-पत्र और निगरानी की व्यवस्था शामिल होगी।

**नियमित ट्रेनिंग से चालक होंगे जागरूक : सचिव**

विभाग के सचिव राज कुमार ने इस पहल पर कहा कि सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण अक्सर चालकों की लापरवाही और नियमों की अनदेखी होती है। हमारा लक्ष्य है कि इसमें सरकारी व निजी बस चालक, टैक्सी ऑपरेटर, ट्रक ड्राइवर और अन्य कमर्शियल वाहन चालक शामिल हों। इन्हें नियमित रूप से जागरूक बनाया जाए। पटना और औरंगाबाद में पहले चरण की ट्रेनिंग से सकारात्मक परिणाम मिले हैं, जहां चालकों की जागरूकता में सुधार देखा गया। अब पूरे राज्य में इसे लागू कर हम बिहार की सड़कों को और सुरक्षित बनाएंगे। यह ट्रेनिंग न केवल चालकों के लिए बल्कि यात्रियों और पैदल चलने वालों की सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण है।

## एक नजर

### सोनालीका ने 12890 ट्रैक्टरों की दर्ज की बिक्री

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** देश में कृषि मशीनीकरण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के अपने 30वें ऐतिहासिक वर्ष में सोनालीका ट्रैक्टर्स ने एक और सुनहरा अध्याय जोड़ते हुए वित्त वर्ष 2026 में फरवरी माह की अब तक की सर्वाधिक 12890 ट्रैक्टरों की कुल बिक्री दर्ज की है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि बड़े स्तर पर मज़बूत कार्या नीति और कंपनी के मूल विश्वास जीतने का दम का प्रमाण है जो किसानों के उज्ज्वल भविष्य की ताकत है। आज जब देश में आधुनिक कृषि तकनीक से उन्नत और किफायती कृषि रही है सोनालीका इनोवेशन, किसानों से गहरा जुड़ाव और मज़बूत बाज़ार पहुंच के साथ लगातार आगे बढ़ रही है। इस नई उपलब्धि पर अपने विचार साझा करते हुए रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड ने कहा कि असली जीतने का दम हमेशा उन किसानों में रहा है, जो हर दिन अपने खेतों में प्रगति बोते हैं। हमारी जिम्मेदारी है कि हम ऐसे हेवी ड्यूटी ट्रैक्टर तैयार करें जो किसानों के सपनों और उनकी सफलता के संकल्प को और मज़बूत बनाएं।

### नीतीश को जदयू का उम्मीदवार बनाए जाने पर दी बधाई

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार सरकार के लघु जल संसाधन मंत्री तथा हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार सुमन ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राज्यसभा चुनाव 2026 के लिए जनता दल यूनाइटेड की ओर से उम्मीदवार घोषित किए जाने और नामांकन दाखिल करने पर बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। डॉ. संतोष कुमार सुमन ने कहा कि नीतीश कुमार ने अपनी बेदाग छवि, सुशासन और जनकल्याणकारी सोच के माध्यम से बिहार की राजनीति को नई दिशा दी है। उनके नेतृत्व में राज्य में महिलाओं के सशक्तिकरण, दलितों और वंचित वर्गों के चतुर्दिक विकास के लिए कई ऐतिहासिक पहलें की गईं, जिनसे समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को भी मुख्यधारा से जुड़ने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार का लंबा राजनीतिक अनुभव, संतुलित दृष्टिकोण और जनहित के प्रति समर्पण राज्यसभा में भी देश के नीति निर्माण की प्रक्रिया को नई दिशा देने में सहायक होगा। उनके माध्यम से बिहार की आकांक्षाओं और समस्याओं को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक मजबूती के साथ उठाने का अवसर मिलेगा। डॉ. संतोष कुमार सुमन ने विश्वास व्यक्त किया कि नीतीश कुमार का अनुभव, सादगीपूर्ण सार्वजनिक जीवन और विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता राज्यसभा की गरिमा को और मजबूत करेगी तथा देशहित में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

### वैभव सूर्यवंशी को टाटा कर्व कार देकर किया गया सम्मानित

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** टाटा मोटर्स ने आईपीएल 2025 के आधिकारिक पार्टनर के रूप में युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को विशेष सम्मान दिया है। आईपीएल 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए सबसे अधिक स्ट्राइक रेट हासिल करने के लिए उन्हें 'कर्व सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन' चुना गया। इस उपलब्धि के लिए टाटा मोटर्स ने उन्हें अपनी प्रतिष्ठित एसयूवी कूपे टाटा कर्व भेंट कर सम्मानित किया। आईपीएल 2025 में वैभव सूर्यवंशी ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से दर्शकों और क्रिकेट विशेषज्ञों को प्रभावित किया। पूरे टूर्नामेंट में उनके उच्च स्ट्राइक रेट और बेहतरीन पारियों ने उन्हें इस प्रतिष्ठित पुरस्कार का हकदार बनाया। टाटा मोटर्स द्वारा दिया गया यह सम्मान उस खिलाड़ी को दिया जाता है जिसने पूरे सीजन में सबसे तेज और प्रभावशाली बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया हो। इस सम्मान के बाद वैभव सूर्यवंशी अपने परिवार के साथ पटना पहुंचे, जहां उन्होंने अपनी नई कार की डिलीवरी ली। इस अवसर पर वे पटना स्थित अनन्या ऑटो के नए शोरूम के उद्घाटन कार्यक्रम में भी शामिल हुए। कार्यक्रम में वैभव सूर्यवंशी ने कहा कि आईपीएल जैसे बड़े मंच पर अच्छा प्रदर्शन करना उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय परिवार, कोच और टीम के सहयोग को दिया। इस अवसर पर टाटा मोटर्स के प्रतिनिधियों ने कहा कि आईपीएल के माध्यम से उभरती प्रतिभाओं को सम्मानित करना कंपनी के लिए गर्व की बात है।

### मैटकेयर में होली मिलन सह आशीर्वाद समारोह संपन्न



**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बेली रोड स्थित मैटकेयर मदर एंड चाइल्ड हॉस्पिटल में होली मिलन सह आशीर्वाद समारोह का आयोजन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री मंगल पाण्डेय जी रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में शशांक शेखर सिन्हा (आईएएस), मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी, बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति (आयुष्मान भारत) एवं मैटकेयर पटना हेड डॉ. दयानिधि कुमार की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत से हुई। इसके पश्चात अतिथियों को अस्पताल के विभिन्न विभागों, जिनमें ऑपरेशन थिएटर एवं नवजात गहन चिकित्सा इकाई शामिल हैं, का अवलोकन कराया गया। अपने संबोधन में स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य राज्य सरकार की प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि मैटकेयर जैसे संस्थान सार्वजनिक स्वास्थ्य तंत्र को मजबूती प्रदान करते हैं। कार्यक्रम का सफल समन्वय डॉ. शिप्रा भारती, शुभम पाण्डेय एवं जिज्ञासा द्वारा किया गया। होली विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का चयन एवं संचालन मधुकर एवं उनकी टीम द्वारा किया गया जिसने समारोह में उत्साह एवं सांस्कृतिक रंग भर दिए। समारोह का समापन डॉ. सुनीता कुमारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## बिहार की राजनीति से 'नीतीश युग' का अंत : डॉ. सुरेश पासवान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश पासवान ने कहा है कि बिहार में वर्ष 1990 से 2025 तक लगभग पैंतीस वर्षों तक मंडल की राजनीति अर्थात पिछड़ावाद की राजनीति प्रभावी रही। उन्होंने कहा कि 1990 में बिहार से कांग्रेस शासन का अंत हुआ और जनता दल की सरकार बनी, जिसके मुखिया लालू प्रसाद यादव बने। उनके नेतृत्व में सामाजिक न्याय और सांप्रदायिक सद्भाव को मजबूत किया गया तथा समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य हुआ। डॉ. पासवान ने कहा कि लालू प्रसाद यादव ने 2005 तक बिहार की सत्ता संभाली और उस दौर को गरीबों के लिए स्वर्ण काल कहा जा सकता है। इसके बाद 2005 में नीतीश कुमार भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर सत्ता में आए और न्याय के साथ विकास का नारा दिया। उन्होंने पंचायत एवं नगर निकाय चुनावों में एकल पदों पर भी आरक्षण लागू कर नई राजनीतिक पहल की तथा पिछड़ा, अति पिछड़ा और दलित-महादलित वर्ग के बीच अपनी राजनीतिक पकड़ मजबूत की। डॉ. पासवान का आरोप है कि भारतीय जनता पार्टी ने साथ रहते हुए भी धीरे-धीरे नीतीश कुमार को कमजोर किया और अंततः उन्हें राज्यसभा भेजकर बिहार की राजनीति से बाहर कर दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार बिहार में पैंतीस वर्षों से चल रही पिछड़ावाद की राजनीति का अंत हो गया और नीतीश युग समाप्त हो गया। डॉ. पासवान ने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी पहले भी महाराष्ट्र में दोनों शिवसेना, पंजाब में अकाली दल, जम्मू-कश्मीर में महबूबा मुफ़्ती और उत्तर प्रदेश में मायावती जैसे सहयोगियों को कमजोर कर चुकी है।

## बिहार में 4 साल में 18 लाख से अधिक महिलाओं तक पहुंची मातृ वंदना योजना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य में गर्भवती और धात्री महिलाओं के लिए केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित हो रही है। इस योजना के तहत 4 वर्षों में 18 लाख 15 हजार 680 महिलाओं को लाभ दिया गया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में 6 लाख 36 हजार 688 महिलाओं को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से राशि प्रदान की गई। 2023-24 में 1 लाख 45 हजार 832 लाभार्थी, 2024-25 में 7 लाख 18 हजार 670 और 2025-26 में 3 लाख 14 हजार 510 लाभार्थियों को योजना का लाभ दिया गया है। समाज कल्याण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, राज्य में 22 लाख 69 हजार 594 लाख महिलाओं का नामांकन हुआ है। इनमें 18 लाख 15 हजार 680 लाभार्थियों को डीबीटी के माध्यम से राशि प्रदान की गई है। बाकि बचे लाभार्थियों को जल्द लाभ पहुंचाने के लिए विभाग कार्रवाई कर रहा है।

**संजीवनी बनी मातृ वंदना योजना**

मिशन शक्ति के अंतर्गत जनवरी 2017 से लागू इस योजना ने राज्य में महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और आर्थिक सुरक्षा को मजबूत किया है। योजना का मुख्य उद्देश्य गर्भावस्था के दौरान मजदूरी हानि की आंशिक भरपाई करना, समय पर प्रसव पूर्व जांच, संस्थागत प्रसव और शिशु टीकाकरण को प्रोत्साहित करना है। साथ ही बालिकाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना है।

**योजना के लाभ और राशि विवरण**

योजना के तहत पहली संतान होने पर (पहली बार जीवित बच्चे के जन्म पर) पात्र महिलाओं को कुल 5 हजार रुपये की सहायता राशि दो किस्तों में प्रदान की जाती है।

- **पहली किस्त :** 3 हजार गर्भावस्था पंजीकरण और कम से कम एक प्रसव पूर्व जांच के बाद।
- **दूसरी किस्त :** 2 हजार नवजात शिशु के जन्म पंजीकरण और 14 सप्ताह तक के टीकाकरण पूरा होने के बाद।

दूसरी संतान के मामले में, यदि बच्चा कन्या है, तो 6 हजार रुपये की एकमुश्त राशि जन्म और आवश्यक टीकाकरण के बाद दी जाती है।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने जेडीयू-भाजपा कार्यकर्ताओं से पूछा 'क्या 2030 आ गया'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम ने अपने एक्स हैंडल सहित सोशल मीडिया पर भाजपा और जदयू के कार्यकर्ताओं से सवाल किया है कि क्या 2030 आ गया? साथ ही उन्होंने पूछा है कि क्या आपके नारे का यही हश्र हुआ कि 2030 तक नीतीश का नारा देने वाले 2026 में ही उन्हें फिनिश कर दिए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने एक्स पर बयान जारी कर कहा कि 'मैं बीजेपी और जेडयू के नेताओं और कार्यकर्ताओं से, बिहार के मतदाताओं से पूछना चाहता हूं– '25 से 30, फिर से नीतीश' क्या हुआ इस नारे का? क्या 2030 आ गया? आज बिहार में एक चुने हुए मुख्यमंत्री को जबरदस्ती, षड्यंत्र के तहत सत्ता से बेदखल किया जा रहा है। यह षड्यंत्र भाजपा और जदयू के कुछ नेताओं ने मिलकर रचा है। मुख्यमंत्री के स्वास्थ्य के साथ भी इन लोगों ने खिलवाड़ किया है। इसे लेकर कांग्रेस पार्टी, राहुल जी और हम सबने बार-बार लोगों को आगाह किया था। भाजपा और आरएसएस को पता था कि इनके नाम पर बिहार में वोट नहीं मिलेगा। इसलिए नीतीश जी के नाम पर चुनाव जीतकर और उन्हें धोखे से हटाकर बिहार पर कब्जे का गंदा खेल रचा गया। यह बिहार के करोड़ों मतदाताओं और नीतीश कुमार जी के कार्यकर्ताओं की भावनाओं की हत्या है।

## रेल प्रबंधक ने भागलपुर में यात्री भीड़ प्रबंधन का लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भागलपुर।** पूर्व रेलवे के मालदा मंडल में होली पर्व के बाद बढ़ी हुई यात्री भीड़ को देखते हुए इस मंडल के भागलपुर, मालदा टाउन, जमालपुर सहित प्रमुख स्टेशनों पर भीड़ प्रबंधन के लिए विभिन्न आवश्यक उपाय किए गए हैं। मालदा मंडल के रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता ने गुरुवार को भागलपुर में यात्री भीड़ प्रबंधन का जायजा लेने के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि प्रतिवर्ष होली के बाद बड़ी संख्या में यात्री अपने कार्यस्थलों, शैक्षणिक संस्थानों तथा निवास स्थलों की ओर लौटते हैं, जिनमें दिल्ली, मुंबई, गुजरात सहित देश के विभिन्न शहर शामिल हैं। अधिक यात्रा मांग को ध्यान में रखते हुए मालदा मंडल द्वारा सभी प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों की सुगम आवाजाही, सुरक्षा एवं सुविधा सुनिश्चित करने हेतु विशेष भीड़ प्रबंधन व्यवस्था लागू की गई है। उन्होंने बताया कि इस सिलसिले में उनके द्वारा आज भागलपुर स्टेशन पर ट्रेन संख्या 12367 (विक्रमशिला एक्सप्रेस) से यात्रा कर रहे यात्रियों से संवाद किया गया और स्टेशन पर बोर्डिंग व्यवस्था एवं यात्री सुविधाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने यात्रियों से स्टेशन की सुविधाओं एवं यात्रा से संबंधित अनुभवों पर फीडबैक प्राप्त किया। इसके अलावा यात्रियों को टिकट बुकिंग तथा अन्य रेल सेवाओं के लिए 'रेलवन' मोबाइल ऐप का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया इस ऐप के माध्यम से यात्री बुकिंग काउंटरों पर लंबी कतारों से बचते हुए अपने स्मार्टफोन के माध्यम से आसानी से विभिन्न रेल सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। मंडल रेल प्रबंधक ने बताया कि भागलपुर स्टेशन परिसर में एक स्थायी होल्डिंग एरिया के निर्माण हेतु एक संभावित स्थल का भी अवलोकन किया गया है, जिसे भविष्य में निर्माण करने की योजना है ताकि व्यस्त अवधि के दौरान यात्रियों की आवाजाही को और अधिक सुव्यवस्थित ढंग से प्रबंधित किया जा सके। वहीं अपनी रेल यात्रा के दौरान यात्रियों को सतर्क रहने तथा किसी भी संदिग्ध अथवा लावारिस वस्तु की सूचना तुरंत रेलवे सुरक्षा बल अथवा रेलवे कर्मचारियों को देने की सलाह दी गई है, ताकि सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि पूर्व रेलवे का मालदा मंडल विशेष रूप से त्योहारों एवं व्यस्त यात्रा अवधि के दौरान सुरक्षित, सुविधाजनक एवं यात्री-केंद्रित रेल सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके पहले श्री गुप्ता ने भागलपुर स्टेशन के विभिन्न हिस्सों तथा यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वयक) नीरज कुमार वर्मा, मंडल परिचालन प्रबंधक अमरेन्द्र कुमार मोर्य, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कार्तिक सिंह, मंडल सुरक्षा आयुक्त असीम कुमार कुल्लू सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख भी मौजूद थे।

## नियोक्ता हेतु 'सुविधा समागम' कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम के 75वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे विशेष पखवाड़ा के अंतर्गत दिनांक 05.03.2026 को क्षेत्रीय निदेशक कक्ष में नियोक्ताओं के साथ संवाद स्थापित करने तथा बीमित व्यक्तियों एवं नियोक्ताओं से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने के उद्देश्य से 'सुविधा समागम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय निदेशक निरंजन कुमार द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुकेश कुमार, संयुक्त निदेशक, राकेश रंजन तिवारी, उप निदेशक तथा सत्यजीत कुमार, सहायक निदेशक भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विभित्र प्रतिष्ठानों के नियोक्ताओं/प्रतिनिधियों ने भाग लिया और बीमित व्यक्तियों से संबंधित लाभों, सेवाओं तथा नियोक्ताओं के समक्ष आने वाली प्रक्रियात्मक एवं अनुपालन संबंधी समस्याओं से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न नियोक्ताओं के प्रतिनिधियों द्वारा नियोक्ताओं से संबंधित विभिन्न समस्याओं, बीमित व्यक्तियों से जुड़े मुद्दों में आ रही समस्याओं से अवगत कराया गया, जिन पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा विस्तृत चर्चा की गई एवं समुचित समाधान उपलब्ध कराया गया। अपने संबोधन में क्षेत्रीय निदेशक श्री निरंजन कुमार ने नियोक्ताओं द्वारा उठाए गए मुद्दों पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया तथा उन्हें नए बम संहिताओं के प्रमुख प्रावधानों से भी अवगत कराया। उन्होंने नियोक्ताओं से श्रम कानूनों के प्रभावी अनुपालन तथा बीमित व्यक्तियों को प्रदान की जाने वाली सामाजिक सुरक्षा सुविधाओं के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा नियोक्ताओं के प्रत्रों का समाधान किया गया तथा यह आश्वासन दिया गया कि प्राप्त सुझावों एवं समस्याओं पर आवश्यकतानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उक्त सुविधा समागम के माध्यम से इएसआईसी की योजनाओं एवं मेवाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु अपने अपने सुझाव दिए।

## पुलिस महकमा के स्वान दस्ते में 30 प्रशिक्षित स्वानों को किया गया शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पुलिस महकमा के डॉग स्कॉयड (स्वान दस्ता) को सुदृढ़ करने पर खासतौर से ध्यान दिया जा रहा है। हाल में खासतौर से प्रशिक्षित 30 स्वानों को शामिल किया गया है। इससे मौजूदा समय में स्वान की संख्या बढ़कर 96 हो गई है। इस स्वान दस्ते स्वानों के स्वीकृत पद की संख्या 200 है, जिसमें 96 प्रशिक्षित स्वान मौजूद हैं। आगामी वर्ष तक 50 नए स्वानों को इस दस्ते में जोड़ने की योजना है। इसके बाद स्वान दस्ता में इनकी संख्या बढ़कर 146 हो जाएगी। स्वान दस्ता सीआईडी के अधीन आता है। वर्तमान में विशेष रूप से प्रशिक्षित स्वानों को दरभंगा एवं पूर्णिया स्थित हवाईअड्डा के अलावा पटना मेट्रो स्टेशनों की सुरक्षा व्यवस्था में 2-2 की संख्या में तैनात किया गया है। इसके अलावा जिन सीमावर्ती जिलों में कैनेल (कुत्तों के रहने वाले विशेष स्थान) की व्यवस्था है, वहां भी 1-1 की संख्या में इन स्वानों की तैनाती कर दी गई है। साथ ही पटना में वीआईपी चेकिंग जैसे अतिमहत्वपूर्ण कार्यों के लिए 8 स्वान को अलग से रखा गया है। इन सभी स्वानों की तैनात अलग-अलग कार्यों में खासतौर से की गई है।

**अगले वर्ष तक 150 करने की योजना**

डॉग स्कॉयड में प्रशिक्षित स्वानों की संख्या को बढ़ाकर वर्ष 2027 तक 150 करने की योजना है। इसे लेकर सीआईडी के स्तर पर कवायद तेजी से चल रही है। इस वर्ष जून-जुलाई में 50 नए स्वान के खरीद की प्रक्रिया पूरी करके इन्हें हर तरह से प्रशिक्षित करने के लिए तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के पास मौजूद मोइनाबाद स्थित आईआईटीए (इंटीग्रेटेड इंटेलिजेंस ट्रेनिंग एकेडमी) में प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। करीब एक वर्ष का विशेष प्रशिक्षण इन्हें देने के बाद सभी स्वान को बिहार पुलिस के स्वान दस्ते में शामिल किया जाएगा।

## गन्ना किसान अब 19 मार्च तक अनुदान पर खरीद सकेंगे यंत्र

- गन्ना खेती को मिल रहा बढ़ावा डीबीटी माध्यम से मिल रहा अनुदान
- डिस्क हैरो, पावर वीडर, पावर टीलर, लैंड लेवलर आदि की खरीदारी पर दिया जा रहा अनुदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** गन्ना यंत्रीकरण योजना के तहत जारी परमिट की तिथि को विस्तारित करते हुए 19 मार्च कर दिया गया है। तीसरे और चौथे रैंडमाइजेशन के तहत चयनित गन्ना किसान अब बढ़ाई गई तिथि तक यंत्रों की खरीद कर सकते हैं। पहले यह तिथि 3 मार्च तक ही निर्धारित की गई थी। यंत्र खरीदने के बाद गन्ना किसानों को डीबीटी के माध्यम से अनुदान की राशि भुगतान की जायेगी। विदित हो कि बिहार में गन्ना की खेती को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार के आदेश पर गन्ना उद्योग विभाग ने कई योजनाएं शुरू की है, जिसमें गन्ना यंत्रीकरण योजना भी शामिल है। इस योजना के माध्यम से विभाग गन्ना किसानों को यंत्र खरीदने के लिए 50 से 60 फीसदी तक अनुदान देता है। ताकि गन्ना किसान खेत की तैयारी से लेकर फसल की कटाई में उपयोग होने वाले यंत्रों की खरीद कर सकें। बताया जाता है कि गन्ना उद्योग विभाग ने इस योजना में तीसरे और चौथे रैंडमाइजेशन के तहत चयनित 324 गन्ना किसानों को यंत्र खरीदने के लिए परमिट जारी किया है। उस परमिट पर 3 मार्च तक यंत्र खरीदने के लिए तिथि निर्धारित की गई थी। इसके बाद विभाग ने योजना के वित्तीय लक्ष्य प्राप्त करने के साथ ही यंत्रों की खरीद में तेजी लाने के उद्देश्य से तिथि में विस्तार किया गया है, ताकि गन्ना किसान विभाग से मिले परमिट पर यंत्रों की खरीद कर सकें।

**यंत्र खरीदने के लिए मिल रहा 50-60 प्रतिशत अनुदान**

गन्ना किसानों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा है कि स्वीकृति पत्र प्राप्त चयनित किसान सुमेक पोर्टल (https://sugarcane-mech.bihar.gov.in) पर सूचीबद्ध विक्रेताओं को पूर्ण देय राशि का भुगतान कर यंत्र खरीद सकते हैं। यंत्र का सत्यापन पूर्ण होने के बाद अनुदान राशि का भुगतान प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से संबंधित किसान के बैंक खाते में किया जायेगा। बता दें कि गन्ना उद्योग विभाग के माध्यम से यंत्रीकरण योजना के तहत खेत की तैयारी से लेकर गन्ने की कटाई में प्रयोग होने वाले डिस्क हैरो, पावर वीडर, पावर टीलर, लैंड लेवलर, लेजर लेवलर, रैटून मैनेजमेंट डिवाइस, रोटावेटर, मिनी ट्रैक्टर (4डब्लूडी), ट्रैक्टर माउंटेड हाइड्रॉलिक स्प्रेयर, शुगरकेन कटर प्लांटर एवं हाइड्रॉलिक डिस्क हैरो आदि यंत्रों की खरीद पर 50 से 60 फीसदी का अनुदान दिया जाता है, ताकि किसान अनुदानित दर पर इन आधुनिक यंत्रों की खरीद कर गन्ने की खेती बेहतर तरीके से कर सकें।

# हर्षोल्लास के साथ होली संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**चेनारी।** प्रखंड क्षेत्र में रंगों का त्योहार होली परंपरागत तरीके से एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। प्रखंड के विभिन्न गांवों के चौक-चौराहों पर पारंपरिक होली गीतों का आयोजन किया गया। सुबह से ही लोग कीचड़ युक्त होली खेलते नजर आए, वहीं शाम होते ही झाल, मंजीरा और ढोल की धुन पर रंग और गुलाल उड़ने लगे। लोगों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर गले मिलते हुए होली की बधाई दी तथा मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर घरों में महिलाओं ने तरह-तरह के पकवान भी बनाए। प्रखंड क्षेत्र के चेनारी, हाटा, सदोखर, कटरा मल्हीपुर, लांजी, तेलारी, रेडिया, खुरमाबाद, बैरिया, किनरचोला सहित कई गांवों में होली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। कई स्थानों पर पारंपरिक होली गीतों का भी आयोजन किया गया। थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में होली का पर्व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। हालांकि कहीं-कहीं से छिटपुट मारपीट की घटनाएं सामने आईं, लेकिन स्थिति पर तुरंत नियंत्रण पा लिया गया और कहीं कोई बड़ी घटना नहीं हुई।

# सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत, होली विवाद में एक दर्जन से अधिक घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी (रोहतास)।** प्रखंड क्षेत्र में होली के दौरान दो अलग-अलग घटनाओं ने इलाके को झकझोर दिया। एक ओर सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई, वहीं होली के दौरान हुए आपसी विवाद में एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। इनमें चार घायलों की हालत चिंताजनक बताई जा रही है।


प्राप्त जानकारी के अनुसार चेनारी थाना क्षेत्र के सदोखर गांव निवासी सुरेंद्र राम के 35 वर्षीय पुत्र टुनटुन राम तथा मल्हीपुर गांव निवासी भानु राय के 35 वर्षीय पुत्र रमेश राय की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। बताया जाता है कि दोनों को गंभीर अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चेनारी लाया गया था, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया।

इधर, होली पर्व के दौरान प्रखंड के विभिन्न गांवों में हुए आपसी विवाद और मारपीट की घटनाओं में कई लोग घायल हो गए। घायलों में लोधी गांव निवासी दुखन पासवान की 10 वर्षीय पुत्री रेणु कुमारी, उमाशंकर तिवारी की 42 वर्षीय पत्नी संगीता देवी, स्वर्गीय शोभा तिवारी के 45 वर्षीय पुत्र विनोद तिवारी, मल्हीपुर निवासी नथुनी चौधरी के 21 वर्षीय पुत्र छोटू कुमार, परमेश्वर पासी के 19 वर्षीय पुत्र विकास कुमार, नथुनी पासी के 18 वर्षीय पुत्र राजू कुमार, विनोद शाह के 21 वर्षीय पुत्र मुकेश कुमार, बबलू कुमार, शिवम कुमार, चेनारी निवासी राजकुमार गुप्ता के 35 वर्षीय पुत्र सुंदरम गुप्ता, लांजी गांव निवासी सरदार पासवान के 31 वर्षीय पुत्र ओमप्रकाश पासवान, चंदेश्वर पासवान के 29 वर्षीय पुत्र अमरेंद्र पासवान, नगर पंचायत चेनारी निवासी लोकेंद्र वर्मा, महेंद्र सेठ, अयोध्या सेठ, संजय कुमार, पकड़िया गांव निवासी ओमप्रकाश राम, राजेंद्र राम तथा ओमप्रकाश राम की 28 वर्षीय पत्नी उर्मिला देवी शामिल हैं।

सभी घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चेनारी में कराया गया। चिकित्सक डॉ. इमरान ने बताया कि घायलों में से पांच की स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल सासाराम रेफर किया गया है। इस संबंध में चेनारी थाना अध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि होली के दौरान क्षेत्र में कुछ छिटपुट घटनाओं को छोड़कर कोई बड़ी अप्रिय घटना नहीं हुई। पुलिस लगातार चौक-चौराहों और ग्रामीण इलाकों में गश्ती कर रही थी। उन्होंने कहा कि यदि घायलों के परिजनों की ओर से आवेदन मिलता है तो प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# वृद्ध का शव बरामद हत्या की आशंका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**नोखा (रोहतास)।** थाना क्षेत्र के पेनार गांव स्थित पोखर के पास गुरुवार को एक वृद्ध का शव बरामद किया गया। शव से दुर्गंध आने के कारण किसानों की नजर उस पर पड़ी, जो गेहूं की पटवन करने पहुंचे थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया। मृतक की पहचान हथिनी टोला निवासी करीब 65 वर्षीय नथुन राम के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार वे रविवार की शाम घर से पैर के इलाज के लिए निकले थे और उसी रास्ते से चर्च जाया करते थे। उनके पास एक झोला था, जिसमें कुछ पैसे और सामान था, लेकिन आधार कार्ड और मोबाइल नहीं मिला। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है और शव लगभग तीन–चार दिन पुराना बताया जा रहा है। नोखा थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच के लिए वैज्ञानिक टीम को बुलाया गया है।

# हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ होली का पर्व

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**डिहरी ऑन सोन।** रंगों का पावन पर्व होली बुधवार को डिहरी शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह, उमंग और आपसी भाईचारे के वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही गलियों, मोहल्लों और सड़कों पर रंग और गुलाल की बौछारें देखने को मिलीं। बच्चों से लेकर युवाओं और बुजुर्गों तक हर कोई रंगों की मस्ती में सराबोर नजर आया। लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दी और सौहार्द व प्रेम का संदेश दिया।दिन भर शहर रंगों की फुहार में डूबा रहा। गली-मोहल्लों में युवाओं की टोलियां होली गीतों पर झूमती रहीं, जबकि कई स्थानों पर पारंपरिक फगुआ गीतों की गूंज ने माहौल को और भी उल्लासमय बना दिया। शाम होते ही विभिन्न संगठनों और सामाजिक समूहों द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने गले मिलकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ भी शहरवासियों ने होली की खुशियां साझा कीं। पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार और एसडीएम नीलेश कुमार सहित पुलिस निरीक्षक सह डिहरी नगर थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार को पुलिसकर्मियों, अधिवक्ताओं और नागरिकों ने अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। वहीं, स्थानीय विधायक राजीव रंजन उर्फ सोनू सिंह ने इंजीनियर ललन सिंह स्पोर्टिंग क्लब तथा अपने आवास पर भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में विजय पासवान सहित एनडीए कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में आम लोगों ने भाग लिया। भोजपुरी फगुआ गीतों की मधुर धुन पर सभी ने झूमकर पर्व का आनंद उठाया। उधर, बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन की डिहरी-डालमियानगर शाखा की ओर से अग्रसेन भवन परिसर में भी रंगारंग होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। वृंदावन से आए कलाकारों ने श्रीकृष्ण और राधा की मनमोहक प्रस्तुति से वातावरण को भक्तिमय और आनंदमय बना दिया। समाज के लोगों ने फूलों और अबीर-गुलाल के साथ होली खेली तथा सामूहिक भोजन का आनंद लिया। इस अवसर पर अशोक सरावगी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और समाज के सदस्य मौजूद रहे।

कुल मिलाकर, रंगों और खुशियों के इस पर्व ने डेहरी में सामाजिक एकता, प्रेम और सौहार्द की एक सुंदर मिसाल पेश की। होली का यह उत्सव लोगों के दिलों में आपसी सद्भाव और भाईचारे की नई मिठास घोल गया।

## बिजली के करंट से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** संझौली प्रखंड में गेहूं की सिंचाई के दौरान बिजली के करंट की चपेट में आने से एक किशोर की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को करीब 17 वर्षीय युवक खेत में गेहूं की पटवन करने गया था। इसी दौरान वह जमीन पर गिरे बिजली के तार की चपेट में आ गया, जिससे उसे जोरदार करंट लग गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए अनुमंडलीय अस्पताल बिक्रमगंज रेफर कर दिया गया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

# होली मिलन समारोहों में जुटे जनप्रतिनिधि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र में रंगों का पर्व होली पारंपरिक उत्साह और आपसी सौहार्द के साथ धूमधाम से मनाया गया। आम नागरिकों के साथ-साथ कई राजनीतिक एवं सामाजिक हस्तियों ने भी विभिन्न स्थानों पर आयोजित होली मिलन समारोहों में भाग लेकर लोगों को अबीर-गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं।

होलिका दहन के पारंपरिक अनुष्ठान के साथ ही होली का उत्सव शुरू हुआ, जिसके बाद पूरे क्षेत्र में रंग और गुलाल की बौछार देखने को मिली। कई स्थानों पर युवाओं ने पानी और कीचड़ के साथ भी पारंपरिक अंदाज में होली का आनंद लिया। पर्व को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क रहा। अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात कुमार और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिंधु शेखर के नेतृत्व में दंडाधिकारियों की तैनाती और पुलिस बल की व्यवस्था की गई, जिससे अधिकांश क्षेत्रों में होली शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। इस अवसर पर काराकाट विधानसभा क्षेत्र में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह सिनेट सदस्य मनीष रंजन द्वारा वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय परिसर में भव्य होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। वहीं दिनारा विधानसभा क्षेत्र में विधायक आलोक सिंह ने सूर्यपूरा और दिनारा में होली मिलन समारोह आयोजित कर कार्यकर्ताओं और आम लोगों के साथ अबीर-गुलाल लगाकर पर्व की खुशियां साझा कीं। खैरा भूधर में वरिष्ठ नेत्री किरण प्रभाकर ने भी होली मिलन कार्यक्रम में भाग लेकर क्षेत्रवासियों के साथ रंगों का आनंद उठाया, जबकि खनिता गांव में मुखिया मुरलीधर दुबे के नेतृत्व में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। दूसरी ओर दावथ, सूर्यपूरा, नटवार, संझौली, काराकाट और नासरीगंज प्रखंडों के ग्रामीण इलाकों में परंपरागत फगुआ गीतों की धूम रही।

# मंदिर भूमि विवाद में हिंसक झड़प, हथियार लहराने व मारपीट के आरोप में तीन प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला (रोहतास)।** दरिहट थाना क्षेत्र के बलभद्रपुर गांव में मंदिर की जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच तनाव उस समय हिंसक रूप ले लिया, जब होली के दिन कथित तौर पर हथियार लहराते हुए लोगों ने मारपीट और हंगामा किया। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की है और कई लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, डिहरी अंचल अधिकारी अभिनाश कुमार ने इस घटना को लेकर दरिहट थाना में आवेदन दिया है। उन्होंने बताया कि बलभद्रपुर गांव में मंदिर की जमीन को लेकर पहले से विवाद चल रहा था। इसी बीच मारपीट और हथियार लहराने की सूचना मिली। प्रशासन ने इस मामले में विधि-व्यवस्था भंग करने, मारपीट करने और हथियार प्रदर्शन के आरोप में कुल 13 लोगों को नामजद किया है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान दो लाइसेंसी हथियार, एक एयर गन और 29 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। इसके अलावा घटनास्थल से चार चारपहिया वाहनों को भी जब्त किया गया है।

इसी विवाद को लेकर गिरजाधारी पासवान ने भी थाना में आवेदन दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि होली के अवसर पर उनके घर मेहमान आए थे और वे उन्हें चाय-नाश्ता करा रहे थे। इसी दौरान लगभग 11 लोगों ने आकर उनके साथ मारपीट की।

वहीं दूसरे पक्ष से कामेश्वर सिंह ने आरोप लगाया कि काली मां मंदिर परिसर में होली के भजन की तैयारी चल रही थी। तभी चार गाड़ियों पर सवार होकर करीब 20-25 अज्ञात लोग हथियारों से लैस होकर पहुंचे और वहां गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। दरिहट थाना अध्यक्ष रवि रंजन प्रियदर्शी ने बताया कि घटना के संबंध में तीनों पक्षों की ओर से कांड संख्या 27/26, 28/26 और 29/26 दर्ज की गई है। साथ ही दोनों पक्षों के कुल 24 लोगों के विरुद्ध धारा 126/170 के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। हालांकि घटना के बाद गांव में फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और पुलिस की निगरानी में माहौल शांतिपूर्ण बताया जा रहा है। प्रशासन ने लोगों से संयम बनाए रखने और अफवाहों से दूर रहने की अपील की है।


**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no.2192 of 2018 in WP (C) no. 536 of 2011)

Name of Political Party: - Bharatiya Janata Party

*Name of the Election: - Biennial Elections to the Council of States to fill the seat of members retiring in April 2026.

Name of State/UT: - Bihar

Name of the Constituency:- For Biennial Election to the Rajya Sabha from Bihar for 2026.

Name of the Candidate:- Sri Nitin Nabin

| Sl.No | | Criminal Antecedents | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | a | Nature of the Offences | U/S 143, 341, 188, 431, 290 IPC | U/S 188, 147, 149, 323, 324, 337, 338 & 353 IPC | U/S 147, 149, 188, 291, 342, 504 IPC | U/S 147, 341, 323, 504, 353 IPC | U/S 188 IPC & BPDP Act,1987 |
| | b | Case no. | Kotwali, Patna PS Case no. 469/15 | Kotwali PS Case no. 516/2023 | Kotwali PS Case No. 1133/19 | S.K. Puri, Patna PS Case no. 303/13 | Secretariate PS Case no. 56/14 |
| | c | Name of the Court | Special Court, Patna | CJM, Patna | CJM, Patna | सब जज–4, पटना ACJM , Patna | श्रीमती माधुरी सिंह J.M. First Class, Patna |
| | d | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | No | No | No | No | No |
| | e | Date of conviction, if any | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| | f | Details of punishment undergone, if any | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| | g | Any other information required to be given | Nothing | Nothing | Nothing | Nothing | Nothing |
| 2. | | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | He is National President of the party and also a well-known social worker and a prominent political leader of our country , having very good reputation in the society and in our nation,Sitting MLA from Bihar and has been tirelessly working for betterment of the people of Bihar as well as whole of the country. | | | | |
| 3. | | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words) | The cases against him are trivial in nature . In view of his selfless work for the society, the party has preferred him as its candidate. | | | | |

Kumar Sachin
Co-convenor Election Management Department, BJP, Bihar
(Signature of office bearer of the Political Parts)


# आरपीएफ की सतर्कता से विक्षिप्त युवक सकुशल परिवार से मिला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन सोन।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की सूझबूझ और तत्परता से एक मानसिक रूप से अस्वस्थ युवक को सुरक्षित उसके परिजनों के हवाले कर दिया गया। इस सराहनीय कार्य से एक परिवार को बड़ी राहत मिली।आरपीएफ पोस्ट निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक शोभनाथ राम एवं आरक्षी आलोक कुमार अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या-2 पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान गाड़ी संख्या 12817 अप से उतरते एक युवक पर उनकी नजर पड़ी, जिसकी गतिविधियां असामान्य प्रतीत हो रही थीं। पूछताछ में युवक ने अपना नाम सत्यम कुमार (उम्र लगभग 21 वर्ष), पिता रामबरन पासी, ग्राम साउथ बलिहारी, थाना भागा बांध, जिला धनबाद (झारखंड) बताया। आरपीएफ कर्मियों को उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने का आभास हुआ। युवक के पास मौजूद मोबाइल फोन के आधार पर उसके पिता रामबरन पासी का संपर्क नंबर प्राप्त कर उनसे बात की गई। बातचीत में उन्होंने बताया कि सत्यम उनका पुत्र है, जिसकी मानसिक स्थिति पढ़ाई के दौरान बिगड़ गई थी और उसका इलाज चल रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि 3 मार्च को वह घर से निकलकर कहीं चला गया था और उसकी तलाश की जा रही थी।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/26/13, दिनांक 02.03.2026;** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित मदों की आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक एवं निविदा सं., विवरण, ईएमडी** क्रमशः निम्नलिखित हैं: **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 23.03.2026 को अपराह्न 1.30 बजेः (1) 20265008;** 25 केवी एसी एमईएमयू ट्रांसफॉर्मर 1050 केवीए के साथ एचवी टरेट तथा सम्पूर्ण सहायक उपकरण; रु. 2,52,520/-। **(2) 11251146ए;** बॉल ज्वाइंट रोल लिंक; रु. 3,56,110/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 19.03.2026 को अपराह्न 1.30 बजेः (3) 20251073;** अप्लीकेशन मैग्नेट वॉल्व एवं होल्डिंग मैग्नेट वॉल्व के सेट इत्यादि की खरीददारी; रु. 2,82,240/-। **(4) 20263031;** अर्मेचर पावर एवं इक्वलायजर क्वायलों का सेट; रु. 6,79,680/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 30.03.2026 को अपराह्न 1.30 बजेः (5) 10251181;** डब्ल्यूएजी9/ डब्ल्यूएपी7 के लिए सस्पेशन ट्यूब; रु. 10,20,520/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 23.03.2026 को अपराह्न 1.30 बजेः (6) 10252520ए;** मैसर्स ट्राइडेंट के पुर्जों का आईओएच किट; रु. 2,37,250/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 25.03.2026 को अपराह्न 1.30 बजेः (7) 11265007;** एलएचबी नॉन एसी इत्यादि के लिए आईओटी आधारित जल स्तर संसूचक प्रणाली की आपूर्ति, स्थापना एवं चालू करना; रु. 8,04,600/-। **(8) 11265004;** अंडरस्लंग वाटर टैंक इत्यादि के लिए आईओटी आधारित हाइड्रोस्टेटिक प्रेशर वाटर लेवल सेंसर की आपूर्ति, स्थापना एवं चालू करना; रु. 3,43,300/-। **(9) 10261596;** बैटरी बॉक्स का सेट; रु. 4,30,700/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 30.03.2026 को अपराह्न 1.30 बजेः (10) 10252429ए;** सिलिंड्रिकल रोलर यूनिट सीआरयू-150; रु. 5,10,370/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 23.03.2026 को अपराह्न 1.30 बजेः (11) 04265003;** (1) कांस्टेंट मोटर ए2एफएम180/ 61डब्ल्यू-पीएबी 020, निर्माताः बॉश रेक्सरोथ। (2) कांस्टेंट मोटर ए2एफएम 90/61डब्ल्यू-पीएबी 020, निर्माताः बॉश रेक्सरोथ; रु. 1,35,790/-। **(12) 04265002;** (1) एयर स्टॉप कॉक एचके4-टीआर 1/81634 अथवा एचके4-टीआर1.2.411/1, निर्माता-नॉर ब्रेम्से (2) स्टॉप कॉक आर1/2"।/ 25253, निर्माता - नॉर ब्रेम्से; रु. 1,36,570/-। **(13) 04265001;** कंट्रोल वॉल्व केई1ए/3.8एसएल 1/76557 निर्माता-नॉर ब्रेम्से; रु. 2,34,910/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 30.03.2026 को अपराह्न 1.30 बजेः (14) 10262458;** कैब एक्टिवेटिंक की; रु. 1,08,290/-। **(15) 10262295;** इलेक्ट्रॉन बीम सिंगल कोर केबल इत्यादि; रु. 1,71,450/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 05.03.2026 को अपराह्न 1.30 बजेः (16) एसपीएससीएलपीएससीस्लीपर26-28;** स्पेशल टाइप पीएससी स्लीपरों की खरीददारी; रु. 20,00,000/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 13.03.2026 को अपराह्न 1.30 बजेः (17) एचवीएन _टी-8992_2026;** ड्राइंग सं. आरटी-8992 के अनुसार एचवीएन लाइनरों की खरीददारी के लिए चालू संविदा; रु. 6,54,900/-। **निविदा लागत**: 0 (सभी के लिए)। **टिप्पणीः** उपरोक्त उल्लेखित सभी निविदाएँ ई-निविदा हैं तथा सभी निविदादाताओं से अपनी बोलियां आईआरईपीएस की वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** के जरिए ऑन-लाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ऊपर उल्लेखित निविदाओं तथा अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में एवं अधिक विवरण के लिए कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें।

(STORES-73/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**


## एक नजर

### गांधीनगर से बाइक चोरी

**डिहरी ऑन सोन।** नगर थाना क्षेत्र के गांधीनगर मोहल्ले से अज्ञात चोरों ने एक बाइक चोरी कर ली। इस संबंध में बाइक मालिक रामंजय कुमार ने थाना में आवेदन देकर अपनी बाइक (नंबर बीआर 02 एएच 3679) चोरी होने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आसपास के क्षेत्रों में छानबीन की जा रही है।

### नाबालिग छात्रा लापता

**डिहरी ऑन सोन।** नगर थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले से 16 वर्षीय मैट्रिक की छात्रा के लापता होने का मामला सामने आया है। छात्रा अपने नाना के घर रहकर पढ़ाई कर रही थी। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और छात्रा की तलाश में छानबीन की जा रही है। दस दिनों से लापता युवक का सुराग नहीं डेहरी ऑन सोन (रोहतास)। नगर थाना क्षेत्र के निरंजन बिगहा से लापता 27 वर्षीय युवक उदित नारायण का दस दिन बाद भी कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पुलिस के अनुसार युवक अमझोर थाना क्षेत्र के सूपा सराय गांव का रहने वाला है और अपने रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने आया था। बताया जाता है कि 23 फरवरी को किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद वह अचानक लापता हो गया। परिजनों के अनुसार उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। पुलिस युवक की तलाश में जुटी है।

### भूमि विवाद में मारपीट, एक घायल

**डिहरी ऑन सोन।** डेहरी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दहाउर गांव में भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट में 55 वर्षीय कमलापति पाल गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना सामुदायिक भवन के पास की बताई जा रही है। घायल को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस मामले में अमन कुमार, जयकुमार और मनोज कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सड़क हादसे में पलंबर की मौत

**आरा।** आरा-पटना फोरलेन पर कोईलवर थाना क्षेत्र के कुल्हड़िया टोल प्लाजा और मनभावन मोड़ के बीच एक गाड़ी ने घर वापस लौट रहे पलंबर मिस्त्री को रौंद दिया। हादसे में उसकी मौत हो गई। इलाज के लिए कोईलवर पीएचसी लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। मृतक कोईलवर थाना क्षेत्र के कुल्हड़िया गांव निवासी नारायण राय उर्फ शिव नारायण राय का 19 साल का बेटा कुंदन कुमार है।

# मुखिया प्रतिनिधि के घर फायरिंग, हथियार व कारतूस के साथ चार गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** एकंगरसराय के अमनारखास पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि के घर पर फायरिंग की सूचना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से अवैध हथियार, कारतूस, मोबाइल फोन समेत दो वाहन भी बरामद किए गए हैं। जानकारी के अनुसार बुधवार की की देर शाम अमनारखास पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि विद्यानंद प्रसाद ने एकंगरसराय थानाध्यक्ष को सूचना दी कि पूर्व के विवाद को लेकर कुछ बाहरी लोग उनके घर पर आकर फायरिंग कर रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष ने तुरंत गश्ती दल को मौके पर भेजा। गश्ती दल के पहुंचते ही घटना को अंजाम देने आए लोगों में से दो आरोपियों दिनानाथ यादव (43 वर्ष) और चंदन यादव (38 वर्ष), दोनों निवासी अलीपुर थाना सालिमपुर जिला पटना, को अवैध आग्नेयास्त्र और कारतूस के साथ पकड़ लिया गया। पूछताछ और उनकी स्वीकारोक्ति के आधार पर दो अन्य आरोपी संतोष कुमार (38 वर्ष) निवासी भदरूडीह थाना नगरनौसा जिला नालंदा और अजीत कुमार (19 वर्ष) निवासी सैरापर थाना चंडी जिला नालंदा को भी एक पिकअप और स्कॉर्पियो वाहन के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ अवैध आग्नेयास्त्र और कारतूस रखने तथा अपराध में सहयोग करने के आरोप में एकंगरसराय थाना में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त दिनानाथ यादव के खिलाफ पूर्व में हत्या और शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज है, जबकि अन्य आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है। इस कार्रवाई में पुनि अमरेन्द्र कुमार (एकंगरसराय अंचल), पुअनि सह थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार झा, पुअनि बंजेश कुमार चौधरी, पुअनि मोहन पासवान सहित एकंगरसराय थाना के रिजर्व गार्ड और चालक शामिल थे।

## फिजिकल एकेडमी योद्धा क्लब का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बनियापुर।** प्रखंड के बेदौली गांव में फिजिकल एकेडमी योद्धा क्लब का उद्घाटन समारोह पूर्वक सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि दाउदपुर के युवा मुखिया अभिषेक सिंह सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद सिंह, एसआई रामबाबू ने फीता काटकर उद्घाटन समारोह का आगाज किया। क्लब के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते संस्थापक प्रसिद्ध लोकगायक व सीआरपी जवान लक्ष्मण योद्धा ने कहा कि अपने क्षेत्र के नौजवानों के लिए निःशुल्क फिजिकल एकेडमी चलाना है। यह कार्य स्थानीय युवकों के सहयोग से चलेगा। आगे चलकर इसी क्रम में लाइब्रेरी और पढ़ाई के लिए समुचित व्यवस्था करने का प्रयास है, जो पूर्ण रूप से निःशुल्क रहेगा। मौके पर संस्कृति कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से लोकगायक लक्ष्मण योद्धा, रामेश्वर गोप, ज्ञानी गौतम, अमित सिंह, शैलेश राज, राहुल यादव, ने शिरकत की। मौके पर मिथिलेश प्रसाद स्टेशन मास्टर, शेषनाथ सिंह लोको पायलट, प्रसाद, राकेश राय सीआई आदि उपस्थित रहे।

# फेस से हाजिरी बनाने में छूट रहे पसीने, मजदूर कार्यस्थल से बेरंग लौट रहे

**वीबी जी राम जी योजना एवं मजदूरों के भविष्य पर खड़ा हुआ प्रश्नवाचक चिन्ह**



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** मनरेगा के बदले स्वरूप वीबीजी रामजी (विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन-ग्रामीण) के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में फर्जी हाजिरी पर रोक लगाने के लिए राज्यभर में फेस ऑथेंटिकेशन प्रणाली लागू कर दी गई है। अब पंजीकृत श्रमिकों की उपस्थिति कार्यस्थल पर फेस रीडिंग के माध्यम से दर्ज की जा रही है,जिससे केवल वास्तविक और मौके पर मौजूद मजदूरों की ही हाजिरी लग सकेगी। रोजगार सेवक अब फेस रीडिंग से हाजिरी लगा रहे हैं। परन्तु सिस्टम में तकनीकी चुनौतियाँ भी सामने आ रही हैं। तकनीकी खामियों के चलते मजदूर भूखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं। मजदूरों का कहना है कि विभागीय सॉफ्टवेयर से जो हाजिरी बनती है,उसमें आधा घण्टा से अधिक समय लग रहा है। बावजूद दस मजदूरों में एक से दो व्यक्ति का हाजिरी बनता है। जिससे वे लोग रोजगार और मजदूरी से वंचित हो रहे हैं। जिससे मजदूरों के साथ साथ मनरेगा के भविष्य पर भी प्रश्नवाचक चिन्ह खड़ा हो गया है। सरकार के इस नए सिस्टम से मजदूरों में काफी रोष देखा जा रहा है। खड़सारी पंचायत के मजदूर महादेव मांझी,देवकी राम,नन्दकिशोर राम,बालचन्द मांझी आदि ने बताया कि बेलोग दिहाड़ी मजदूर हैं। प्रत्येक दिन कमाकर परिवार का गुजर बसर करना होता है। मनरेगा के तहत उनलोगों को पहले काम मिलता था। लेकिन सरकार के इस नए नियम से उनलोगों को काम मिलने पर आफत हो गया है। जिससे पेट पालना मुश्किल लग रहा है। बता दें कि गांवों के विकास की तस्वीर बदलने के साथ साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत करने के उद्देश्य से मनरेगा अब वीबी जी राम जी योजना के तहत मजदूरों की आर्थिक स्थिति सुधारने हेतु कई बदलाव लाये गए हैं। इसी कड़ी में पंचायत रोजगार सेवक द्वारा कार्य स्थल पर ही टैब के माध्यम से मजदूरों के चेहरे की पहचान कर उनकी हाजिरी बनाने का काम किया जाना है।

# कौआकोल में लोगों ने परम्परागत ढंग से खेली होली



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कौआकोल।** कौआकोल मुख्यालय बाजार सहित ग्रामीण इलाकों में रंगों का त्योहार होली पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हो गया। ग्रामीणों ने पारंपरिक ढंग से हर्षोल्लास के साथ होली मनाई, जिसमें ढोल-नगाड़ों की थाप, फाग गीतों, गुलाल और प्राकृतिक रंगों का प्रमुखता से उपयोग किया। गांवों में लोगों ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाने के बाद गले लगाकर प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। गांव की हर गली में लोग एक-दूसरे को रंग लगाते और गुलाल उड़ाते दिखे। बच्चों में होली को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। कई बच्चों के चेहरों पर पक्के रंग लगे होने के कारण उन्हें पहचानना मुश्किल हो रहा था। बच्चे रंग-बिरंगी टोपियां और डरावने मुखौटे पहने हुए थे। लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर होली की बधाई दी और गुलाल लगाया। यह प्राचीन परंपरा काफी समय से चली आ रही है। कुछ स्थानों पर लोगों ने होली गीत का गान बजान कर खूब डांस किया और रंगों का पूरा आनंद लिया। छोटे बच्चे पिचकारियों से एक-दूसरे पर रंग डालते और छतों से पानी भरे गुब्बारे फेंकते दिखाई दिए। बच्चों ने एक-दूसरे के घर जाकर गुजियों का भी स्वाद लिया। इस बार चंद्र ग्रहण के कारण होली का दिन एक दिन आगे बढ़ा दिया गया था,जिससे सभी लोग एक साथ मिलकर त्योहार का आनंद ले सके। चारों ओर गुलाल उड़ता दिखाई दिया और रंगों से सजे चेहरों के कारण एक-दूसरे की पहचानना काफी मुश्किल हो रहा था। सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से किसान की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** दीपनगर थाना क्षेत्र के गंगा विगहा गांव निवासी किसान प्रमोद प्रसाद (50) की सड़क हादसे में मौत हो गई। यह घटना एनएच-20 बख्तियारपुर-रजौली फोरलेन पर गंगा विगहा मोड़ के पास हुई। सड़क पार करने के दौरान एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों के अनुसार प्रमोद प्रसाद बुधवार की दोपहर सब्जी बेचकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान फोरलेन सड़क पार करते समय तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें रौंद दिया। आसपास के लोगों की मदद से गंभीर हालत में उन्हें पावापुरी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान गुरुवार की सुबह उनकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में ट्रैफिक थानाध्यक्ष सुशील कुमार राहुल ने बताया कि सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत की सूचना मिली है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। अज्ञात वाहन की पहचान की जा रही है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# महिलाओं को कानूनी जानकारी देने हेतु डोर-टू-डोर अभियान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में 4 मार्च 2026 से 8 मार्च 2026 तक अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को कानूनी जानकारी प्रदान करने के लिए पैनल अधिवक्ताओं एवं पारा विधिक स्वयंसेवकों द्वारा डोर-टू-डोर अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकारों एवं विभिन्न कानूनों के बारे में जानकारी प्रदान की जा रही है, ताकि उन्हें सशक्त बनाया जा सके।

साथ ही 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा द्वारा प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है तथा राष्ट्रीय लोक अदालत से संबंधित पम्पलेट भी लोगों के बीच वितरित किए जा रहे हैं, ताकि लोग जागरूक होकर अपने-अपने वादों का निष्पादन करा सकें।

इस अभियान को सफल बनाने के लिए 5 मार्च 2026 को कौआकोल प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में घर-घर जाकर पारा विधिक स्वयंसेवक रामानुज कुमार द्वारा महिलाओं को कानूनी जानकारी से संबंधित प्रचार-प्रसार किया गया तथा विधिक सेवा से संबंधित पम्पलेट का वितरण किया गया।

साथ ही सभी पैनल अधिवक्ताओं एवं पारा विधिक स्वयंसेवकों से अनुरोध किया गया कि वे अपने-अपने पंचायतों में घर-घर जाकर "प्राधिकार आपके द्वार" कार्यक्रम के तहत महिलाओं को जागरूक करें, उन्हें विधिक सहायता प्रदान करें तथा विभिन्न कानूनों की जानकारी दें।

# अनजानों संग अपनों वाली आत्मीय हैप्पी होली



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** स्थानीय जैन परिवार के साथ ही तीर्थयात्रा के लिए बिहार के विभिन्न जैन धर्मस्थलों के दर्शन-वंदन के लिए निकले उत्तर प्रदेश व हरियाणा के तीर्थयात्रियों के लिए इस बार नवादा में रंगोत्सव का महापर्व होली बहुत खास रहा। दरअसल चूड़ी नगरी फिरोजाबाद, कानपुर व आगरा (उत्तर प्रदेश) के साथ ही गुड़गांव (हरियाणा) के जैन तीर्थयात्री झारखंड व बिहार के विभिन्न जैन धर्मस्थलों के दर्शन-वंदन के लिए भ्रमण पर थे। रंगोत्सव के महापर्व होली के दिन ये तीर्थयात्री श्री सम्मेदशिखर जी (गिरिडीह), मंदारगिरी (बांका), चंपापुर (भागलपुर) व मलयपुर (जमुई) की तीर्थयात्रा करते गत बुधवार को भगवान महावीर के प्रथम शिष्य श्री गौतम गणधर स्वामी की निर्वाण व कैवल्य ज्ञान स्थली नवादा जिला मुख्यालय स्थित श्री गोणावां जी दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र पर पहुंचे थे। कैवल्य ज्ञान स्थली जैन जल मंदिर से सिद्ध क्षेत्र जाने के क्रम में रास्ते में अपने आवास पर नवादा जैन समाज के प्रतिनिधि-सह-भगवान महावीर प्रथम साधना स्थली के महामंत्री पत्रकार दीपक जैन ने सभी तीर्थयात्रियों को आमंत्रित किया। सहर्ष आमंत्रण स्वीकारने पर दीपक जैन व उनके परिवार ने पूरे आत्मीय आतिथ्य भाव के साथ सभी तीर्थयात्रियों को गुलाल लगाया एवं हैप्पी होली बोल एक-दूसरे में उमंगों का संचार करते हुए रंगोत्सव के इस महापर्व होली को स्पेशल बना अनजानों के बीच असीम आत्मीय अपनेपन का अहसास कराया। जहां अनजानों संग स्थानीय जैन परिवार के आत्मीय आतिथ्य व स्नेह भाव को पा सभी अतिथि तीर्थयात्री गदगद हुए, वहीं आत्मीय आतिथ्य का अवसर देने के लिए दीपक जैन, लक्ष्मी जैन, सुषमा जैन, श्रुति जैन व श्रेया जैन ने सभी अतिथि तीर्थयात्रियों के प्रति आभार प्रकट किया। इन जैन तीर्थयात्रियों के समूह में जिनेंद्र जैन सीमा जैन, विपुल जैन, योगेंद्र प्रकाश जैन, संगीता जैन, जितेंद्र जैन, सीमा जैन, श्रुति जैन, अनुराग जैन (कानपुर) व भावना जैन सहित कई अन्य शामिल थे।

## बेलागंज–चाकंद में शांति व सौहार्द के बीच मनी होली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेलागंज।** बेलागंज और चाकंद क्षेत्र में रंगों का पर्व होली आपसी समरसता और उत्साह के साथ शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया। शहरी और ग्रामीण इलाकों में सुबह से ही लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर बधाई दी। कहीं पारंपरिक होली गीत, ढोल-मांदर और चौपाल की झलक दिखी, तो कहीं आधुनिक साउंड सिस्टम पर युवाओं का उत्साह देखने को मिला। कई स्थानों पर धूल खेली की परंपरा भी निभाई गई। बाजारों में चहल-पहल रही और होली मिलन कार्यक्रम आयोजित हुए।

# होली शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** शहर में रंगों का महापर्व होली शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो गया। सुबह से ही शहर की गलियों से लेकर गांव की पगडंडियों तक लोग रंग और अबीर-गुलाल में सराबोर नजर आए। युवाओं की टोलियों ने पारंपरिक तरीके से मिट्टी और कीचड़ की होली खेलकर उत्सव की शुरुआत की। लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। प्रशासन की सख्ती के कारण इस बार बड़े डीजे का शोर नहीं सुनाई दिया, लेकिन छोटे म्यूजिक सिस्टम और ढोल-झाल की थाप पर पारंपरिक होली गीतों के साथ माहौल खुशनुमा बना रहा। लोगों ने फूहड़ता और अश्लील गानों से परहेज करते हुए शालीनता के साथ होली मनाई। होली को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में रहा। जिलाधिकारी कुंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी के निर्देश पर जिले के 400 से अधिक संवेदनशील स्थानों पर भारी संख्या में पुलिस बल और मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई थी। नगर निगम के आईसीसीसी भवन से सीसीटीवी कैमरों के जरिए शहर के चौक-चौराहों की डिजिटल निगरानी की गई। पुलिस की गाड़ियां लगातार पेट्रोलिंग करती रहीं, जिससे कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। लोग एक-दूसरे के घर जाकर पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लेते दिखे। प्रशासन की ओर से जारी कंट्रोल रूम और हेल्पलाइन नंबर भी सक्रिय रहे, जिससे लोगों ने सुरक्षित माहौल में होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया।

# होली में हुई छिटपुट घटनाएं में एक दर्जन से अधिक लोग घायल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** रंगों का त्योहार होली कौआकोल में छिटपुट घटनाओं के बीच सम्पन्न हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस की कड़ी चौकसी के बावजूद कौआकोल थाना क्षेत्र के कई गांवों में आपसी झड़प एवं मारपीट की घटनाएं घटित होने का मामला प्रकाश में आया है। पहली घटना थाना क्षेत्र के कोल्हुआवर गांव में घटित हुई। जहां रंग लगाने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों में आपसी झड़प हो गई। जिसमें दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। जिससे दोनों पक्षों से गेंधारी प्रसाद,मन्नू प्रसाद,रविकांत कुमार,हरि यादव,विभीषण प्रसाद समेत अन्य लोग घायल हो गए। इस मामले में पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लिया है। वहीं दूसरी घटना मधुरापुर गांव के पास हुई। जहाँ कौआकोल बाजार से लौट कर जा रहे मड़पो गांव निवासी यदुनन्दन पांडेय के पुत्र निशिकांत पांडेय को अज्ञात बदमाशों ने जमकर मारपीट कर दिया। जिससे वे बुरी तरह घायल हो गए। वहीं तीसरी घटना थाना क्षेत्र के दुमुहान गांव में घटित हुई। जहां दो पक्षों में हुई मारपीट की घटना में मेदनी यादव की पत्नी समेत चार लोग घायल हो गए। घायलों में गंभीर रूप से घायल कई लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद नवादा रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया कि होली पर्व के दौरान मारपीट एवं अलग अलग मामलों में कोल्हुआवर एवं मधुरापुर से गिरफ्तार अभिमन्यु प्रसाद,हरि यादव, निरंजन कुमार, बिपिन कुमार, रवीकांत कुमार, संगीता देवी, विभीषण प्रसाद, बिट्टू कुमार, दुलारचंद यादव समेत दस लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

# हिसुआ मे मच्छरों का आतंक नगरवासी परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिसुआ (नवादा)।** नगर परिषद की लापरवाही और सफाई व्यवस्था में उदासीनता का खामियाजा शहरवासी भुगत रहे हैं। पूरे शहर में मच्छरों का प्रकोप इस कदर बढ़ गया है कि लोग दिन और रात दोनों वक्त परेशान हैं। आलम यह है कि नगर परिषद की फॉगिंग मशीन सालों से गोदाम में धूल फांक रही है, लेकिन शहर के किसी भी इलाके में उसका इस्तेमाल नहीं हो रहा। – मच्छरों से राहत कब ? लोग सवाल उठा रहे हैं कि नगर परिषद आखिर कब मच्छरों से निजात दिलाने के लिए सक्रिय होगी। शाम होते ही गलियों और चौक-चौराहों पर बैठना मुश्किल हो जाता है। बच्चे घर में पढ़ाई तक ढंग से नहीं कर पा रहे। स्थिति यह है कि कई परिवार बच्चों के लिए दिन में ही मच्छरदानी का सहारा लेने को मजबूर हो गए हैं।

**खुद के उपाय कर रहे लोग** – फॉगिंग मशीन का उपयोग नहीं होने से शहरवासी मच्छर भगाने वाले क्वायल, अगरबत्ती और अन्य उपायों का सहारा ले रहे हैं। इसके बावजूद भी मच्छरों की संख्या में कोई कमी नहीं आ रही। बताया जाता है कि शहर के हर मोहल्ले में मच्छरों का आतंक है लेकिन नगर परिषद चुप्पी साधे बैठी है। अब तो रात को बच्चों को मच्छर काटने से बुखार तक हो जा रहा है। गृहिणी कहती है कि दिन में ही मच्छरदानी लगानी पड़ती है।

# महिला दिवस पर नूरसराय में जिला स्तरीय दौड़




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** मेरा युवा भारत, नालंदा एवं खेलो इंडिया, स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) के संयुक्त तत्वावधान में 8 मार्च 2026 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता नूरसराय स्थित नालंदा कॉलेज ऑफ हॉर्टिकल्चर परिसर में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग की बालिकाएं और महिलाएं भाग ले सकेंगी। इसमें 13 वर्ष से कम आयु वर्ग (बालिका), 13 से 18 वर्ष आयु वर्ग (बालिका) तथा 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग (महिला) के लिए अलग-अलग प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रत्येक आयु वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ के साथ-साथ रस्साकशी सहित अन्य खेल प्रतिस्पर्धाएं भी कराई जाएंगी। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को मेडल और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

प्रतियोगिता में भाग लेने की इच्छुक प्रतिभागी माय भारत पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण कर सकती हैं। इसके अलावा इच्छुक प्रतिभागी 7 मार्च 2026 तक मेरा युवा भारत कार्यालय में भी अपना पंजीकरण करा सकती हैं। आयोजकों ने अधिक से अधिक बालिकाओं और महिलाओं से प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की है।

# रजौली में छिटपुट घटनाओं के बीच मनाई गई होली

**कई मामले थाने पहुंचे, जांच में जुटी है पुलिस**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)।** रजौली थाना क्षेत्र में छिटपुट घटनाओं के बीच होली मनाई जा रही है। होली की शुरुआत बुधवार की सुबह से शुरू हुई और गुरुवार की सुबह तक आधा दर्जन से अधिक मारपीट की घटना हुई है। गुरुवार की सुबह सती स्थान मोहल्ले के बिनोद राजवंशी की पत्नी पिंटू देवी को उसके ही पति ने शराब के नशे में जमकर मारपीट की। मारपीट में महिला के दाएं आंख बुरी तरह जख्मी हो गया,जिसे प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज हेतु रेफर कर दिया गया। गुरुवार की सुबह लेंगुरा पंचायत में दो पक्ष आपस में भीड़ गए , इस मारपीट में दोनों ओर से तीन-चार घायल हो गए। घायलों को इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सक ने घायलों का इलाज किया। वहीं अस्पताल परिसर में मौजूद लोगों ने कहा कि आपसी सामाजिक प्रयास के बाद मामले को सुलटाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं दामोदरपुर गांव निवासी जगदीश राजवंशी के पुत्र संदीप राजवंशी को गांव के कुछ उपद्रवियों ने पुराने विवाद को लेकर अचानक गुरुवार की सुबह हमला कर सिर और पैर को गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। घायल संदीप राजवंशी अस्पताल पहुंच अपना इलाज करवाकर थाने में शिकायत दर्ज कराने की बात कही है। दूसरी ओर बीते बुधवार की शाम को एक बाइक पर सवार रहे तीन लोगों द्वारा एक बछड़े को धक्का मारने से उपजे विवाद में एक चमरबिगहा गांव निवासी संतोष राजवंशी की पत्नी दीपा देवी और स्व. प्रयाग राजवंशी के पुत्र रविन्द्र राजवंशी घायल हो गए। प्रणपुरा गांव में बीते बुधवार की देर शाम को गांव के ही दो टोले के युवकों के बीच झड़प हो रही थी,जिसे सुलझाने में जुटे मनोज कुमार के पुत्र प्रिंस कुमार,विनोद पासवान के पुत्र रौशन कुमार और धीरेन्द्र पासवान के पुत्र बिक्की कुमार घायल हो गए। घायलों ने कहा कि गांव के राज और भोलू समेत अन्य लोगों ने मारपीट किया है। रंगों के पावन त्यौहार होली में नशे और पुराने रंजिश के कारण क्षेत्र में कई छिटपुट मारपीट घटनाएं देखने को मिलती है। घायलों के इलाज हेतु अस्पताल में चिकित्सक डॉ. परितोष कुमार,डॉ. मो. बरकत अली और डॉ. प्रियंका शर्मा मौजूद रहे। थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर चौक-चौराहे पर पुलिस बल चारपहिया वाहन व बाइक पर गश्त करते दिखाई दिए। पुलिस की क्रियाशीलता से हुड़दंगियों में भय व्याप्त रहा और क्षेत्र में शांति बनी रही। वहीं मारपीट की सूचना पर पुलिस त्वरित घटनास्थल पर पहुंच कर कार्रवाई करते दिखाई दिए। इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में होली के दौरान कुछ मारपीट के मामले को लेकर आवेदन मिला है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से होली मनाने की अपील की है।

# गड्ढे में पलटा ई-रिक्शा, चालक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** सारे थाना क्षेत्र में बुधवार को हुए सड़क हादसे में एक ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई। घटना दामचक गांव के पास की है। मृतक की पहचान अस्थावां थाना क्षेत्र के कुलती गांव निवासी स्व. श्याम सुंदर सिंह के 30 वर्षीय पुत्र पिंटू कुमार के रूप में की गई है। मृतक के भतीजे शैलेंद्र कुमार ने बताया कि पिंटू कुमार मंगलवार की शाम मजदूरों को लेकर दामचक स्थित एक ईंट भट्ठा गए थे। देर रात तक जब वह घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उनके मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन फोन स्विच ऑफ मिला। इसके बाद परिवार के लोग और ग्रामीण उनकी तलाश में जुट गए। बुधवार की सुबह ग्रामीणों ने सूचना दी कि दामचक के पास सड़क किनारे एक गड्ढे में ई-रिक्शा पलटी हुई है। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे, जहां करीब 20 फीट गहरे गड्ढे में पिंटू कुमार का शव पड़ा मिला। बताया जा रहा है कि पिंटू कुमार ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। आशंका जताई जा रही है कि वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरा, जिससे उनकी मौत हो गई। सारे थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि ग्रामीणों से सड़क किनारे गड्ढे में शव मिलने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव की पहचान कर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# तेज रफ्तार पिकअप डिवाइडर से टकराई, दो की मौत

## धनबाद से बकरी बेचकर लौट रहे थे सभी व्यवसायी, तीन गंभीर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आमस थाना क्षेत्र अंतर्गत करमाइन मोड़ के समीप राजापुर पुल के पास बुधवार दोपहर 3:51 बजे एक तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर जीटी रोड के डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी सवार कोंच प्रखण्ड के आंती थाना क्षेत्र स्थित काजी बिगहा गांव के निवासी बताए जाते हैं। जानकारी के अनुसार, पिकअप सवार सभी व्यवसायी लोग धनबाद से बकरी बेचकर अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और गाड़ी सीधे डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए तथा सड़क किनारे बने कुछ मकान भी क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में प्यारे हसन (35), पिता फारूक हसन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मो. महमूद कुरैशी उर्फ मंडल (32), पिता मकबूल कुरैशी ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घायलों में मो. खालिद कुरैशी (45), पिता यूसुफ कुरैशी, गुलाम नबी (24), पिता खालिद कुरैशी तथा मो. सरफुद्दीन कुरैशी (30), पिता सलाउद्दीन कुरैशी शामिल हैं। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल शेरघाटी ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गया मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। बता दें कि मृतक प्यारे हसन के दो बच्चे हैं, एक लड़का 12 वर्ष और एक लड़की 6 वर्ष की है तथा दूसरे मृतक महमूद कुरैशी के दो पुत्र हैं जिसकी उम्र 8 वर्ष और 3 वर्ष है।घटना पर कोंच राजद प्रखंड प्रभारी डॉ. रामाशीष कुमार, काबर मुखिया प्रतिनिधि मोहन यादव, अवधेश दास और पंचायत अध्यक्ष लालू यादव ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## ट्रेन से कटकर युवक ने की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र अंतर्गत काबर टोला धरमपुर निवासी साधु यादव के 22 वर्षीय पुत्र शिवपूजन कुमार ने बुधवार शाम करीब 6 बजे ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। घटना करमडीह और रसलपुर गांव के बीच रेलवे ट्रैक पर हुई, जो कोंच थाना क्षेत्र में आता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आत्महत्या से पहले शिवपूजन कुमार ने एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया, जिसमें उसने कहा कि वह अपनी जिंदगी समाप्त करने जा रहा है। वीडियो में उसने दोस्तों और परिचितों से विदा लेते हुए ह्लजय गंगा, जय भारत कहकर रिकॉर्डिंग बंद कर दी। बताया जाता है कि घटना के पीछे पारिवारिक विवाद कारण हो सकता है। चर्चा है कि युवक का किसी युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था, जिसे लेकर परिजनों ने उसे डांट-फटकार लगाई थी। इसी बात से आहत होकर उसने यह कदम उठा लिया। शिवपूजन का ननिहाल पास के चबूरा गांव में है और वह अक्सर वहीं रहता था। घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है। इस संबंध में आंती थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है और पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।

## एक नजर

### खलिहान में लगाई आग

**खिजरसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड अंतर्गत नौडीह पंचायत के गोपालपुर मौजा स्थित रोड कूड़वा-सरबहदा के पास स्थित गोपालपुर खलिहान (पिंजौर) में मंगलवार देर रात आगजनी की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। आरोप है कि बीजोपुर गांव के करीब 20 लोग लुकवारी फेंकने के उद्देश्य से रात लगभग 2:30 बजे खलिहान पहुंचे और वहां रखे नेवारी पिंज, पुआल व लकड़ी में आग लगा दी। पीड़ित परिवार के अनुसार, घटना के समय परिवार के सदस्य मौके पर मौजूद थे। आग लगते देख उन्होंने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आरोप है कि आरोपितों ने मारपीट और गाली-गलौज कर उन्हें वहां से भगा दिया। इसके बाद आसपास के ग्रामीणों को फोन कर सूचना दी गई। ग्रामीणों के सहयोग एवं अग्निशमन दल की मदद से आग पर काबू पाया गया।

### दुकान से दस हजार लेकर फरार

**कोंच (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ददरेजी बाजार स्थित गुप्ता मिष्ठान भंडार में काम करने आए एक युवक द्वारा बुधवार को 10 हजार रुपये लेकर फरार हो जाने का मामला सामने आया है। दुकान के प्रोपराइटर नागेंद्र गुप्ता ने बताया कि मंगलवार को एक युवक काम की तलाश में उनकी दुकान पर आया था। उसने अपना घर परसावां पंचायत अंतर्गत घोरहा गांव बताया। दुकान में जरूरत होने के कारण उसे काम पर रख लिया गया और रात में दुकान पर ही ठहराया गया। बुधवार सुबह मिठाई की गाड़ी आने पर व्यवसायी ने उसे 10 हजार रुपये देकर घर से दुकान तक लाने को कहा। इसी दौरान युवक रुपये लेकर फरार हो गया। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका।

# पटना एवं दानापुर स्टेशनों पर बनाया गया होल्डिंग एरिया

## दानापुर मंडल से खुलने वाली 09 विशेष ट्रेनों से वापस लौटेंगे हजारों यात्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दानापुर।** दानापुर मंडल हर प्रकार से अपने यात्रियों को सुविधा देने का प्रयास करता है, चाहे वह दीपावली का अवसर हो या छठ महापर्व का अवसर या कोई विशेष उत्सव। इसी क्रम में होली के बाद वापसी यात्रा के दौरान ट्रेनों/स्टेशनों पर भीड़ प्रबंधन, यात्री सुविधा/ सुरक्षा, आवश्यकतानुसार अतिरिक्त फ़ेस्टिवल स्पेशल ट्रेन के परिचालन, इत्यादि से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश आला अधिकारियों द्वारा जारी किया गया है। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पर्याप्त संख्या में स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। स्टेशनों पर तथा ट्रेनों में अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती सुनिश्चित की गयी है। साथ ही राजकीय रेल पुलिस (जीआरपी) और रेल सुरक्षा बल के बीच समन्वय स्थापित करके भीड़ प्रबंधन के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। प्रमुख स्टेशनों एवं दानापुर मंडल के कंट्रोल रूम में बने वार रूम से चौबीसों घंटे निगरानी की व्यवस्था की गयी है । यात्रियों की सहायता के लिए टीटीई और रेल सुरक्षा बल की तैनाती के साथ-साथ अधिक भीड़-भाड़ वाले स्टेशनों पर अधिकारियों की भी तैनाती की गयी है। विदित हो कि होली पर्व के बाद लौटने वाले यात्रियों को सुगम व आरामदायक यात्रा सुविधा मुहैया कराते हुए नियमित स्पेशल ट्रेनों के अलावा कई फ़ेस्टिवल स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। आज दानापुर मंडल से ही नियमित ट्रेनों के अलावा 09 स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है, जिसमें पटना से राजगीर, पुरी, नई दिल्ली तथा दानापुर से लोकमान्य तिलक टर्मिनस, पुणे, एसएमबीटी बेंगलुरु, एवं चर्लपल्ली के लिए दो गाड़ियां चलाई जा रही हैं। साथ ही स्थानीय यात्रियों के लिए भी राजगीर एवं पटना के बीच भी फ़ेस्टिवल स्पेशल का परिचालन किया जा रहा है। यात्री सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक न हो इसके लिए स्टेशनों पर रेल सुरक्षा बल निरंतर चौकसी बरत रहे हैं। अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए कुछ स्टेशनों पर डॉग स्क्वायड के साथ रेल सुरक्षा बल की तैनाती की गई है। होली पर्व बाद यात्रियों की सुविधा के लिए दानापुर एवं पटना (महावीर मंदिर की तरफ) स्टेशन पर होल्डिंग एरिया बनाया गया है। साथ ही ट्रेन के आवागमन की जानकारी सहज उपलब्ध हो सके इसके लिए स्टेशनों पर निरंतर उद्घोषणा की जा रही है। यात्री सुरक्षा को देखते हुए मुख्य स्टेशनों पर सी0सी0टी0वी0 कैमरे से रेल सुरक्षा बलों द्वारा चौबीसों घंटे गहन निगरानी की जा रही है। रेल सुरक्षा बल/पुलिस प्रशासन के अतिरिक्त प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त कर्मचारियों की भी तैनाती सुनिश्चित की जा रही है। संपूर्ण क्रांति जैसी प्रमुख ट्रेनों में कतारबद्ध बोर्डिंग के लिए अतिरिक्त स्टाफ तैनात किए गए हैं ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सभी प्रमुख स्टेशनों पर अधिकारियों और कर्मचारियों की तैनाती भी की गई है। यात्रियों की सुविधा के लिए और उन्हें लंबी लाइनों से बचने के लिए मोबाइल यूटीएस मशीन का इस्तेमाल किया जा रहा है। सोशल मीडिया के माध्यम से भी यात्रियों को स्पेशल ट्रेनों की सूचना लगातार दी जा रही है। यात्री सुरक्षा को देखते हुए मुख्य स्टेशनों पर सी.सी.टी.वी. कैमरे से रेल सुरक्षा बलों द्वारा चौबीसों घंटे गहन निगरानी की जा रही है। पैदल उपरि पुल पर यात्रियों के सामान्य आवागमन को ध्यान रखते हुए रेल सुरक्षा बल/पुलिस प्रशासन के अतिरिक्त वाणिज्य विभाग के कर्मचारी को भी तैनात किया गया है। दानापुर मंडल सदैव अपनी यात्रियों की सेवा में उपस्थित रहने को कृत संकल्पित है।

# जदयू के नए जिलाध्यक्ष बने अजय कुशवाहा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** जदयू गया जी के नए जिलाध्यक्ष अजय कुशवाहा को बनाया गया है। इसकी जानकारी राज्य निर्वाचन पदाधिकारी ने पत्र जारी कर दी है। वहीं अजय कुशवाहा को जिलाध्यक्ष बनाए जाने से पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। कार्र्यकर्ता नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष के आवास पर जाकर एवं फोन कर बधाई देने पहुंचे। इधर नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष अजय कुशवाहा ने कहा कि पार्टी ने जिलाध्यक्ष बनाकर संगठन की एक बड़ी जिम्मेदारी दी है। इसे परिणाम तक ले जाएंगे और हमारे नेता नीतीश कुमार की विचारधारा को बूथ स्तर तक पहुंचाना है। संगठन ही हमारी ताकत है। कार्यकर्ता ही हमारी पूंजी हैं। जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल ने बताया कि अजय कुशवाहा की छवि साफ-सुथरी है। संगठन का लंबा अनुभव है। सभी समाज में पैठ है। इनके नेतृत्व में पूरे गया जिला में बूथ कमेटी प्रबंधन, पंचायत और प्रखंड स्तर पर पार्टी की सक्रियता को बढ़ाया जाएगा। विधायिका मनोरमा देवी, पूर्व मंत्री विनोद यादव, पूर्व एमएससी अनुज सिह, महानगर अध्यक्ष राजू वर्णवाल, ज्योति दांगी, अलेकजेंडर खान, ज्योति दांगी, कुंडल वर्मा, धनंजय शर्मा, मधुसूदन राय, अरुण राव, शंकर चौधरी, सोनम दास, शहजाद शाह, अजीत शर्मा, राकेश पांडेय, बबन चंद्रवंशी, विनोद कुमार, जितेंद्र दास, पिकी देवी, श्रीकांत प्रसाद, पूनम कुशवाहा, मितंबरा लोहड़े, कैलाश पासवान, राधेकांत शर्मा, बिना देवी, अवधेश प्रसाद, बृजराज पांडेय, सतीश पटेल, लालजी प्रसाद, बलिराम चौधरी, मनोज कुशवाहा, अरविद वर्मा एवं प्रखंड अध्यक्ष एवं पंचायत सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष को बधाई दिया।

# करंट से युवक की मौत, होली के बीच गांव में पसरा मातम

**कोंच (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत परसावां के कनौदी गांव में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसे में युवक की बिजली करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान सुजीत कुमार, पिता नरेश दास, निवासी कनौदी गांव के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार अपराह्न करीब चार बजे अचानक बिजली की चपेट में आने से सुजीत कुमार गंभीर रूप से झुलस गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। होली जैसे उल्लासपूर्ण पर्व के बीच हुई इस घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों में गहरा दुख व्याप्त है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मृतक के परिजनों को उचित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

# कोंच प्रखंड के गांवों में छाया होली का उल्लास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच (गया)।** रंगों का पावन पर्व होली इस बार कोंच प्रखंड क्षेत्र में पारंपरिक उत्साह और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। सुबह होते ही गांवों की गलियां अबीर-गुलाल के रंगों से सराबोर हो उठीं और युवाओं की टोलियां फगुआ गीतों के साथ उत्सव में झूमती नजर आईं। गांवों में भी होली का रंग चरम पर दिखाई दिया। ग्रामीणों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर खुशियां बांटी और प्रेम-सौहार्द का संदेश दिया। ढोलक, झाल और हारमोनियम की मधुर थाप पर गूंजते पारंपरिक फगुआ गीतों ने पूरे माहौल को लोक संस्कृति के रंग में रंग दिया। फगुआ गायकों की टोली घर-घर पहुंचकर गीत गा रही थी, जिससे गांवों में उत्सव जैसा वातावरण बना हुआ रहा। गांवों की गलियों में बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी एक साथ होली का आनंद लेते दिखे। लोग गले मिलकर शुभकामनाएं दे रहे थे, वहीं बुजुर्गों का आशीर्वाद लेने और छोटों को स्नेह देने की परंपरा भी निभाई जा रही थी।

## होली खेलने के दौरान नाली में गिरने से किशोर की मौत

**कोंच (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के सिमरा पंचायत अंतर्गत खैरा गांव में होली खेलने के दौरान एक दर्दनाक हादसे में 11 वर्षीय किशोर की नाली में गिरने से मौत हो गई। घटना मंगलवार शाम करीब 6 बजे की है। मृतक की पहचान जितेंद्र यादव के इकलौते पुत्र बजरंगी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार बजरंगी गांव के अन्य बच्चों के साथ कादो-मिट्टी से होली खेल रहा था। इसी दौरान वह गली में बने लगभग दो फीट गहरे पक्के नाले में गिर पड़ा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। होली जैसे पर्व के दिन हुई इस घटना से पूरे गांव में मातम का माहौल है। जानकारी के अनुसार, शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया गया और परिजनों द्वारा अंतिम संस्कार कर दिया गया। इधर, काबर पंचायत के राजद पंचायत अध्यक्ष लालू यादव एवं सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश कुमार ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को सरकारी मुआवजा देने की मांग की है।

# राज्यसभा के लिए नामांकित एनडीए के सभी उम्मीदवारों को जीत की अग्रिम शुभकामनाएं : मंगल पाण्डेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने राज्यसभा के लिए नामजदगी का पर्चा भरने वाले एनडीए के सभी उम्मीदवारों को जीत की अग्रिम शुभकामना दी है। साथ ही बिहार के यशस्वी और जनप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जीत की अग्रिम बधाई एवं शुभकामना दी है। श्री पाण्डेय ने कहा है कि बिहार के यशस्वी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राज्यसभा उम्मीदवार बनने पर उन्हें अशेष बधाई व शुभकामनाएं। बिहार के विकास, सुशासन और समावेशी जनकल्याण की दिशा में श्री कुमार का दीर्घ राजनीतिक अनुभव, संतुलित नेतृत्व और दूरदर्शी सोच सदैव मार्गदर्शक रही है। अब नीतीश कुमार केंद्र में रहकर अपने संपूर्ण अनुभव के आधार पर बिहार के विकास को तीव्र गति से रफ्तार देने में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे। नीतीश कुमार के नेतृत्व और मार्गदर्शन में बिहार और आगे बढ़ेगा। उनके नेतृत्व में राज्य ने स्थिरता, प्रगति और सुशासन की नई पहचान स्थापित की है। उनके इस योगदान को बिहारवासी सदैव याद रखेंगे। श्री पाण्डेय ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा है कि श्री कुमार के व्यापक अनुभव, नीति-दृष्टि और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता से राज्यसभा में बिहार की आकांक्षाओं को और अधिक सशक्त स्वर मिलेगा तथा राष्ट्रीय विमर्श को भी नई दिशा प्राप्त होगी। उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन जी, शिवेश राम को भी उनकी जीत की अग्रिम हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई दी है।

# रंग व गुलाल का दो दिवसीय होली पर्व शांतिपूर्ण सम्पन्न

**गयाजी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रंगों और गुलालों का दो दिवसीय सनातनी पर्व होली गुरुवार को मटका फोड़ कार्यक्रम के साथ शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो गया। सोमवार की आधी रात को होलिका दहन के बाद मंगलवार को आतर रहने के कारण रंगोत्सव बुधवार को मनाया गया। हालांकि शहर के अधिकांश दुकान और प्रतिष्ठान बंद रहे, लेकिन युवाओं, किशोर-किशोरियों और बच्चों में होली का उत्साह पूरे दिन देखने को मिला। शहर के विभिन्न मोहल्लों और गलियों में बच्चे अपने घरों की छतों और रास्तों पर खड़े होकर आने-जाने वालों पर रंग और पानी डालते नजर आए। वहीं युवाओं की टोली ढोल-मंजीरा और पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ होली गीत गाते हुए एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर खुशियां बांटते दिखे। होलिका दहन के पूर्व भी कई स्थानों पर लोगों ने अपनी पुरानी परंपरा का निर्वाह करते हुए ढोलक और झाल की धुन पर धार्मिक व पारंपरिक होली गीत गाकर उत्सव मनाया।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई-ईटीएन-आईपीआईएस-बीएसएई-एसकेजी, दिनांक 02.03.2026;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के लिए एकल पैकेट प्रणाली में खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है तथा ऐसे प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नामः** अनुसूची ए-हावड़ा मंडल के तहत उपनगरीय अनुभागों में बांसबेड़िया, त्रिवेणी, जिराट, गुप्तीपाड़ा (4 स्टेशन) में आईपीआईएस प्रणाली का प्रतिस्थापन। अनुसूची बी-हावड़ा मंडल के तहत उपनगरीय अनुभागों में आदिसप्तग्राम, पांडुआ, मेमारी, शक्तिगढ़ (4 स्टेशन) में आईपीआईएस प्रणाली का प्रतिस्थापन। **विज्ञापित मूल्यः** रु. 6,35,34,210.91; **बयाना राशि/बोली सुरक्षाः** रु. 4,67,700; **निविदा दस्तावेज की कीमतः** रु. 0.00; **बोली शुरू होने की तारीखः** 11.03.2026। **समापन अवधिः** 09 महीने। **प्रस्ताव की वैधताः** 60 दिन। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 25.03.2026 को अपराह्न 3.00 बजे। **निविदा अपलोडिंग की तारीख एवं समयः** 02.03.2026 को शाम 05.27 बजे।

(HWH-666/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई-केबल-एएसटीई-बीडीसी-26, दिनांक 02.03.2026;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के लिए एकल पैकेट प्रणाली में खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है तथा ऐसे प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नामः** हावड़ा मंडल के एएसटीई-बैण्डेल के अधिकार क्षेत्र में उम्र सह दशा के आधार पर सिग्नलिंग केबल का प्रतिस्थापन। **विज्ञापित मूल्यः** रु. 8,90,68,004.33; **बयाना राशि/बोली सुरक्षाः** रु. 5,95,400; **निविदा दस्तावेज की कीमतः** रु. 0.00; **बोली शुरू होने की तारीखः** 16.03.2026। **समापन अवधिः** 12 महीने। **प्रस्ताव की वैधताः** 60 दिन। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 30.03.2026 को अपराह्न 3.00 बजे। **निविदा अपलोडिंग की तारीख एवं समयः** 02.03.2026 को शाम 05.42 बजे।

(HWH-669/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**



**बिहार सरकार**

नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना

कार्यालय– नगर पंचायत, बारूण

अति अल्पकालीन निविदा संख्या E-Tender- 15/2025–26

(ई–टेंडरिंग द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in)

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता – नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, बारूण
2. निविदा आमत्रंण सूचना निर्गत की तिथि – दिनांक–02.03.2026
3. टेंडर कागजात डाउनलोड करने की अवधि – दिनांक–09.03.2026 से 15.03.2026 के 15:00 बजे तक (On website www.eproc2.bihar.gov.in)
4. प्री बीड मीटिगं का समय स्थान/तिथि – समय 11:00 बजे दिनांक –10.03.2026 कार्यालय कक्ष, नगर पंचायत, बारूण
5. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय – दिनांक – 16.03.2026 के 2:00 बजे तक (On website www.eproc2.bihar.gov.in
6. निविदा खोलने की तिथि/समय – दिनांक – 17.03.2026 के अप0–04:00 के बाद (On website www.eproc2.bihar.gov.in )
7. सभी शपथ पत्र, Existing Committment (मूल में) जमा करने की अंतिम तिथि/समय एवं स्थान – दिनाकं – 17.03.2026 के अप0–03:00 बजे तक।
   1. नगर विकास एवं आवास विभाग, विकास भवन, नया सचिवालय, बिहार पटना।
   2. अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, नगर विकास, अंचल–गयाजी।
   3. कार्यपालक अभियन्ता, नगर विकास प्रमण्डल, औरंगाबाद।
   4. नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, बारूण

नोट – ग्रुप संख्या–06 से ग्रुप संख्या–13 के निविदा को पुनः प्रकाशित किया जा रहा है।

8. कार्य का विवरण :–

| ग्रुप सं0 | वार्ड सं0 | कार्य का नाम | प्रा0 राशि | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (रू0 में) | Bid Processing Fee(Through online payment) (अप्रत्यर्पणीय रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि माह में |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 9 | वार्ड संख्या–09 में विनोद पाण्डेय के घर से सुदर्शन पाण्डेय के जमीन होते हुए बरूआ पुल नाला मेन रोड (NH2) तक ढक्कन युक्त आर0सी0सी0 नाला निर्माण कार्य। | 6996220.00 | 140000.00 | 10000.00 | as per amount generated on | छः माह |
| 02 | 10 | वार्ड संख्या–10 में ब्रह्मस्थान से रामबचन शिक्षक के घर होते हुए मुख्य पटना कैनाल रोड तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 6901000.00 | 138100.00 | 10000.00 | as per amount generated on | छः माह |
| 03 | 10 | वार्ड संख्या–10 में चन्द्रविगहा नहर रोड से रामजी सिंह के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 5132164.00 | 102700.00 | 10000.00 | as per amount generated on | छः माह |
| 04 | 05 | वार्ड संख्या–05 में सिपाही जी के घर से श्री देवा सिंह के घर तक पी0सी0सी0 पथ एवं आर0सी0सी0 नाला निर्माण कार्य। | 4001500.00 | 80100.00 | 5000.00 | as per amount generated on | चार माह |
| 05 | 10 | वार्ड संख्या–10 में राजेन्द्र सिंह के घर से गोवर्धन पहाड़ तक आर0सी0सी0 ढक्कन युक्त नाला निर्माण कार्य। | 3593130.00 | 71900.00 | 5000.00 | as per amount generated on | चार माह |
| 06 | 1 | वार्ड संख्या–01 में राहुल ठाकुर के घर से स्वः कन्हाई चौधरी के घर होते हुए कृष्णा चौधरी के घर तक पी0सी0सी0 रोड एवं ढक्कन युक्ल नाली एवं असरफी चौधरी के घर से रामजी चौधरी के घर तक आर0सी0सी0 ढक्कन युक्त नाली निर्माण कार्य। | 1626180.00 | 32600.00 | 5000.00 | as per amount generated on | तीन माह |
| 07 | 2 | वार्ड संख्या–02 में रविन्द्र राम के घर से शंकर राम के घर होते हुए लालमोहन के घर तक नाली मरम्मती ढक्कन सहित एवं पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 2404334.00 | 48100.00 | 5000.00 | as per amount generated on | तीन माह |
| 08 | 5 | वार्ड संख्या–05 में महमुद जी के घर से पूर्ब कि ओर मेंन रोड आहर तक एवं रामाशीष सिंह के घर से पश्चिम आहार तक नाली एवं पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 2441809.00 | 48900.00 | 5000.00 | as per amount generated on | तीन माह |
| 09 | 5 | वार्ड संख्या–05 में शिवनंदन सिंह के घर से महावीर सिंह डॉ0 नीलम क्लिनिक होते हुए सुरेश चौधरी के घर तक नाली एवं पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 2428810.00 | 48600.00 | 5000.00 | as per amount generated on | तीन माह |
| 10 | 6 | वार्ड संख्या–06 में गुड्डु अंसारी के घर से शलीम फारूकी के घर तक न्यू नाली एवं पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 1817771.00 | 36400.00 | 5000.00 | as per amount generated on | तीन माह |
| 11 | 8 | वार्ड संख्या–08 में कृष्णा चंद्रवंशी के घर से गुड्डू पासवान के घर होते हुए एवं ओम पाण्डेय, बच्चन ठाकुर गणेश राम से अर्जुन चौकीदार के घर तक पी0सी0सी0 रोड एवं नाली जीर्णोद्धार कार्य। | 1341400.00 | 26900.00 | 2500.00 | as per amount generated on | तीन माह |
| 12 | 11 | वार्ड संख्या–11 में युगल सिंह के घर से हरिनारायण मिंटु प्रसाद के घर होते हुए रामनाथ रजक के घर तक नाली ढक्कन सहित एवं पी0सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 1577900.00 | 31600.00 | 5000.00 | as per amount generated on | तीन माह |
| 13 | 11 | वार्ड संख्या–11 में महावीरगंज में विक्रम पासवान के घर से संत पासवान के घर होते हुए देवी मंदीर तक एवं NH-2 से सरोज पासवान के घर तक पी0सी0सी0 पथ एवं नाली ढक्कन निर्माण कार्य। | 1115100.00 | 22400.00 | 2500.00 | as per amount generated on | तीन माह |

नोट :– Bidders should submit Bid Processing fee through on line payment as per amount generated on website www.eproc2.bihar.gov.in

9. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in अथवा **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** में देखा जा सकता हैं।

नगर कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, बारूण

PR. No. 25486 (B&C) 25-26

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

संपादकीय

# तीसरे विश्वयुद्ध के बादल

अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच युद्ध जल्दी नहीं थमा तो इसके भयावह तीसरे विश्वयुद्ध में बदलने में ज्यादा देर नहीं है। क्योंकि यह लड़ाई ईरान बनाम 11 देशों में तो शुरू हो ही चुकी है। अब तीन यूरोपीय देशों ने भी लड़ाई में अमेरिका का साथ देने का ऐलान कर दिया है। दूसरी तरफ ईरान ने अपने सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खोमनेई और 28 टॉप लीडर के खात्मे का बदला लेने का ऐलान कर अमेरिका, इजराइल सहित मध्य पूर्व के उन अरब देशों पर भी हमले शुरू कर दिया है, जिनके यहां अमेरिका या दूसरे देशों के सैनिक अड्डे हैं। यानी इंतकाम की आग में जल रहा ईरान अब युद्ध को ज्यादा से ज्यादा देशों तक फैलाना चाहता है। उसकी रणनीति साफ है कि वह दूसरे देशों पर हमले कर अमेरिका और इजराइल पर हमला रोकने के लिए दबाव बनाना चाहता है। यह रणनीति फिलहाल तो सफल होती दिखाई दे रही है। क्योंकि जिन अरब देशों में अमेरिका के सैनिक अड्डे हैं, उन देशों की रक्षा में अमेरिका नाकाम रहा है। इससे जहां विश्व में मुस्लिम जगत शिया और सुन्नी में फिर से बंट गया है, वहीं यह संदेश भी जा रहा है कि अमेरिका इन देशों की प्रभावी रक्षा करने में या तो असमर्थ है या फिर उसे अपनी ही ज्यादा चिंता है। ऐसे में जल्द ही विश्व में नए भू राजनीतिक समीकरण होते दिखाई पड़ सकते हैं। खासकर वो 6 अरब देश सबसे ज्यादा चिंतित हैं, जो अपनी रक्षा के लिए पूरी तरह से अमेरिका पर ही निर्भर हैं और जिन्हें इस बात की कतई उम्मीद नहीं थी कि ईरान उन्हें अपने कोप का निशाना बनाएगा। ईरान उन पर ड्रोन और मिसाइल हमले कर यह जताना चाहता है कि वो चाहे तो इन अरबों की सम्पन्नता को एक झटके में खत्म कर सकता है। दूसरे, ईरान की रणनीति यह भी है कि मध्य पूर्व के इन देशों की आयल रिफाइनरीज को नष्ट कर उनकी दौलत की जड़ को ही खत्म कर दिया जाए। सऊदी अरब में दुनिया की सबसे बड़ी तेल कंपनी आरामको पर ईरान का ताजा हमला इसी बात की निशानी है। सऊदी सहित अन्य आधा दर्जन देशों की आर्थिकी का मूल आधार तेल ही है। यदि तेल भंडार ही खत्म हो गए तो उनके पास आय का कोई दूसरा बड़ा साधन नहीं है। इस संग्राम में अब यूरोपीय देशों का शामिल होना इस बात का इशारा है कि पानी सिर से गुजर चुका है। ये तमाम देश मिलकर ईरान पर हमलाकर वहां की कट्टरपंथी सरकार को खत्म करने की कोशिश करेंगे। हालांकि यह रणनीति कितनी सफल होगी, कहना मुश्किल है। इस वक्त ईरान के साथ रशिया, चीन और उत्तर कोरिया है। अगर ईरान पर हमले नहीं रूके तो वह उत्तर कोरिया से परमाणु हथियार लेकर उनका उपयोग भी कर सकता है। ऐसा हुआ तो दुनिया को खत्म होने में वक्त नहीं लगेगा। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया था कि ईरान का नया नेतृत्व बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन ईरानी नेतृत्व ने साफ कर दिया है कि वो बात नहीं करेगा। इस बीच भारत ने पूरा विवाद आपसी बातचीत से हल करने का सुझाव दिया है। हालांकि इस पूरे प्रकरण में भारत की भूमिका न तीन में न तेरा में की है। इस पूरे घटनाक्रम के असली हीरो इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू हैं,जिन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को ईरान पर हमले के लिए तैयार किया। भारत के सामने संकट यह है कि युद्ध के कारण बाजार में तेल की कीमतें बढ़नी शुरू हो गई और सोना फिर आसमान छूने लगा है। युद्ध जल्द न रूका तो भारत में वस्तुओं के दाम बढ़ने लगेंगे। और जनअसंतोष बढ़ेगा।

# खामेनेई की मौत के बाद एकजुट हो रहा बिखरा हुआ ईरान!

**संयुक्त राज्य अमेरिका और इज़राइल ने मुख्य रूप से ईरान पर लगाम लगाने और उसे पंगु बनाने के उद्देश्य से एक सैन्य हमला शुरू किया, जिसका अंतिम लक्ष्य वहां सत्ता परिवर्तन करना था. हालांकि, युद्ध की ओर यह विनाशकारी झुकाव ईरान के धार्मिक नेतृत्व के लिए एक अप्रत्याशित अवसर प्रदान करता दिख रहा है. वहां का मौलवी नेतृत्व अब अपने उस जनाधार को फिर से मजबूत कर रहा है, जो कुछ साल पहले एक युवती की हिरासत में हुई मौत के बाद भड़के बड़े विरोध प्रदर्शनों के कारण डगमगा गया था. उस युवती को कथित तौर पर सिर पर स्कार्फ पहनने से इनकार करने के बाद हिरासत में लिया गया था.**

**बिलाल भट्ट**

देशभर के युवा और युवतियां उस समय बेहद नाराज हो गए जब सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ बेलगाम आक्रामकता दिखाई. ये विद्रोही युवा सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के नेतृत्व वाली सत्ता द्वारा उन पर थोपे गए सख्त धार्मिक नियमों को खारिज कर रहे थे. ईरान के सुरक्षा बलों ने इन आवाजों को दबाने के लिए बड़े पैमाने पर बल प्रयोग किया, जिससे कई लोग हताहत हुए. जो विरोध शुरुआत में आंतरिक और क्षेत्रीय शिकायतों के रूप में शुरू हुआ था, उसने देखते ही देखते एक राष्ट्रीय आंदोलन का रूप ले लिया और बाद में अंतरराष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया. इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को ईरानी सरकार को निहत्थे नागरिकों के खिलाफ बल प्रयोग न करने की चेतावनी देने का अवसर मिल गया.

इन विरोध प्रदर्शनों की तीव्रता के बावजूद, विशेष रूप से जनवरी 2025 के हालिया प्रदर्शनों के दौरान, अमेरिका ने अपनी प्रतिक्रिया को केवल बयानबाजी तक ही सीमित रखा. अमेरिका ने उस समय कार्रवाई की जब उसके सामने कोई बड़ा खतरा नहीं था, सिवाय उस दावे के जिसका वे ढिंढोरा पीटते रहे हैं कि ईरान परमाणु हथियार बना रहा है. यदि डोनाल्ड ट्रंप ने उस समय हस्तक्षेप किया होता जब ईरानी जनता अपनी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रही थी, तो शायद वहां की जनता की प्रतिक्रिया अलग होती.

हालांकि, सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की अचानक और अप्रत्याशित हत्या, हमले के समय के लिहाज से एक रणनीतिक 'गलत गणना' प्रतीत होती है. सत्ता को गिराने के बजाय, ईरानी नेतृत्व पर हुए इन हमलों को ईरान की संप्रभुता पर हमले के रूप में पेश किया गया है. विडंबना यह है कि इन हमलों ने उस जनता को एकजुट कर दिया है जो पहले बंटी हुई थी, और उस शासन के प्रति समर्थन मजबूत कर दिया है जिसे कुछ महीने पहले दशकों की सबसे बड़ी घरेलू चुनौती का सामना करना पड़ा था. अधिकांश देशों के विपरीत, ईरान का सैन्य ढांचा काफी जटिल और कई मायनों में अस्पष्ट है. ये स्ट्रक्चर आपस में जुड़े हुए हैं, जिससे वे कभी-कभी



बाहरी ताकतों के लिए कमज़ोर हो जाते हैं. देश के सर्वोच्च नेता का तेहरान में 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स' के मुख्यालय जैसे स्पष्ट स्थान पर पाया जाना और मारा जाना, उनके इसी ढांचे की एक विफलता है. खामेनेई और विभिन्न समूहों के अन्य सैन्य नेता अमेरिका और इजराइल के संयुक्त अभियान में मारे गए.

यह पूरा जाल समानांतर बलों की एक प्रणाली के माध्यम से काम करता है, जिन्हें एक-दूसरे की निगरानी और संतुलन बनाए रखने के लिए बनाया गया है. इस सुरक्षा प्रणाली के भीतर एक प्रमुख समूह द्ध्त्रन्नष्ट है, जो 'बासिज' (क्ठ्ठह्यद्बद्ध) नामक एक विंग चलाता है. इस विंग को तब सक्रिय किया जाता है जब देश संकट में होता है, ताकि असंतोष को नियंत्रित किया जा सके और जरूरत पड़ने पर शासन के लिए समर्थन जुटाया जा सके.

यह पूरा तंत्र एक जटिल और आपस में जुड़े मकड़जाल की तरह है, जिसे सुलझाना प्रतिद्वंद्वियों के लिए कठिन हो जाता है कि आखिर प्रत्येक समूह अपनी भविष्य की कार्रवाई और रणनीति कैसे तैयार करता है.

जैसा कि कहा जाता है, लोग काफी हद तक अपने देश की स्वीकृत वास्तविकता और वहां की प्रणालियों से अपना व्यवहार तय करते हैं. इसी तरह, ईरानी समाज बहुत ज्यादा बंटा हुआ तो है, लेकिन इसका अंदाज़ा नहीं लगाया जा सकता, यहां तक कि लिबरल लोग भी अक्सर 'मुश्किल समय' में धार्मिक राष्ट्रवाद का नारा लगाते हैं, ताकि कथित विदेशी हमले के खिलाफ सरकार के साथ एकजुटता दिखाई जा सके. वे आराम से और बिना किसी झिझक के उस शासन के लिए अपने समर्थन को सही ठहराते हैं, जिसका वे महीनों और सालों से विरोध कर रहे थे.

ईरान में महीनों और सालों तक बड़े पैमाने पर लोगों का इकट्ठा होना और उसके बाद हुए विरोध प्रदर्शन, साथ ही 'एक्सिस ऑफ़ रेजिस्टेंस' का खत्म होना, लुभावना था और जाहिर तौर पर शासन के गिरने का सही समय लग रहा था. पतन हो सकता था, शायद स्वाभाविक रूप से क्योंकि लोग उस दिशा में बढ़ रहे थे. हालांकि, स ने इज़राइल के साथ मिलकर मिलिट्री एक्शन चुना और ईरान के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया. स और इज़राइल को जो सबसे बड़ी चुनौती लगी, वह ईरानी प्रॉक्सी से होने वाला जल्द ही होने वाला विरोध था.

7 अक्टूबर के हमलों के बाद इज़राइली सेनाओं द्वारा 'एक्सिस ऑफ़ रेजिस्टेंस' के लीडरशिप को सिस्टमैटिक तरीके से खत्म करने के बाद इसे काफी हद तक दबा दिया गया है और दबा दिया गया है. गाजा की तबाही, हिज़्बुल्लाह के हाई कमांड का 'सिर कलम' करना और सीरिया में असद शासन के गिरने से ईरान अकेला पड़ गया था. पहले, तेहरान इन प्रॉक्सी का इस्तेमाल करने और उन्हें बनाए रखने वाला सेंट्रल हब था, अब, वह पूरा नेटवर्क बिखर गया है. हमास अपने वजूद के लिए लड़ रहा है, हिज़्बुल्लाह सख्त विरोध और सरेंडर के बीच झूल रहा है, असद सीन से गायब हो गया है. हूतियों की अहमियत तब तक थी जब तक बड़ी ताकतें सामने नहीं आईं और ईरान के सीधे इस युद्ध में शामिल होने के बाद उनका खेल खत्म हो गया.

ईरान की भौगोलिक स्थिति उसकी सबसे बड़ी ताकत भी है और सबसे बड़ी कमजोरी भी. पश्चिमी देशों के नजरिए से, वैश्विक व्यापार में ईरान की भूमिका उनके पक्ष में होने पर ही क्षेत्रीय नियंत्रण संभव है. वर्तमान में, ईरान चीनी सामानों को यूरोपीय बाजारों तक निर्बाध रूप से पहुंचाने के लिए एक भौगोलिक पुल का कार्य करता है. ईरान चीन की 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' का हिस्सा है. परिणामस्वरूप, पश्चिम एक विद्रोही या शत्रुतापूर्ण ईरान को अंतरराष्ट्रीय वाणिज्य के लिए एक संभावित बाधा के रूप में देखता है.

इज़राइल के बेत शेमेश में, सारा एलीमेलेक और उनकी बेटी रोनित के अंतिम संस्कार के दौरान, शोक मनाने वाले लोग छिप गए. उस वक्त, एयर-रेड सायरन ईरान द्वारा इज़राइल की ओर दागी जाने वाली मिसाइलों की चेतावनी दे रहे थे. (क्क)

ऐसा लगता है कि ईरानी नेतृत्व को खत्म करने और सत्ता परिवर्तन के उद्देश्य से ईरान पर किए गए अमेरिका और इज़राइल के हमले के अपेक्षित परिणाम नहीं निकले. स्थिति एक व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष में बदल गई है, जिसमें पड़ोस के अन्य मुस्लिम देश भी शामिल हो गए हैं क्योंकि उन्होंने अमेरिका को सैन्य अड्डे उपलब्ध कराए हैं. एक दिलचस्प बात यह देखना होगी कि क्या पड़ोसी मुस्लिम देशों के खिलाफ ईरान की जवाबी कार्रवाई उन्हें ईरान के विरुद्ध अमेरिका और इज़राइल के साथ और अधिक मजबूती से खड़ा होने पर मजबूर करेगी या वे तटस्थ बने रहेंगे.

अध्यात्म

## कमजोर बनाने वाली हर एक आवाज को अनसुना करें

एक बार एक सीधे पहाड़ में चढ़ने की प्रतियोगिता हुई. बहुत लोगों ने हिस्सा लिया. प्रतियोगिता को देखने वालों की सब जगह भीड़ जमा हो गयी. माहौल में सरगमीं थी , हर तरफ शोर ही शोर था. प्रतियोगियों ने चढ़ना शुरू किया। लेकिन सीधे पहाड़ को देखकर भीड़ में एकत्र हुए किसी भी आदमी को ये यकीन नहीं हुआ कि कोई भी व्यक्ति ऊपर तक पहुंच पायेगा ... हर तरफ यही सुनाई देता ...' अरे ये बहुत कठिन है. ये लोग कभी भी सीधे पहाड़ पर नहीं चढ़ पायंगे, सफलता का तो कोई सवाल ही नहीं, इतने सीधे पहाड़ पर तो चढ़ा ही नहीं जा सकता और यही हो भी रहा था, जो भी आदमी कोशिश करता, वो थोडा ऊपर जाकर नीचे गिर जाता, कई लोग दो - तीन बार गिरने के बावजूद अपने प्रयास में लगे हुए थे ...पर भीड़ तो अभी भी चिल्लाये जा रही थी, ये नहीं हो सकता, असंभव और वो उत्साहित प्रतियोगी भी ये सुन-सुनकर हताश हो गए और अपना प्रयास धीरे धीरे करके छोड़ने लगे, लेकिन उन्हीं लोगों के बीच एक प्रतियोगी था, जो बार -बार गिरने पर भी उसी जोश के साथ ऊपर पहाड़ पर चढ़ने में लगा हुआ था ....वो लगातार ऊपर की ओर बढ़ता रहा और अंततः वह सीधे पहाड़ के ऊपर पहुच गया और इस प्रतियोगिता का विजेता बना. उसकी जीत पर सभी को बड़ा आश्चर्य हुआ, सभी लोग उसे घेर कर खड़े हो गए और पूछने लगे, तुमने ये असंभव काम कैसे कर दिखाया, भला तुम्हे अपना लक्ष्य प्राप्त करने की शक्ति कहाँ से मिली, ज़रा हमें भी तो बताओ कि तुमने ये विजय कैसे प्राप्त की ? तभी पीछे से एक आवाज़ आई ... अरे उससे क्या पूछते हो, वो तो बहरा है तभी उस व्यक्ति ने कहा कि हर नकारात्मक बात के लिए - ' मैं बहरा था, बहरा हूँ और बहरा रहूँगा '.

दोस्तों, हम सब के अंदर असीम सम्भावनाएं होती हैं और अपना लक्ष्य प्राप्त करने की क्षमताएँ भी होती हैं लेकिन हम अपने परिवेश और मौजूदा वातावरण में फैले नकारात्मकता की वजह से खुद को काम आंकते हैं और हिम्मत हार जाते हैं, और इसी वजह से अपने बड़े से बड़े और छोटे से छोटे सपनों के साथ समझौता कर लेते हैं और उन्हें बिना पूरा किये ही जिंदगी गुजर देते हैं।

हमें कमजोर बनाने वाली हर एक आवाज को अनसुना करें और उसके प्रति बहरे हो जाएँ तथा हर उस दृश्य के प्रति अंधे हो जाएँ जो हमें सफलता के शिखर तक पहुँचने से रोकते हैं।

# क्या हैं पाकिस्तान-अफ़ग़ानिस्तान संघर्ष के मायने?

**सबसे पहले तो अफ़ग़ानिस्तान भारत के लिए मध्य एशिया में पहुंचने का एक महत्वपूर्ण ज़रिया हैं। भारत इस वक़्त चाबहार बंदरगाह और अंतरराष्ट्रीय उत्तर दक्षिण परिवहन गलियारा इन दो प्रकल्पों पर काम कर रहा है जो भारत को ईरान और अफ़ग़ानिस्तान के ज़रिये मध्य एशिया से जोड़ते हैं। इन गलियारों का व्यापर और सामान की आवाजाही के लिए परिक्षण भी हो चूका है। पाकिस्तान-अफ़ग़ानिस्तान के बीच अगर लंबी जंग चलती है तो इसका असर भारत के मध्य एशियाई देशों के साथ व्यापार पर होगा। दूसरा, कूटनीति के मामले में अफ़ग़ानिस्तान फिलहाल दुनिया के कई देशों के लिए एक जटिल समस्या है। इस वक़्त अफ़ग़ानिस्तान के साथ बहुत काम देशों के कूटनीतिक रिश्ते हैं। भारत ने भी अफ़ग़ानिस्तान के तालिबान शासन को मान्यता नहीं दी है।**

**निरंजन मार्जनी**

पिछ्ले कई दिनों से पाकिस्तान और अफ़ग़ानिस्तान के बीच लगातार सैन्य संघर्ष जारी है। पाकिस्तान में अलग-अलग जगहों पर हो रहे आतंकी हमलों के लिए अफ़ग़ानिस्तान की तालिबान सरकार को ज़िम्मेदार ठहराते हुए पाकिस्तान ने अफ़ग़ानिस्तान पर हवाई हमले शुरू किए। पाकिस्तान का अफ़ग़ानिस्तान पर यह आरोप है की अफ़ग़ान तालिबान तहरीक-ए-तालिबान को समर्थन देता है। पाकिस्तान के में हुए कई हमलों में तहरीक-ए-तालिबान के शामिल होने का आरोप इस्लामाबाद की ओर से लगाया जा रहा है। पाकिस्तान का अफ़ग़ानिस्तान में आतंकी संघटन आय एस आय एस की मजूदगी का भी दावा है। बीते 3-4 वर्षों से पाकिस्तान और अफ़ग़ानिस्तान के बीच रूक-रूक कर झड़पें होती रही हैं। अक्टूबर 2025 में क़तर की मध्यस्थता से दोनों पड़ोसियों में शांति समझौते का भी प्रयास किया गया। लेकिन इस्लामाबाद और काबुल किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंचे।

दक्षिण एशिया के इन दो पड़ोसी देशों के रिश्ते हमेशा से जटिल रहे हैं। दोनों देशों के बीच के विवाद की जड़ अंग्रेज़ो के शासन काल में है। अंग्रेज़ों के समय में जब भारत और पाकिस्तान का विभाजन हुआ उस वक़्त पाकिस्तान और अफ़ग़ानिस्तान के बीच भी कुछ इलाकों का बंटवारा हुआ। अंग्रेज़ शासकों ने पाकिस्तान और अफ़ग़ानिस्तान के बीच एक सीमा रेखा खिंच दी जिसे डुरंड लाईन कहा जाता है। इस डुरंड लाईन से पख़्तून बहुल इलाका पाकिस्तान और अफ़ग़ानिस्तान में बंट गया। अफ़ग़ानिस्तान ने इस सीमा रेखा को कभी स्वीकार नहीं किया और पाकिस्तान के हिस्से में गए इलाके (खैबर-पख़्तूनख़्वा) पर भी हमेशा दावा किया है। सीमा विवाद पाकिस्तान और अफ़ग़ानिस्तान के बीच के संघर्ष की एक महत्त्वपूर्ण वजह रही है।

सीमा विवाद और आतंकवाद- इन दो मुद्दों से पाकिस्तान-अफ़ग़ानिस्तान का संघर्ष केवल द्विपक्षीय मामला लग सकता है। लेकिन इस जंग के मायने और परिणाम सिर्फ़ दो देशों तक सीमित नहीं हैं। एक, इस वक़्त दुनिया में अनेक युद्ध चल रहे हैं, जैसे रूस-यूक्रेन युद्ध और इस्राएल-हमास युद्ध। अमेरिका भी ईरान पर हमले की तैयारी कर रहा है। ऐसे में एक और युद्ध से विश्व में अस्थिरता, असुरक्षितता और आर्थिक अनिश्चितता और बढ़ेगी।

दूसरा, हाल के समय में पाकिस्तान और अमेरिका के बीच बढ़ती नज़दीकियों को देखकर इससे इनकार नहीं किया जा सकता की अमेरिका इस जंग के ज़रिये अपना हित साधने की कोशिश करे। अगर अमेरिका मध्यस्थता करके दोनों देशों में शांति प्रस्थापित करता है तो अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प इसे ख़ुद की कामयाबी बता सकते हैं और अपने आप को नोबेल शांति पुरस्कार मिलने योग्य बता सकते हैं।

तीसरा, अमेरिका यह भी चाहेगा की रूस किसी तरह अफ़ग़ानिस्तान की मदद करे। अगर



ऐसा होता है तो संभव है रूस का ध्यान यूक्रेन से भटके। इससे यूरोप ऊपर लगातार मंडरा रहा जंग का ख़तरा कुछ हद तक कम होगा। अमेरिका की कोशिशों से अगर यह हो पाता है, तो अमेरिका के यूरोपीय देशों से रिश्ते सुधर सकते हैं। डोनाल्ड ट्रम्प के दुसरे कार्यकाल में अमेरिका और यूरोप के रिश्तों में क़ाफी कड़वाहट पैदा हुई है।

चौथा, अगर रूस अफ़ग़ानिस्तान की प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मदद नहीं करता, और अमेरिका इस युद्ध को रोकने में कामयाब होता है, तो इससे अमेरिका अफ़ग़ानिस्तान से भी अपनी नज़दीकियां बढ़ाने की कोशिश करेगा। अफ़ग़ानिस्तान में प्राकृतिक संसाधन और खनिजों का बहुत बड़ा भंडार है, जिसका फायदा अमेरिका लेना चाहेगा।

एक, अगर यह युद्ध लंबे समय तक चलता रहा तो इससे दक्षिण एशिया में अस्थिरता बढ़ेगी और पूरे प्रांत की सुरक्षा को ख़तरा पैदा हो सकता है। दक्षिण, पश्चिम और मध्य एशिया से भारत के कई आर्थिक और रणनीतिक हित जुड़े हुए हैं जिनपर यह युद्ध असर डाल सकता है।

सबसे पहले तो अफ़ग़ानिस्तान भारत के लिए मध्य एशिया में पहुंचने का एक महत्त्वपूर्ण ज़रिया हैं। भारत इस वक़्त चाबहार बंदरगाह और अंतरराष्ट्रीय उत्तर दक्षिण परिवहन गलियारा इन दो प्रकल्पों पर काम कर रहा है जो भारत को ईरान और अफ़ग़ानिस्तान के ज़रिये मध्य एशिया से जोड़ते हैं। इन गलियारों का व्यापर और सामान की आवाजाही के लिए परिक्षण भी हो चूका है। पाकिस्तान-अफ़ग़ानिस्तान के बीच अगर लंबी जंग चलती है तो इसका असर भारत के मध्य एशियाई देशों के साथ व्यापार पर होगा। दूसरा, कूटनीति के मामले में अफ़ग़ानिस्तान फिलहाल दुनिया के कई देशों के लिए एक जटिल समस्या है। इस वक़्त अफ़ग़ानिस्तान के साथ बहुत काम देशों के कूटनीतिक रिश्ते हैं। भारत ने भी अफ़ग़ानिस्तान के तालिबान शासन को मान्यता नहीं दी है। लेकिन भारत ने अफ़ग़ानिस्तान से अपने रिश्ते कायम रखे हैं। संतुलित कूटनीति द्वारा भारत ने इस क्षेत्र में अपने हित संभाले हैं। पाकिस्तान-अफ़ग़ानिस्तान का संघर्ष और इसमें दुसरे देशों का दख़ल देने से शायद भारत को अपने मध्य एशिया नीति पर पुनर्विचार करना पेड़ सकता है। पाकिस्तान और अफ़ग़ानिस्तान के बीच का संघर्ष सिर्फ दक्षिण एशिया के लिए ही नहीं बल्कि पूरे एशिया और दुनिया के लिए भी चिंता का विषय है। इस संघर्ष का जारी रहना विश्व की अर्थव्यवस्था और सुरक्षा को असंतुलित कर सकता है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपके लिए उम्मीदों से भरा और बाकी दिनों से कहीं ज्यादा सकारात्मक रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में कोई नया पद या जिम्मेदारी मिलने की संभावना है।

**वृषभ**
आज आपके अंदर आगे बढ़ने और खुद को साबित करने की प्रबल इच्छा रहेगी। प्रतिस्पर्धा का भाव आपको मेहनत करने के लिए प्रेरित करेगा।

**मिथुन**
आज आपको हर काम में धैर्य और संतुलन बनाए रखने की जरूरत होगी। व्यवसाय में बड़ा जोखिम उठाने से बचना ही समझदारी होगी।

**कर्क**
वैवाहिक जीवन में प्रेम और तालमेल बना रहेगा, जिससे मन संतुष्ट रहेगा। छोटे बच्चों की खुशी के लिए आप कोई उपहार ला सकते हैं।

**सिंह**
आज नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन खास रहने वाला है, क्योंकि उन्हें मनपसंद काम मिलने से उत्साह बढ़ेगा और मेहनत का फल भी मिलेगा।

**कन्या**
आज का दिन सफलता और संतोष लेकर आएगा। आपके मन में प्रेम और सहयोग की भावना बनी रहेगी, जिससे रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी।

**तुला**
करियर के लिहाज से आज का दिन आपके लिए शुभ संकेत दे रहा है। रुका हुआ या डूबा धन वापस मिलने से मानसिक राहत और खुशी दोनों मिलेंगी।

**वृश्चिक**
आज आपके आसपास का माहौल सकारात्मक और आनंदमय रहेगा। आप सबको साथ लेकर चलने की कला से लोगों का विश्वास जीतेंगे।

**धनु**
आज का दिन प्रगति और उपलब्धियों का संकेत दे रहा है। कार्यक्षेत्र में बड़ी जिम्मेदारी मिलने से आपकी पहचान और पद दोनों मजबूत हो सकते हैं, साथ ही वेतन वृद्धि की संभावना भी है।

**मकर**
आज का दिन रचनात्मकता और आत्मविश्वास से भरा रहेगा। आप नई योजनाओं और सृजनात्मक कार्यों में उत्साह से भाग लेंगे। जरूरतमंद की मदद करने से मन को सुकून मिलेगा।

**कुंभ**
आज आपको अपने खर्चों पर नियंत्रण रखने और आर्थिक संतुलन बनाए रखने की जरूरत होगी। आसपास के लोगों को पहचानना जरूरी होगा।

**मीन**
आज का दिन उपलब्धियों और सम्मान का संकेत दे रहा है। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी और नए अवसर आपके सामने आएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### दो बहनों के साथ तीन बदमाशों ने की छेड़छाड़

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के एक गांव में शौच के लिए गई दो बहनों के साथ तीन की संख्या में रहे बदमाशों ने छेड़खानी की। दोनो लड़कियों ने इस घटना को अपने घर वालों को बताया। जिसके बाद मामले दोनो पीड़िता बहने थाने में पहुँचकर पुलिस से शिकायत कर मामला दर्ज कराया है। फिलहाल पुलिस पीड़िता के बयान पर तीन युवकों को नामजद आरोपी बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज की है। वही तीन आरोपियों की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। इस मामले में थानाध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### घायल बाइकर की इलाज के दौरान मौत

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के दयालचक मोड़ के पास कार की टक्कर से घायल हुए एक बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान मौत हो गयी। मौत की घटना के बाद मृतक युवक के परिजनों के बीच कोहराम मच गया है। बताया जाता है कि दयालचक मोड़ के पास तेज रफ्तार एक कार ने बाइक सवार बाजितपुर निवासी विनोद राय का पुत्र मनीष कुमार को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में युवक मनीष गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिजनों ने आनन फानन में इलाज के लिए पटना के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिसकी गुरुवार के शाम इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत की सूचना मिलती है पर जिलों के बीच कोहराम मच गया है। इधर पुलिस ने मृतक के शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। इस घटना को लेकर मुखिया रिंकू देवी ने परिजनों से मिलकर गहरा दुख प्रकट कर शोक जताया है।

### पूर्व विवाद को लेकर दो गुटों में जमकर मारपीट

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के हासनचक गांव में होली के दिन पूर्व में हुए विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट होने से होली का रंग बदरंग हो गया। इस संबंध में दोनों पक्षों के तरफ से अथमलगोला थाना में आवेदन दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक जख्मी सुजीत कुमार के पक्ष से तीन व्यक्ति घायल हुए हैं। जिनका प्राथमिक उपचार सीएचसी अथमलगोला में कराया गया। जबकि द्वितीय पक्ष से भी एक व्यक्ति के घायल होने की जानकारी मिली है।इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राहुल कुमार नवनीत ने बताया कि दोनों तरफ से दिए गए आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है।

### ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना गया रेल खंड के तिनेरी हॉल्ट के समीप गोपालपुर मठ गांव के नजदीक ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई है इस संबंध में तारेगना रेलवे स्टेशन प्रबंधक के दिए गए मेमो के अनुसार बताया गया है कि डाउन लाईन में 63244उ्ठ के चालक द्वारा ठउ्श-ळएअ उ्ठ छल्ली के बगल में डट 33/16-33/24 के बीच के रेलवे पटरी किनारे एक 40 वर्षीय युवा का शव पड़ा देखा गया है जहां स्थानीय जीआरपी पुलिस को सूचना दी गई उसके माध्यम से मसौढ़ी पुलिस ने शव को बरामद किया गया है।शव की पहचान अभी तक नहीं हुई है जिसकी पहचान करने में पुलिस जुटी है।

### आपसी विवाद में एक महिला को मारपीट कर किया जख्मी, बचाने आए बेटे को पिस्तौल के बट से मारने का आरोप

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मामला मसौढ़ी थाना क्षेत्र के बैरमचक गांव की है, जहां पर होली की संध्या पर आपसी विवाद में एक महिला को घर से खींचकर गली मे लाकर बेरहमी से मारपीट किया है। वहीं बचाने आए उसके बेटे आदित्य को भी पिस्टल के बट से मारकर जख्मी कर देने का मामला प्रकाश में आया है, इस मामले में पीड़ित पूनिया देवी पति रंजीत बिंद ने चार लोगों पर मसौढ़ी थाने में प्राथमिकी दर्ज की है। जिसमें गांव के ही श्यामलाल बिंद और उदल बिंद पिता जमाहीर बिंद, सतेंद्र बिंद पिता कैलाश बिंद और श्याम लाल की पत्नी पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की है ।पीड़ित ने बताया कि जब हम घर में थे तो हमें घर से खींचकर गली में बाहर लाया और गाली गलौज करते हुए मारपीट की छिनतई की है। वही पिस्टल के बट से और तलवार से हमारे बेटे को जख्मी किया है पुलिस प्राथमिकी दर्ज किया है।

### पालीगंज में छिटपुट घटनाओं के बीच शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई होली, मारपीट में 11 लोग घायल

**पालीगंज (पटना) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रंगों का पर्व होली पालीगंज अनुमंडल क्षेत्र में कहीं-कहीं छिटपुट पारिवारिक घटनाओं को छोड़कर शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो गया। हालांकि विभिन्न जगहों पर हुई मारपीट की घटनाओं में कुल 11 लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए पालीगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। होली के अवसर पर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विभिन्न संवेदनशील स्थानों, खासकर मस्जिदों और मदरसों के आसपास पुलिस बल की तैनाती की गई थी। साथ ही पुलिस पदाधिकारी लगातार क्षेत्र में गश्त करते रहे, जिससे किसी भी प्रकार की बड़ी अप्रिय घटना नहीं घटी। पालीगंज थाना क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में हुई मारपीट की घटनाओं में सिकंदरपुर गांव में 5, लालगंज सेहरा में 3 तथा सियारामपुर में 3,पड़ियाचक में 2 लोग घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज पालीगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में देर रात तक किया गया। प्रशासन की सतर्कता और लोगों के आपसी सहयोग से पूरे क्षेत्र में होली का पर्व शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि सभी झगड़े परिवारिक मामले में ही है होली को लेकर कही भी कोई झगड़ा नहीं हुआ है।हुए मामले की जांच में जुट गई है।

### प्रथम ईस्ट जोन के ग्रैपलिंग चैंपियनशिप व राष्ट्रीय कोच सेमिनार के लिए रवाना हुआ सिवान से ग्रेप्लिग दल

**सिवान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरुवार कों प्रथम ईस्ट जोन के ग्रैपलिंग चैंपियनशिप व राष्ट्रीय कोच सेमिनार के लिए रवाना हुए सीवान के 7 खिलाडी व कोच अरुणाचल प्रदेश के इटानगर में आयोजित 2 दिवसीय कोच सेमिनार व 1 दिवसीय चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया है जो दिनांक 6/03/2026 से 8/03/2026 तक दोरजी खांडू इंदौर बैडमिंटन स्टेडियम लोक भवन ईटानगर अरुणाचल प्रदेश मे आयोजित हो रहा है जिसमें 5 राज्य के प्रतिभागी हिस्सा लेंगे ग्रैपलिंग खेल को तकनीकी रूप से



विकसित करने के लिए राष्ट्रीय कोच का सेमिनार 2 दिन का रखा गया है तथा 1 दिन का राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है इस प्रतियोगिता में हिस्सा के लिए सीवान जिले से बिहार टीम के तरफ से 4 ग्रैपलिंग कोच सेमिनार में व 2 खिलाड़ी प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे कोच सेमीनार हेतु प्रियेस तिवारी , कविता कुमारी , अनामिका कुमारी, श्रेया कुमारी ,मिनी कुमारी व खिलाड़ी सिमरन कुमारी, शगुफ़्ता नाज जो इस प्रतियोगिता में अपना प्रतिभा दिखाएंगी !इस अवसर पर सीवान ग्रैपलिंग टीम को रवाना करने के लिए जिला ग्रैपलिंग संघ के संरक्षक- डॉ राजा प्रसाद , देवेन्द्र गुप्ता व जिला अध्यक्ष- अरविंद कुमार पाठक की देख रेख में फल मिठाईयां देकर खिलाड़ियों को शुभकामनाओ के साथ विदा देकर रवाना किए।

### रंग और फगुआ के गीतों के साथ मनी होली

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल क्षेत्र पालीगंज में रंगों का पर्व होली हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर पुरुष एवं महिला पुलिस बल की तैनाती की गई थी, वहीं पुलिस पदाधिकारी लगातार क्षेत्र में गश्त करते नजर आए। प्रखंड के खपुरा, रानीपुर, पतौना, रघुनाथपुर, मेरा, खनपुरा, सियारामपुर, अंकुरी, कालोपुर, निरखपुर सहित अन्य गांवों में सुबह से ही लोगों ने मिट्टी और रंग के साथ होली खेलना शुरू कर दिया। बच्चों और युवाओं में पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। दोपहर बाद गांव के देवस्थलों एवं दलानों पर बुजुर्गों और युवाओं की टोली एकत्रित होकर पारंपरिक फगुआ गीत गाने लगी, जो देर रात तक चलता रहा। ढोलक और झाल की थाप पर गाए जा रहे फगुआ गीतों से पूरा वातावरण होली के रंग में रंगा रहा। रानीपुर गांव के विनय सिंह ने बताया कि गांव के देवी स्थान मंदिर परिसर में ग्रामीण ढोलक और झाल लेकर जुटे और पारंपरिक होली गीत गाते हुए हर्षोल्लास के साथ होली का पर्व मनाया तथा एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर एक दूसरे को बधाईयां दी और क्षेत्र की उन्नति की कामना की।

# होली है... रंगों के पर्व में मस्ती में डूबा मसौढ़ी शहर

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रंगों का त्यौहार



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गांव से लेकर शहर तक मसौढ़ी में होली का पर्व हर्षोल्लास और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। मस्ती और उमंग का पर्व में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रंग गुलाल से माहौल सतरंगी नजर आया। शहर की सड़कों पर दिनभर रंगीन चेहरे नजर आते रहे। होलियारों की टोलियां चौक-चौराहों पर जमकर धूम मचाया। रंग गुलाल उड़ते रहे और लोग रंग की मस्ती में डूबे रहे।इस पावन अवसर पर सुबह से ही मसौढ़ी, धनरूआ एवं पुनपुन के हर गांव में उत्सव जैसा माहौल रहा।बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।गांव की गलियों में ढोलक की थाप और हंसी-खुशी की गूंज सुनाई दे रही थी। लोगों ने गले मिलकर पुराने गिले-शिकवे भुलाए और आपसी प्रेम व सौहार्द का संदेश दिया। वहीं महिलाओं ने पारंपरिक होली गीत गाए, जबकि युवाओं ने रंगों की मस्ती में जमकर आनंद लिया। इस दौरान तारेगना डीह निवासी गुलाब चंद्रा ने भी सभी मसौढ़ी वासियों को होली की बधाई दी। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार प्रेम, एकता और सद्भाव का प्रतीक है। बहरहाल हर तरफ होली पर्व को लेकर खासकर बच्चों में काफी उत्साह देखते बन रहा था, जहां बच्चों ने जमकर एक दूसरे को रंग लगाते हुए होली की मस्ती की।रंगों को त्यौहार होली उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया। सुबह से लेकर शाम तक होलियारों की टोलियां शहर के विभिन्न मोहल्लों में नजर आई। दिनभर लोग होली की मस्ती में डूबे रहे। एक-दूसरे को रंग लगाकर गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी। होली को लेकर बच्चों का उत्साह देखने को मिला। बच्चों ने मजकर होली खेली और रास्ते से आने जाने वाले राहगीरों पर भी पिचकारी और रंग भरे गुब्बारों से रंग डालते रहे। कई जगहों पर घरों की छत पर चढ़कर बच्चे आने वालों को रंग और पानी की बारिश करते दिखाई दिए। शहर के तारेगना डीह में सुबह से ही होली का रंग दिखाई देने लगा था और छोटे बच्चे हाथों में पिचकारी लिए एक दूसरे पर रंग डाल रहे थे। आरती कुमार, ऋषिकेश, डोली कुमारी, रोहित सान्याल, आयुष्मान ,रोहन, रिशु,हर्ष,खुशी समेत अन्य लोगों शामिल रहे।

## आपसी विवाद में मारपीट, अंधाधुंध फायरिंग, छह खोखे बरामद



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** होली की संध्या मसौढ़ी के सरवां गांव में आपसी विवाद में मारपीट और दहशत बनाने के लिए अंधाधुंध फायरिंग करने की घटना घटी हैं। इस संबंध में सरवां गांव के राजेश पासवान उम्र 40 वर्ष पिता स्व. वासो पासवान ने चार लोगों के खिलाफ थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। मौके पर सूचना पाकर पहुंचे पुलिस ने घटनास्थल की पूरी जांच की जगह घटना स्थल से छह धोखे भी बरामद किए हैं।पिडित के द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में लिखा गया है कि शाम को तकरीबन 5:00 बजे के आसपास जब घर पर बैठे थे तो कई लोग गांव में घुसकर गाली गलौज जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल करते हुए अंधाधुंध फायरिंग की और दहशत मचाने की कोशिश की जिसमें भागम भाग में कई लोग जख्मी हुए हैं और मारपीट कर घायल भी कर दिया गया है। जिसमें अभिषेक कुमार पिता पंकज सिंह उर्फ भूषण सिंह, रोहित कुमार पिता राजेश सिंह, चंदन कुमार, राजकुमार पिता मनोज कुमार एवं5 अज्ञात व्यक्ति शामिल थे। पीड़ित ने बताया कि गांव के अभिराम कुमार राजकुमार एवं अभिषेक कुमार ने अपने कमर से पिस्तौल निकाल कर हवाई फायरिंग की है वहीं सुधीर पासवान पिता सुखदेव पासवान अन्य लोगों को चोट लगी है पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी हैं।

## शिक्षक ने नाबालिग छात्रा को शादी का झांसा देकर किया यौन शोषण

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के एक गांव में ट्यूशन पढ़ाने वाले शिक्षक ने नाबालिक छात्रा को शादी का झांसा देकर कई महीनों तक यौनशोषण करने का मामला सामने आया है। वही युवक शादी की बात जब आई तो मुकर गया। इसके बाद पीड़िता ने थाने में युवक के खिलाफ थाने में लिखित शिकायत कर मामला दर्ज कराया है। बताया जाता है कि मनेर के एक गांव में 7 वीं कक्षा की 14 वर्षीय नाबालिग छात्रा को गांव का ही एक ट्यूशन पढ़ाने वाले शिक्षक प्रति दिन अपने घर पर बुलाकर ट्यूशन पढ़ाता था। इस बीच शिक्षक ने छात्रा को भोली भाली बातों व शादी का प्रलोभन देकर संबंध बनाने लगा। इस तरह दिनों तक दोनों के बीच संबंध रहें।इधर जब शिक्षक की शादी कही दूसरे जगह पर तय हो गयी। इसके बाद छात्रा ने उसके के तय होने कस विरोध किया।

## अपराध की योजना बना रहे दो युवक एक देशी राइफल एक देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** होली पर्व को लेकर पुलिस अपनी सक्रियता दिखाते हुए चप्पे चप्पे पर निगरानी रखी हुई है। इसी दौरान कादिरगंज पुलिस ने अगरपुर पंचायत सरकार भवन के पास से दो युवक को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है। जिसके पास से एक देसी कट्टा जप्त गई थी ।वहीं पूछताछ के दौरान रौनी राज के घर से उसके आंगन से एक देशी राइफल को भी बरामद किया गया है।

गिरफ्तार दो युवकों में रौशन कुमार, उम्र करीब 20 वर्ष पिता स्व. रामबली प्रसाद सा. पोखरपर रौनी राज, उम्र करीब 21 वर्ष,पिता अशोक प्रसाद सा. अगरपुर दोनों कादिरगंज थाना इस पूरे मामले में सहायक पुलिस अधीक्षक कोमल मीणा ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित करते हुए कहा कि यह दोनों युवक को कादिरगंज पुलिस ने पुलिस पेट्रोलिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया है। दरअसल छापेमारी के दौरान पुलिस को देखकर यह दोनों युवक भाग रहे थे जिसे गिरफ्तार किया गया है और पूरे जांच पड़ताल के दौरान हथियार भी बरामद की गई है। दोनों गिरफ्तार युवक के पास कई आपराधिक इतिहास रहा है। कई मामलों में भी वांछित रहा है। अभी पूरी पूछताछ जाच पड़ताल की जा रही है कि हथियार कहां से लाया है क्या इसकी योजना थी और यह अभी वर्तमान में क्या कर रहा है पूरी बिंदुवार जांच पड़ताल की जा रही है कादिरगंज थानाध्यक्ष रौशन कुमार समेत सभी पुलिसकर्मियों को एएसपी ने पुरस्कृत करने का भी बात कही है।

## गुप्त सूचना पर कार से विदेशी शराब उतारते महिला समेत दो तस्कर गिरफ्तार

### कार मालिक समेत दो फरार,पूछताछ के बाद गिरफ्तार आरोपित तस्कर भेजे गए जेल



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बीते बुधवार की देर रात तारेगना- ब्लाक रोड के पास एक स्कार्पियो से विदेसी शराब उतारते ही एक महिला समेत दो तस्करों को विभिन्न कंपनियों की 28.35 लीटर विदेसी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने मौके से कार और दो मोबाइल भी बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपितों में लहसुना थाना के उसमानचक ग्रामवासी बखौरा मोची के पुत्र सुधन कुमार और स्वर्गीय अभय सिंह की पत्नी प्रियंका कुमारी शामिल हैं ।हालाकि अंधेरे का फायदा उठा कार मालिक समेत दो आरोपित निकल भागें।फरार आरोपितों में कार मालिक थाना के सतीस्थान निवासी चंद्रमौली सिंह के पुत्र नवीन कुमार व थाना के तारेगनाडीह निवासी रूपचंद्र चौधरी के पुत्र सोनू कुमार शामिल हैं पुलिस फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही थी।इस बाबत पुलिस ने बताया कि बीते बुधवार की देर रात पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक काले रंग की स्कार्पियो से तस्करी के लिए विदेशी शराब लाई गई है और उसे थाना के तारेगना- ब्लाक रोड में कार से उतारा जा रहा है।सूचना के आलोक में पुलिस मौके पर पहुंची और कार की तलाशी ली।इस दौरान पुलिस ने कार की पिछली सीट से विभिन्न कंपनियों की 28.35 लीटर विदेशी शराब बरामद किया।पुलिस ने मौके से ही सूधन कुमार व प्रियंका कुमारी को गिरफ्तार कर लिया।उनके पास से पुलिस ने दो मोबाइल भी बरामद किया।साथ ही कार को भी जप्त कर लिया।हालाकि पुलिस को देख अंधेरे का फायदा उठा नवीन कुमार और सोनू कुमार फरार हो गए।

## आपसी विवाद में मारपीट, चाकू से किया हमला, प्राथमिकी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के न्यूमणीचक मोहल्ले में एक युवक के साथ मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर जख्मी कर दिया है। इस मामले में पीड़ित जख्मी अजीत कुमार की मां आशा देवी के बयान पर तीन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। पीड़ित आशा देवी के दिए गए आवेदन के आलोक में लिखा गया है की होली के शाम को जब मेरा बेटा अजीत कुमार बगल के दुकान में खरीदारी करने गया था तो गांव के ही पंकज कुमार पिता विनोद राय, नीरज कुमार पिता विनोद राय ने मिलकर उसे जमकर मारपीट किया और चाकू से कई जगहों पर वार किया है, जहां जख्मी हो गया है, जिसका इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती किए हैं, उसके बाद जब उसके घर पर मारपीट के बारे में बात करने गए हैं तो राखी देवी पति विनोद राय समेत सभी लोगों ने लाठी डंडा से मारना शुरू किया जहां भाग के जान बचाए हैं वही जान से मारने की धमकी भी दिया है ।

## मसौढ़ी के बसियौरा में मनायी गई बुढ़वा होली, फगुआ पर झूमते गाते नजर आये लोग



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी में पौराणिक परंपरा के अनुसार होली के दूसरे दिन बसिऔरा मनाने का रिवाज है. ऐसे में गुरुवार को मसौढ़ी के संगत पर मुसहरी एवं धनरूआ के बरनी रविदास टोला में झुमटा निकालकर पूरे गांव में भ्रमण करते हुए जमकर होली खेले, और फगुआ गाते दिखे हलांकि इसे जिसे बुढ़वा होली के नाम से भी जाना जाता है. मसौढ़ी के कई गांवों में गुरुवार को बुढ़वा होली मनायी गई,दरअसल होली की अगली सुबह पौराणिक परंपरा के अनुसार बसिऔरा मनाये जाने और झुमटा निकालने का रिवाज है. इसके पीछे कई पौराणिक कथाएं भी हैं. बुजुर्गों का कहना है कि पुराने जमाने में एक जमीदार जो पूरे गांव के संरक्षक कहे जाते थे, उनकी तबीयत अचानक खराब हो गयी. जिससे लोग होली के दिन होली नहीं खेल पाये. इसके बाद अगले दिन धूमधाम से होली मनायी गयी. तभी से यह परंपरा चली आ रही है और पूरे गांव में नाचते गाते हुए लोग नट-नटिन बनकर होली का उत्सव मनाते हैं।झुमटा में नट-नटिन बनकर लोग झूमते गाते हुए पूरे गांव में घूमते हैं और घर-घर जाकर बसिऔरा मांगते हैं. जिसमें पुआ, पूरी, पैसे या दान दक्षिणा के रूप में उन्हें दिया जाता है. पूरे गांव में मस्ती का माहौल रहता है. बसिऔरा मनाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है।

## नई आशा के सिलाई सह पढ़ाई केन्द्र की युवतियों ने किया नालंदा परिभ्रमण



**कोईलवर (भोजपुर)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सामाजिक संस्थान नई आशा द्वारा 'अलका हार्मनी फाउंडेशन' के सौजन्य से संचालित गिद्धा 'सिलाई सह पढ़ाई केंद्र' की युवतियों ने नालंदा परिभ्रमण कर कई महत्वपूर्ण स्थलों का अवलोकन किया। इनमें सभी युवतियां महादलित मुसहर जाति की थीं। उन्होंने जू सफारी, थिएटर सहित कई दर्शनीय स्थलों का भ्रमण किया। इस दरमियान धरमू राम, प्रशिक्षिका लवली कुमारी सहित मानसी कुमारी, पुष्पा कुमारी, जीरा कुमारी, नंदनी कुमारी, पिंकी कुमारी, रंजनी कुमारी, आदि थी। परिभ्रमण दल को पद्मश्री डॉ भीम सिंह भवेश एवं अलका हार्मनी फाउंडेशन के संरक्षण राजीव भटनागर द्वारा ऑनलाइन शुभकामनाएं देकर रवाना किया गया। नालंदा में जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी राजकुमार द्वारा इन्हें निःशुल्क जू सफारी का भ्रमण कराया गया। उन्होंने प्रकृति एवं प्रकृति से जुड़े अनमोल धरोहरों के संदर्भ में बताया। श्री राजकुमार ने कहा कि वन विभाग का उद्देश्य वनों का संरक्षण एवं संवर्द्धन के साथ आम लोगों को प्रकृति के संदर्भ में जागरूक कराना भी है। उन्होंने सभी युवतियों को पढ़ने एवं हुनरमंद होकर अपने पैरों पर खड़ा होने की शुभकामनाएं दीं।

## डेढ़ क्विंटल चोरी का बिजली एलमुनियम तार पुलिस ने किया जप्त, एक गिरफ्तार



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र में एक बार फिर से तरकटवा गिरोह सक्रिय हो रहा है। जहां धनरूआ पुलिस ने गुरुवार को एलमुनियम के बिजली के तार को टेंपो सहित उस वक्त रंगे हाथ दबोच लिया जब वह टेम्पो पर लाद कर लेकर जा रहा था:जिसका वजन तकरीबन डेढ़ क्विंटल है। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि सोनमई के पास एक टेंपो में चोरी की गई बिजली का तार के साथ एक व्यक्ति धीरज कुमार पिता धर्मेंद्र को सोनमई के पास गिरफ्तार किया गया है। यह सोनमई के आसपास तकरीबन दो-तीन पोल का बिजली तार काट कर रखा होगा और बेचने के लिए यह ले जाने की कोशिश कर रहा था जिसे सूचना मिलते ही रंगे हाथ दबोचा गया है और गिरफ्तार युवक से पूरे मामले की पूछताछ की जा रही है। जप्त एल्युमिनियम के तार की कीमत बाजार में तकरीबन ₹1 लाख बताई जा रही हैं।चोर खेतों में लगे हुए बिजली के तारों को काटकर उसे बेचने का काम करते हैं तरकटवा गिरोह की सक्रियता देखते हुए पुलिस इन दोनों एक्टिव हो गई है।

## बंद घर का ताला तोड़कर 12 हजार नगदी समेत 3 लाख की चोरी



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के श्रीनगर मोहल्ले में एक बंद घर का ताला तोड़कर चोरों ने तकरीबन ₹12000 नगदी समेत 3 लाख गहने आभूषण एवं अन्य कीमती सामान को चोरी कर लिया है। दरअसल घटना होलिका दहन के दिन घटी है। जहां घर के सभी सदस्य अपने गांव गए हुए थे। इस मामले में पीड़ित नीतिश राज पिता शिवजी प्रसाद मुहतला भीनगर मसौढी वार्ड सं0 28 ने बताया की, सोमवार की रात्रि 12 बजे के लगभग मेरे घर पर दरवाजा का ताला तोड़कर चोरो ने नगदी रूपया, किमती कपडा, जेवर सोना एवं चांदी, मोवाईल उत्पादि सामान लेकर चले गये। होलिका दहन के अवसर पर अपने गांव खगडिया ,उतरसेरथु ,,काको, जहानाबाद चले गये थे,घर पर कोई भी नहीं था,घर खाली रहने के कारण चोरो के ने घटना का अंजाम दिया।जब हम घर आये तो देखे की दरवाजों का ताला तोड़ा हुआ है एवं अन्दर का सामान बिखरा हुआ है, बहुत से सामान गायव है। मैने तुरत डायल 112 को काल कर सूचना दिया। जहाँ मोवाईल टीम आकर जाँच पड़ताल कि,जिसमें 12 हजार नगदी समेत तिन लाख के आभूषण, कपडे एवं अन्य किमती सामान चोरी हो गई है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है आसपास के सीसीटीवी कैमरे को खंगालने में लगी है।

# मसौढ़ी के तारेगना डीह में बच्चों ने आंखों पर पट्टी बांधकर फोड़ी मटकी

### पुनपुन एवं धनरूआ में भी हुआ मटकी फोड़ कार्यक्रम



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रंगों का त्योहार होली के दूसरे दिन कई जगहों पर बसियौरा होली मनाई गई, तो कई जगह पर मटका फोड़ने का भी पौराणिक परंपरा के अनुसार मटका फोड़ी गई। जहां मसौढ़ी शहर के अलावा धनरूआ एवं पुनपुन बाजार में भी मटकी फोड़ कार्यक्रम किया गया।वहीं मसौढ़ी के तारेगना डीह गांव में एक विशेष तौर पर अनोखी परंपरा के अनुसार मटकी फोड़ी गई है जहां पर छोटे-छोटे बच्चों एवं महिलाओं की आंखों पर पट्टी बांधकर मटकी फोड़ी गई। इसमें आंख पर पट्टी बांधकर हाथ में डंडा लेकर 10 फीट दूर रखी मटकी को फोड़ने का प्रयास किया। इस कार्यक्रम में गांव के छोटे बच्चों ने उत्साह से हिस्सा लिया। इसका उद्देश्य बच्चों को सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ना था। साथ ही उनमें भागीदारी की भावना विकसित करना था।कार्यक्रम में बच्चों की टोली को विशेष चुनौती दी गई। उनकी आंखों पर पट्टी बांधी गई। हाथ में डंडा देकर दुर रखी हुई मटकी को फोड़ने को कहा गया। दरअसल गली के बीचों-बीच जमीन पर रंगों से एक घेरा बनाकर मटका रखा गया था। इसे देखने के लिए महिलाएं, बच्चे और युवा बड़ी संख्या में मौजूद थे। दर्शक 'इधर मारो' उधर जाओ' जैसी आवाजें लगाकर प्रतिभागियों का मार्गदर्शन कर रहे थे, जिससे माहौल जीवंत बना रहा। जैसे ही एक प्रतिभागी का डंडा मटके के करीब पहुंचा, भीड़ में उत्साह बढ़ गया। अंततः एक जोरदार वार से मटका टूट गया। मटका फूटते ही तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा माहौल गूंज उठा। इसके बाद विजेता प्रतिभागी को फूल-मालाओं से सम्मानित किया गया। ग्रामीणों के अनुसार, यह मटका फोड़ प्रतियोगिता वर्षो पुरानी परंपरा का हिस्सा है। यह होली के त्योहार में एक विशेष उत्साह जोड़ती है।बीरन पासवान लड्डू विश्वकर्मा बिना विश्वकर्मा गोलू कुमार सुरेंद्र कुमार गुप्ता एवं इत्यादि ग्रामीण वासी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मंशा टोला वार्ड-32 में गुरुवार सुबह एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान मंशा टोला निवासी मसकुर आलम की पत्नी रेहाना खातून (26) के रूप में हुई है। घटना सुबह करीब पांच बजे की बताई जा रही है।परिजनों के अनुसार ससुराल पक्ष ने फोन कर बताया कि रेहाना की तबीयत अचानक बिगड़ गई है और उसके हाथ-पैर सुन्न हो गए हैं। इसके बाद उसे इलाज के लिए जीएमसीएच बेतिया ले जाया गया। सूचना मिलने पर मृतका के फूफा मोहम्मद कयूम अस्पताल पहुंचे, लेकिन तब तक ससुराल पक्ष के लोग शव लेकर जा चुके थे। अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया था।मृतका के गले पर जख्म के निशान मिलने से परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### जदयू के नए जिलाध्यक्ष कन्हैया कुशवाहा का स्वागत

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनता दल यूनाइटेड के जिला अध्यक्ष के रूप में कन्हैया कुशवाहा की नियुक्ति के बाद कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। गुरुवार को उनके बिसुनपुरवा स्थित निजी आवास पर पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भीड़ जुटी। सभी ने फूल-माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर उनका भव्य स्वागत किया तथा नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।कार्यकर्ताओं ने कहा कि कन्हैया कुशवाहा लंबे समय से पार्टी संगठन से जुड़े रहे हैं और संगठन को मजबूत बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनके जिलाध्यक्ष बनने से कार्यकर्ताओं में नया उत्साह पैदा हुआ है और संगठन को मजबूती मिलेगी।इस मौके पर जदयू युवा जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता भी समर्थकों के साथ पहुंचकर उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में पार्टी संगठन और मजबूत होगा तथा सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम तेज होगा।

### मैनाटांड अस्पताल में जच्चा-बच्चा की मौत

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के दौरान जच्चा और बच्चे की मौत का मामला सामने आया है। घटना के बाद परिजनों में आक्रोश है और उन्होंने डॉक्टरों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार पुरुषोत्तमपुर थाना क्षेत्र के सगरौवा गांव निवासी शेख रऊफ की 26 वर्षीय बेटी रेहाना खातून को सोमवार की रात प्रसव पीड़ा होने पर मैनाटांड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था।

# विदेशी शोधार्थियों एवं भिक्षुओं ने दरौली क्षेत्र का भ्रमण किया

## 22 सौ वर्ष प्राचीन विरासत बचाने की दरकार, कुषाण एवं गुप्तकालीन ईंट से निर्मित है बौद्ध विहार

**दरौली/सिवान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखण्ड मुख्यालय से 2 किलोमीटर पश्चिम अमर पुर केवटलिया गांव में सरयू नदी के दक्षिणी तट पर प्राचीन इमारत अपनी प्राचीनता का बोध करा रहा है जो सिवान जिले का महत्वपूर्ण पुरातात्विक साक्ष्य है ।केंद्र सरकार एवं बिहार सरकार पुरातात्विक महत्व के स्थलों एवं विरासत को संरक्षित करने की बात तो करती है पर अमरपुर केवटलिया का यह प्राचीन धरोहर जीर्णशीर्ण अवस्था में आंसू बहा रहा है तथा अपनी उद्धार का इंतजार कर रहा है । इस अद्भुत एवं अनमोल विरासत के प्रति किसी भी जनप्रतिनिधि एवं सरकार के नुमाइंदे का नजर न पड़ना घोर आश्चर्य की बात है ।इस इमारत की ईंट मौर्य ,कुषाण एवं गुप्तकालीन है जो स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर हो रहा है मंगलवार के प्रातः बेला में विदेशी बौद्ध शोधार्थियों एवं भिक्षुओं ने इस स्थल पर घंटों साधना किया तथा इसके एक ईंट को अपने साथ परीक्षण तथा पूजन के लिए ले गए ।पूरे इमारत को बड़े ही उत्सुकता से अवलोकन किए । इमारत के अंदर सुंदर कलाकीर्ति बना हुआ है जिसमें



कमल का फूल एवं चक्र तथा देवी देवताओं का तख्त आज भी विद्यमान है ।वियतनाम के बौद्ध भिक्षु बोधि चिता माता ने कहा कि केंद्र तथा राज्य सरकार को चाहिए कि पूरे जिले के पुरातात्विक स्थलों को संरक्षित करें ताकि पुरातन विरासत बचा रहे । वियतनाम के धम्म चिता ने बताया कि सिवान जिले के कण कण में भगवान बुद्ध का उपदेश गूंजा है । शोधार्थी सह भंते डा अशोक शाक्य ने बताया कि इस इमारत की ईंट एवं कलाकीर्ति, कमल का फूल तथा चक्र अपनी प्राचीनता का भान करा रहा है तथा इसके अंदर कुलकुल देवी का पूजन सनातन संस्कृति एवं परंपरा का स्वरूप है ।ग्रामीण जानकार बताते है कि इस क्षेत्र में तीन बहुत बड़े बौद्ध मंदिर थे ।एक दोन में,दूसरा अमरपुर में और तीसरा सिकन्दर पुर में था ।ये तीनों मंदिर उस समय इतने ऊंचे भीट पर स्थित थे कि जब रात में इस मंदिर के पास आग या दीप जलाई जाती थी तो एक भीट के ऊपर चढ़ने पर बाकी दो दीप प्रत्यक्ष रूप से देखे जा सकते थे ।ग्रामीणों का कहना है कि लगभग 80 -90 वर्ष पूर्व तक यहाँ पर बौद्ध भिक्षु प्रायः आया करते थे हालांकि वर्ष 20 15 एवं 2018 में भी वियतनाम, थाईलैंड, वर्मा, श्रीलंका एवं बौद्ध गया से बौद्ध भिक्षु आये थे तथा पूजा अर्चना किये थे।गत माह पूर्व पर गुजरात,महाराष्ट्र एवं बोधगया से पुरातात्विक छात्र शोध करने आये थे जो इसमें लगे ईंट को मौर्य,कुषाण एवं गुप्तकाल के बताए तथा इसे बौद्ध बिहार बता रहे थे। शोधार्थी विशाल भंते ने बताया कि भगवान बुद्ध सरयू नदी के तट पर पटना से वैशाली होते अयोध्या जाने के क्रम में सरयू नदी के तट पर वर्षाप्रवास किये है प्राचीन काल में ये पूरा क्षेत्र मल्ल गणराज्य में आता था तथा मल्ल राजा भगवान बुद्ध के परम शिष्य थे जो इस बौद्ध बिहार को बनाये हो । उन्होंने बताया कि निश्चित ही यह स्थान बौद्ध धर्म से संबंध रखता है ।शोधार्थी डा कृष्ण कुमार सिंह विदेशी बौद्ध शोधार्थियों को विस्तार से बताते हुए कहा कि दोन में जो गढ़ देवी की पत्थर की प्रतिमा है जो बौद्ध धर्म की तारा की प्रतिमा है । यहाँ गढवाल राजा गोविंदचंद्र देव का एक ताम्र लेख मिला है जो बौद्ध के अनुयायी थे तथा इनकी विवाह सिवान जिले के नौतन प्रखण्ड हथौजी (पीढ़ी) के पाल जागीरदार देवरक्षित की पुत्री कुमार देवी से हुआ था ।कुमार देवी की माँ शंकरा देवी अंग के राष्ट्रकूट मथाना देव की बेटी थी जो एक पाल सामंत भी थी जो महायान बौद्ध थी तथा कुमार देवी भी बौद्ध उपासक थी जो सारनाथ स्थित एक बौद्ध बिहार और बुद्ध मूर्ति का उद्धार कराया था। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में हथौजी गांव में मिट्टी की खुदाई में खेत से पाल कालीन मूर्तिया मिली है जिसे ग्रामीणों ने मंदिर बनाकर उसी गांव में स्थापित किया है तथा वहाँ बहुत बड़ा गढ़ भी है । डा सिंह ने बताया कि जो अभिलेख दोन में मिला था उसमें वर्णन है कि "बड" ग्राम ने यह ताम्र पत्र एक ब्राह्मण को दिया गया था आज भी दोन से सटे बहोरवां एक गांव है उन्होंने बताया कि हुएनसांग भी अपनी यात्रा वृतांत में बड ग्राम का उल्लेख किया है तथा बताया है कि उस गांव में एक ब्राम्हण थे जो बौद्ध अनुयायी थे जिनके यहां मैं भोजन किया था ।

### होली पर्व हर्षोल्लास और शांतिपूर्ण माहौल में हुआ संपन्न

**सीवान/दरौंदा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के दरौंदा के ग्रामीण क्षेत्रों में रंगों का पर्व होली बुधवार को हर्षोल्लास और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ. इस दौरान लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर और अबीर-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं. होलिका दहन के बाद से ही गांवों में बच्चों, बुजुर्गों, युवाओं, महिलाओं और पुरुषों ने रंगों में सराबोर होकर पर्व का आनंद लिया. सुबह से ही रंग खेलने का सिलसिला शुरू हो गया था. बच्चे और युवा ट्रॉलियों पर साउंड बॉक्स लगाकर, ढोल-मजीरे के साथ होली के गीत बजाते हुए एक-दूसरे को रंग लगाते और बधाई देते घूम रहे थे. इस दौरान कुछ युवाओं ने गोबर माटी की होली खेली, जबकि कहीं-कहीं रंग और पानी की बौछार भी की गई.

### दारौंदा में एसटीएफ जवान की रेल दुर्घटना में मौत

**सीवान/दरौदा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वोत्तर रेलवे छपरा सीवान रेल खंड पर दरौंदा स्टेशन पर एक दर्दनाक हादसे में एसटीएफ के जवान की मौत हो गई. बताया जा रहा है कि ट्रेन में चढ़ने के दौरान पैर फिसलने से एसटीएफ जवान गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे. घटना की जानकारी मिलने पर आरपीएफ चौकी प्रभारी ग्यास सरवर, हेड कांस्टेबल संजय कुमार तिवारी एवं पॉइंट्समैन ने रेलवे स्ट्रेचर के माध्यम से घायल को सीढ़ी के माध्यम से स्टेशन परिसर के बाहर निकाल कर टेंपो से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया. जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर इल्तेफाक आलम ने सीवान रेफर कर दिया.

# बसंत उत्सव सह भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन

## गायिका सोनी पांडेय के फाग गीतों पर झूमने को मजबूर हुए श्रोता



**आरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के रमना रोड स्थित होटल आरा ग्रांड में गुरुवार को बसंत उत्सव सह भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन कराया गया। आरा नगर निगम की महापौर इंदु देवी के सौजन्य से आयोजित समारोह में शहर के चिकित्सक, विभिन्न समाज के प्रतिनिधि, नगर निगम की आयुक्त, नगर निगम के कई पार्षद, पार्षद प्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहें।मौके पर महापौर इंदु देवी एवं भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश सहसंयोजक एवं कैट भोजपुर के जिलाध्यक्ष आलोक अंजन उर्फ छोटे द्वारा अतिथियों को अंग वस्त्र देकर एवं अबीर-गुलाल लगाकर लोगों को सम्मानित किया गया। महापौर इंदू देवी ने कहा कि होली रंगों और खुशियों का त्योहार है। इस पर्व में लोग ऊंच-नीच एवं अमीर- गरीब का भेदभाव भूलकर एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर आपस में खुशियां बांटते हैं। होली का त्योहार आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से समाज में भाईचारे की भावना और मजबूत होती है। होली का यह त्योहार आप सभी के जीवन में उमंग और खुशियां लाए। इस मौके पर भोजपुरी गायिका सोनी पांडेय द्वारा "गोरिया करके सिंगार अंगना में पिसेली हरदिया...." समेत अन्य फाग गीत गाकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

**महापौर इंदु देवी एवं भाजपा नेता आलोक अंजन उर्फ छोटे ने अतिथियों को अंग वस्त्र देकर से किया सम्मानित**

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इस सुंदर आयोजन के लिए महापौर इंदु देवी का आभार व्यक्त किया। समारोह के दौरान महापौर इंदु देवी एवं भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश सह संयोजक एवं कैट भोजपुर के जिलाध्यक्ष आलोक अंजन उर्फ छोटे द्वारा ने कई अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में पद्मश्री डॉ. भीम सिंह भवेश, नगर आयुक्त अंजू कुमारी, पूर्व एसीएमओ डॉ. के.एन. सिन्हा, रिटायर कर्नल राणा प्रताप सिंह, सर्जन डॉक्टर विकास सिंह, आदित्य विजय जैन, पूर्व वार्ड पार्षद कृष्ण बिहारी यादव, अधिवक्ता सुरेश प्रसाद, अमरेन्द्र चौबे, भानु दुबे, डॉ. विकास कुमार, मंटू सिंह आदि थे। समारोह को सफल बनाने में राजीव रंजन, अभिजीत आनंद, प्रतिक राज, सन्नी शाहाबादी, अनिल कुमार, आजाद श्रीवास्तव, आदित्य सिंह आदि, भोला शर्मा समेत अन्य थे।

# अपनी खुशियों में जरूरतमंदों को भी शामिल करें : सुरेंद्र

## पूर्व प्राचार्य ने महादलित टोले में मनाया पौत्री का जन्मदिन नई आशा के बच्चों के बीच पाठ्य एवं खाद्य सामग्री वितरित




**आरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वयं का या अपने परिजनों का जन्मदिन समारोह होटल या घरों में आयोजित करना सामान्य बातें हैं, क्योंकि इसकी चर्चा कुछेक लोग ही करते हैं। लेकिन अगर कोई दादा अपनी पौत्री का जन्मदिन किसी महादलित टोला के फटेहाल बच्चों के बीच मनाता है। उनके बेहतर तालीम के लिए पाठ्य और खाद्य सामग्री वितरण करता है, तो स्वत चर्चा का विषय बन जाता है। आज पूर्व प्राचार्य सुरेंद्र कुमार सिंह द्वारा अपने पुत्र उत्कर्ष आनंद उर्फ छोटू जी की प्रथम पुत्री वामिक वैभवी का तृतीय जन्म दिवस उदवंतनगर प्रखंड के चौराई महादलित टोला स्थित नई आशा के निमार्णाधीन परिसर में आयोजित कर एक संदेश दिया गया। उन्होंने बच्चों के बीच पाठ्य एवं खाद्य सामग्री का वितरण किया। श्री सिंह ने कहा कि अपने बच्चों का जन्मदिन घर में मानना एक पारिवारिक कार्यक्रम है लेकिन इस महादलित टोले में आकर कार्यक्रम आयोजित करने से मेरे बच्चों के साथ समाज को भी एक मैसेज जाएगा कि खुशियों में भी समाज के जरूरतमंदों को शामिल करें। अपनी आय का कुछ हिस्सा वंचित वर्ग को मुख्य धारा में लाने के लिए खर्च करें। ऐसे कार्यक्रमों से भावी पीढ़ी को एक प्रेरणा भी मिलेगी कि जो लोग साधन और सुविधा के मामले में कमतर हैं, उनको मदद करनी चाहिए। इस अवसर पर नई आशा के संरक्षक डॉ भीम सिंह भवेश, सचिव राकेश कुमार सिंह, कुंदन कुमार सिंह एवं सुमित पांडे सहित कई लोग शामिल थे।

# शाक्या कोचिंग सेंटर की नई शाखा का भव्य उद्घाटन

**शिक्षा के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक पहल, छात्रों को मिलेगा बेहतर मार्गदर्शन**

**सिवान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र में शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए शाक्य कोचिंग सेंटर की नई शाखा का भव्य उद्घाटन चनौर पंचायत के चंदौर गाँव में, सरकारी विद्यालय (10+2) के पूर्व दिशा स्थित भवन में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ, अभिभावक एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।संस्थान के निदेशक एवं गणित विशेषज्ञ मार्कंडेय मौर्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को गणित से डरने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि गणित कोई कठिन विषय नहीं है। निरंतर अभ्यास और शिक्षक का सही मार्गदर्शन मिले तो गणित से आसान कोई विषय नहीं होता। उन्होंने बताया कि कक्षा 9वीं से 12वीं तक इंग्लिश बेसिक एवं इंग्लिश स्पोकन की विशेष कक्षाएँ प्रारंभ की जाएँगी, ताकि आगामी परीक्षाओं में विद्यार्थियों को अंग्रेजी विषय में कठिनाई न हो। संस्थान में कक्षा 6वीं से 12वीं तक (बीएसईबी एवं सीबीएसई ) के विद्यार्थियों को अनुभवी शिक्षकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाएगी। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्थान के पदाधिकारी एवं शिक्षक निदेशक एवं गणित विशेषज्ञ झ्र मार्कंडेय मौर्य,मैनेजिंग डायरेक्टर अजीत सिंह, सह-निदेशक एवं साइंस विशेषज्ञ रवि सिंह,शिक्षक अमन सिंह,शिक्षिका मनिषा कुमारी, संगम कुमारी,पुष्पा कुमारी का योगदान रहा।इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा के जुझारू नेता एवं चनौर पंचायत के पैक्स अध्यक्ष शेर खान,सरपंच मुकेश सिंह,बीडीसी सदस्य झ्र हरिहर सिंह,पूर्व सरपंच एवं भावी मुखिया प्रत्याशी झ्र रविन्द्र कुमार यादव,सत्येंद्र कुमार गुप्ता, मिथिलेश कुमार मौर्य,सुनील कुमार यादव,अभिमन्यु सिंह सोनू कुमार यादव,सत्येंद्र कुमार यादव,रामकुँवर सिंह ( पूर्व प्रधानाचार्य )श्यामदेव सिंह( पूर्व शिक्षक ),मनीष कुमार ठाकुर आकाश कुमार यादव,निखिल कुमार,बिट्टू कुमार,शत्रुधन कुमार बनारसी कुमार,चंदन कुशवाहा कमलेश कुशवाहा उपस्थित रहे।


**बिहार सरकार**

प्रपत्र–VI

बिहार सरकार

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

(भू–अर्जन निदेशालय)

या

समाहर्त्ता / अपर समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार

**प्रारंभिक अधिसूचना**

(अधिनियम 30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)

चूंकि समाहर्त्ता, औरंगाबाद को यह प्रतीत होता है कि औरंगाबाद अन्तर्गत देव अंचल के 01 मौजा (जम्हरिया) एवं मदनपुर अंचल के 05 मौजा (जलवन, बनिया, झिकटिया, मनिका, बनोखर) कुल 5.9582 एकड़ भूमि नहर निर्माण यथा उत्तर कोयल नहर प्रमंडल औरंगाबाद अन्तर्गत जलवाहा निर्माण हेतु अपेक्षित है, इसलिए राज्य एस0आई0ए0 ईकाई द्वारा सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन कराया गया और एक प्रतिवेदन सौंपा गया। सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन प्रतिवेदन का सार–संक्षेप यथा निम्न है।

इस परियोजना के क्रियान्वयन से अल्पवृष्टि वाले क्षेत्रो में सुनिश्चित सिंचाई की व्यवस्था हो पाएगी, जिससे फसल की पैदावार में बढोतरी होगी।

भू–अर्जन के कारण कुल शून्य परिवार के विस्थापित होने की संभावना है। अतएव अधिसूचित हो कि मौजा जम्हरिया, थाना नं0–927 अंचल देव एवं जलवन, थाना नं0–836, बनिया, थाना नं0–834, झिकटिया, थाना नं0–838, मनका, थाना नं0–982, बनोखर, थाना नं0–903 अंचल मदनपुर जिला औरंगाबाद के उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 5.9582 एकड़ यानी 2.411 हेक्टेयर मानक माप का भूखंड अर्जनाधीन है, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित हैः–

| क्र0 | खाता सं0 | सर्वे भूखण्ड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का किस्म | अर्जन के अधीन क्षेत्र (एकड़) में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम एवं पता | सीमा (भूखण्ड सं0) उ0 | द0 | पू0 | पं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| अंचल– देव, मौजा–जम्हरिया थाना नं0–927 | | | | | | | | | | |
| 1 | 14 | 339 | रैयती | धनहर | 0.22 | मो0 जशोदा कुवर | 338, 326 | 340 | 742 | 334 |
| 2 | 49 | 334 | रैयती | धनहर | 0.02 | राम प्रवेश सिंह | 335 | 331 | 339 | 333 |
| 3 | 48 | 333 | रैयती | धनहर | 0.02 | राम प्रवेश सिंह | 335 | 331 | 334 | 332 |
| 4 | 28 | 332 | रैयती | धनहर | 0.02 | राम प्रवेश सिंह | 335 | 331 | 333 | 328 |
| 5 | 81 | 328 | रैयती | धनहर | 0.07 | राम प्रवेश सिंह | 326 | 329 | 332 | 323 |
| योग :– | | | | | 0.35 | | | | | |
| अंचल– मदनपुर, मौजा–जलवन, थाना नं0– 836 | | | | | | | | | | |
| 1 | 3 | 331 | रैयती | धनहर | 0.01 | राजेन्द्र प्र0 सिंह, पिता– अलखदेव सिंह, सा0– जलवन | 804 | 330 | नीज खेसरा | 75 |
| 2 | 24 | 332 | रैयती | धनहर | 0.015 | कृष्णा सिंह, पिता– रामदेनी सिंह, सा0– जलवन | 76 | 81 | 75 | नीज खेसरा |
| 3 | 24 | 76 | रैयती | धनहर | 0.015 | संतोष सिंह, पिता– रामकमला सिंह, सा0– जलवन | 294 | 332 | 75 | नीज खेसरा |
| 4 | 8 | 304 | रैयती | धनहर | 0.03 | सुरेन्द्र सिंह वगै0, पिता– रामदेनी सिंह, सा0– जलवन | 43 | 331 | नीज खेसरा | 75 |
| 5 | 48 | 294 | रैयती | धनहर | 0.01 | प्रदीप सिंह, पिता– बैजनाथ सिंह, सा0– जलवन | 293 | 76 | 75 | नीज खेसरा |
| 6 | 43 | 293 | रैयती | धनहर | 0.01 | नागेन्द्र यादव, पिता–स्व0 सुभाष यादव, सा0– जलवन | 288 | 294 | 75 | नीज खेसरा |
| 7 | 8 | 43 | रैयती | धनहर | 0.035 | रामगोविन्द यादव वगै0, पिता–स्व0 रामचन्द्र यादव, सा0– जलवन | 287 | 304 | नीज खेसरा | 75 |
| 8 | 46 | 288 | रैयती | धनहर | 0.02 | राजबलम सिंह वगै0, पिता–स्व0 अलखदेव सिंह व, सा0– जलवन | 287 | 293 | 75 | 289 |
| 9 | 43 | 287 | रैयती | धनहर | 0.01 | राजबलम सिंह वगै0, पिता–स्व0 अलखदेव सिंह व, सा0– जलवन | नीज खेसरा | 288 | नीज खेसरा | नीज खेसरा |
| 10 | 10 | 72 | रैयती | धनहर | 0.03 | चलीतर साव, पिता–स्व0 तपसी साव, सा0– जलवन | 329 | 71 | 327 | 75 |
| 11 | 14 | 329 | रैयती | धनहर | 0.025 | धर्मेन्द्र यादव वगै0, पिता–सुभाष यादव, सा0– जलवन | 73 | 72 | 327 | 75 |
| 12 | 38 | 190 | रैयती | धनहर | 0.045 | सरस्वती कुंवर, पति–स्व0 किशन साव, सा0– जलवन | 230 | 192 | 75 | नीज खेसरा |
| 13 | 14 | 230 | रैयती | धनहर | 0.02 | धर्मेन्द्र यादव वगै0, पिता–सुभाष यादव, सा0– जलवन | 82 | 190 | 75 | नीज खेसरा |
| 14 | 27 | 73 | रैयती | धनहर | 0.035 | महावीर साव, पिता–स्व0 भिखर साव, सा0– जलवन | 330 | 329 | नीज खेसरा | 75 |
| 15 | 29 | 82 | रैयती | धनहर | 0.02 | रामस्वरूप यादव, पिता–स्व0 नरसिंह यादव, सा0– जलवन | 81 | 230 | 75 | नीज खेसरा |
| 16 | 32 | 81 | रैयती | धनहर | 0.015 | जनार्धन सिंह, पिता–स्व0 रधुन सिंह, सा0– जलवन | 332 | 82 | 75 | नीज खेसरा |
| 17 | 8 | 330 | रैयती | धनहर | 0.01 | सुरेन्द्र सिंह वगै0, पिता– रामदेनी सिंह, सा0– जलवन | 331 | 73 | नीज खेसरा | 75 |
| 18 | | 319 | रैयती | धनहर | 0.13 | सुरेन्द्र सिंह वगै0, पिता– रामदेनी सिंह, सा0– जलवन | नीज खेसरा | रास्ता | 66 | 69 |
| 19 | 8 | 69 | रैयती | धनहर | 0.015 | इन्द्रदेव यादव वगै0, पिता– रामचन्द्र यादव, सा0– जलवन | नीज खेसरा | 208 | 319 | 328 |
| 20 | 13 | 328 | रैयती | धनहर | 0.18 | कृष्णा सिंह , पिता– रामदेनी सिंह, सा0– जलवन | नीज खेसरा | 208 | 69 | 75 |
| 21 | 30 | 192 | रैयती | धनहर | 0.195 | गणेश प्रसाद वगै0, पिता– तपसी साव, सा0– जलवन | 190 | 208 | 75 | नीज खेसरा |
| 22 | 18 | 70 | रैयती | धनहर | 0.015 | लखन साव, पिता– राम चरित्र साव, सा0– जलवन | 71 | 328 | नीज खेसरा | 75 |
| 23 | 18 | 71 | रैयती | धनहर | 0.015 | विशुनपत साव, पिता– जवाहर साव, सा0– जलवन | 72 | 70 | नीज खेसरा | 75 |
| योग :– | | | | | 0.9050 | | | | | |
| अंचल– मदनपुर, मौजा–बनिया, थाना नं0– 834 | | | | | | | | | | |
| 1 | 18 /3 | 46 | रैयती | धनहर | 0.56 | शेख नियामतुल्लाह | सिवान शैलवा | 45 | नीज खेसरा | पईन |
| 2 | 50 | 44 | रैयती | भीठ | 0.38 | चलितर प्रजापत | खेसरा सं0 45 | 43 | नीज खेसरा | 33 |
| 3 | 3 | 43 | रैयती | धनहर | 0.11 | शेख नियामतुल्लाह | 44 | 40 | नीज खेसरा | 33 |
| 4 | 261 | 40 | रैयती | धनहर | 0.135 | शेख नियामतुल्लाह | 43 | 39 | 40 | पिण्ड |
| 5 | 413 | 39 | रैयती | परती | 0.07 | बृजमोहन पाठक | 40 | 38 | नीज खेसरा | पिण्ड |
| 6 | 411 | 38 | रैयती | परती | 0.06 | हर नारायण पाठक | 39 | 37 | नीज खेसरा | पिण्ड |
| 7 | 413 | 37 | रैयती | परती | 0.11 | बृजमोहन पाठक | 38 | 36 | नीज खेसरा | पिण्ड |
| 8 | 403 | 36 | रैयती | परती | 0.11 | दमोदर पाठक | 37 | 35 | नीज खेसरा | पिण्ड |
| 9 | 448 | 35 | रैयती | परती | 0.11 | हेमन मेहता | 36 | 34 | नीज खेसरा | पिण्ड |
| 10 | 261 | 1671 | रैयती | धनहर | 0.20 | शेख नियामतुल्लाह | 1670 | सिवाना घटराईन | नीज खेसरा | 1668 |
| योग :– | | | | | 1.8450 | | | | | |
| अंचल– मदनपुर, मौजा–झिकटिया, थाना नं0– 838 | | | | | | | | | | |
| 1 | 5 | 152 | रैयती | भीठ | 0.02 | कलेश्वर साव | 151 | 161 | 162 | नीज खेसरा |
| 2 | 14 | 206 | रैयती | धनहर | 0.04 | विजय लाल | नीज खेसरा | 207 | 204 | 208 |
| 3 | 85 | 211 | रैयती | धनहर | 0.085 | श्यामदेव राम | 208 | नीज खेसरा | नीज खेसरा | 209 |
| 4 | 12 | 147 | रैयती | भीठ | 0.20 | लक्ष्मण | 35 | 148 | 35 | नीज खेसरा |
| 5 | 12 | 193 | रैयती | भीठ | 0.035 | लक्ष्मण | 195 | 194 | 195 | नीज खेसरा |
| 6 | 19 | 148 | रैयती | भीठ | 0.28 | नागेश्वर सिंह | 147 | 191 | 35 | नीज खेसरा |
| 7 | 24 | 151 | रैयती | धनहर | 0.02 | अज्ञात | 148 | 152 | 162 | नीज खेसरा |
| 8 | 14 | 197 | रैयती | परती | 0.14 | विजय लाल | 196 | 201 | 35 | नीज खेसरा |
| 9 | 15 | 163 | रैयती | भीठ | 0.02 | मोहन लाल | 161 | 168 | 162 | नीज खेसरा |
| 10 | 11 /2 | 168 | रैयती | भीठ | 0.12 | मोहन लाल | 162 | 195 | 35 | नीज खेसरा |
| 11 | 9 | 194 | रैयती | भीठ | 0.01 | रघुवीर प्रसाद | 193 | 196 | 195 | नीज खेसरा |
| 12 | 21 | 195 | रैयती | भीठ | 0.55 | मोहन लाल | 168 | 196 | 35 | नीज खेसरा |
| 13 | 21 /17 | 196 | रैयती | पईन | 0.26 | अज्ञात | 195 | 197 | 35 | नीज खेसरा |
| योग :– | | | | | 1.780 | | | | | |
| अंचल– मदनपुर, मौजा–मनिका, थाना नं0– 982 | | | | | | | | | | |
| 1 | 148 | 223 | रैयती | धनहर | 0.025 | रविन्द्र वो भुनेश्वर दुसाध, पिता– त्रिभुवन दुसाध वगैरह | 222 | 229 | नीज खेसरा | नाला |
| 2 | 125 | 221 | रैयती | धनहर | 0.020 | सुरेश प्रसाद वो पवन सिंह, पिता– स्व0 मुन्द्रिका वो स्व0 गणेश सिंह | 231 | 232 | नीज खेसरा | सड़क |
| 3 | 91 | 1077 | रैयती | धनहर | 0.070 | कैलाश वो दिनेश सिंह, पिता– स्व0 प्रमेश्वर सिंह वो स्व0 ब्रहम्देव सिंह | नीज खेसरा | 1076 | नीज खेसरा | सड़क |
| 4 | 119 | 1076 | रैयती | धनहर | 0.035 | चौढी वो द्वारिका प्रजापति, पिता– स्व0 रामदेव प्रजापति | 1077 | सड़क | नीज खेसरा | नाला |
| 5 | 139 | 413 | रैयती | धनहर | 0.110 | मिथिलेश सिंह वगैरह, पिता– स्व0 रामू सिंह वगैरह | 415 | नीज खेसरा | 412 | नाला |
| 6 | 92 | 416 | रैयती | धनहर | 0.070 | शम्भु सोनार वो लालजी सोनार, पिता– स्व0 गुप्तेश्वर सोनार वो स्व0 महाबीर सोनार, | 417 | 415 | नीज खेसरा | नाला |
| 7 | 122 | 417 | रैयती | धनहर | 0.010 | प्रेमनन्दन सिंह, पिता– स्व0 नारायण सिंह, | 418 | 416 | नीज खेसरा | नला |
| 8 | 122 | 409 | रैयती | धनहर | 0.025 | मिथलेश वो प्रमोद सिंह, पिता– स्व0 रामू सिंह वो स्व0 अलखदेव सिंह, | 407 | 410 | नीज खेसरा | 411 |
| 9 | 79 | 408 | रैयती | धनहर | 0.025 | ललन सिंह वगैरह पिता– स्व0 रामचन्द्र सिंह वो राम अवतार सिंह | 409 | 410 | नीज खेसरा | नाला |
| 10 | 79 | 407 | रैयती | भीठ | 0.030 | ललन सिंह वो वंशराज सिंह पिता– स्व0 रामचन्द्र सिंह वो राम अवतार सिंह | 406 | 408 | नीज खेसरा | नाला |
| 11 | 70 | 406 | रैयती | धनहर | 0.030 | शम्भु सोनार वो लालजी वो रामदेनी, पिता– स्व0 महावीर सोनार, | 405 | 407 | नीज खेसरा | नाला |
| 12 | 5 | 405 | रैयती | धनहर | 0.010 | शम्भु वो रामदेनी वो रामध्यान वो दिनेश, पिता– स्व0 गुप्ता सोनार, | 404 | 406 | नीज खेसरा | नाला |
| 13 | 70 | 404 | रैयती | धनहर | 0.080 | रामाधार सिंह वो रामाशिष सिंह, पिता– स्व0 लक्ष्मी सिंह, | 274 | 405 | नीज खेसरा | नाला |
| 14 | 72 | 275 | रैयती | धनहर | 0.015 | सूर्यदेव सिंह, पिता– स्व0 महेश सिंह, | 273 | 404 | नीज खेसरा | नाला |
| 15 | 23 | 274 | रैयती | धनहर | 0.010 | श्रीराम पाण्डेय, पिता– स्व0 श्यामाचरण पाण्डेय, | 273 | 404 | नीज खेसरा | नाला |
| 16 | 108 | 273 | रैयती | धनहर | 0.005 | विनोद कुमार पाण्डेय, पिता– स्व0 विश्वनाथ पाण्डेय, | 272 | 274 | नीज खेसरा | नाला |
| 17 | 23 | 272 | रैयती | धनहर | 0.005 | रघुवंश कुमार पाण्डेय, पिता– स्व0 विश्वनाथ पाण्डेय, | 271 | 273 | नीज खेसरा | नाला |
| 18 | 80 | 271 | रैयती | धनहर | 0.015 | मिथिलेश सिंह वो महेन्द्र रजक, पिता– स्व0 रामू सिंह वो स्व0 प्रयाग रजक, | 268 | 272 | नीज खेसरा | नाला |
| 19 | 69 | 268 | रैयती | धनहर | 0.045 | रामाधार सिंह, पिता– स्व0 लक्ष्मी सिंह, | 263 | 271 | नीज खेसरा | नाला |
| 20 | 83 | 263 | रैयती | धनहर | 0.010 | कृष्णा सिंह वो अमरनाथ सिंह, पिता– स्व0 घुरा सिंह, | 255 | 268 | नीज खेसरा | नाला |
| 21 | 64 | 255 | रैयती | धनहर | 0.030 | श्री साव वो योगेन्द्र वो लल्लु वो सत्येन्द्र साव, पिता– स्व0 फौजदारी साव, | 254 | 263 | नीज खेसरा | नाला |
| 22 | 123 | 254 | रैयती | धनहर | 0.025 | कैलाश सिंह, पिता– स्व0 प्रमेश्वर सिंह, | 234 | 255 | नीज खेसरा | नाला |
| 23 | 136 | 246 | रैयती | धनहर | 0.02 | रघुवंश वो श्रीराम वो जशबदन वो कृष्णा कुमार पाण्डेय, पिता– स्व0 प्रमेश्वर वो स्व0 विशवानाथ वो श्यामचरण वो स्व0 अयोध्या पाण्डेय वगैरह स्व0 सरस्वती पाण्डेय, | 233 | 234 | नीज खेसरा | नाला |
| 24 | 83 | 234 | रैयती | धनहर | 0.0041 | राजकुमार सिंह, पिता– स्व0 जशबंन सिंह, | 246 | 254 | नीज खेसरा | नाला |
| 25 | 43 | 233 | रैयती | धनहर | 0.0041 | रघुवंश कुमार सिंह वगैरह, पिता– स्व0 केदार सिंह, | 232 | 246 | नीज खेसरा | नाला |
| 26 | 95 | 232 | रैयती | धनहर | 0.010 | भागीरथ प्रसाद, पिता– स्व0 राम चलीतर प्रसाद, | 231 | 233 | नीज खेसरा | नाला |
| 27 | 147 | 231 | रैयती | धनहर | 0.010 | गीता देवी, पिता– स्व0 मधेश्वर प्रसाद, | 230 | 232 | नीज खेसरा | नाला |
| 28 | 148 | 230 | रैयती | धनहर | 0.010 | अनिल सिंह, पिता– रघुनन्दन सिंह, | 229 | 231 | नीज खेसरा | नाला |
| 29 | 147 | 229 | रैयती | धनहर | 0.015 | भुनेश्वर दुसाध, पिता– रामपति दुसाध, | 223 | 230 | नीज खेसरा | नाला |
| योग :– | | | | | 0.7732 | | | | | |
| अंचल– मदनपुर, मौजा–बनोखर, थाना नं0– 903 | | | | | | | | | | |
| 1 | 55 | 277 | रैयती | धनहर | 0.305 | राजेन्द्र चौरसिया, महेन्द्र चौरसिया, इन्द्रजीत चौरसिया, नन्दन चौरसिया, पिता– नौजादिक चौरसिया, | नीज खेसरा | नीज खेसरा | 286 | नीज खेसरा |
| योग :– | | | | | 0.305 | | | | | |
| कुल योग :– | | | | | 5.9582 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन अधिनियम,2013 (अधिनियम सं० 30/2013) उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता के अधिकार धारा –11(1) क उपबंधों के अधीन सभी संबंधित के लिए की गई है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्य अवधि में किया जा सकेगा। बिहार सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिदिष्ट कार्यों का समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को अधिकार में लेने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने के लिए, सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

इस अधिनियम की धारा–11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई विल्लंगम उत्पन्न करेगा।

अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

**समाहर्त्ता,**
**औरंगाबाद**

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No.025464 (Revenue) 2025-26

**नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।**

# अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का डीडीसी ने किया निरीक्षण




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। कुटुंबा प्रखंड के ग्राम पंचायत मटपा एवं महराजगंज में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत निर्मित अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई (डब्लूपीयू) का उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह के द्वारा निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के क्रम में संबंधित स्वच्छता पर्यवेक्षक को निर्देश दिया गया कि नियमित रूप से कचड़ा का उठाओ करते हुए कचड़ा का समुचित निष्पादन हेतु अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई पर लाकर अलग अलग करते हुए गिला कचड़ा से जैविक खाद का निर्माण करें तथा ठोस कचड़ा का समुचित निष्पादन हेतु कावड़ी वाले से बेचे या प्लास्टिक अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई पर भेजे। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि कोई भी पैडल रिक्शा में छोटी मोटी खराबी हो तो उसे अविलंब मरम्मती कराएं तथा लोगों को प्रेरित करते हुए अधिक से अधिक उपयोगिता शुल्क का संग्रहण करें। प्रतिदिन डब्लूपीयू पर जो भी रजिस्टर है उसे अपडेट करें। डब्लूपीयू निरीक्षण के क्रम मे निदेशक डीआरडीए अनुपम कुमार, कुटुंबा प्रखंड विकास पदाधिकारी, स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस और ग्रामीणों ने मिलकर मनाई होली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**ओबरा (औरंगाबाद)**। ओबरा प्रखंड में होली का पर्व पूरे उत्साह और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ओबरा थाना परिसर में थाना अध्यक्ष नीतीश कुमार के नेतृत्व में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने मिलकर अबीर-गुलाल लगाते हुए एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान थाना अध्यक्ष नीतीश कुमार ने कहा कि होली खुशी और आपसी प्रेम का पर्व है। यह त्योहार लोगों को आपसी द्वेष भुलाकर एक-दूसरे के साथ प्रेम और भाईचारे के संबंध को मजबूत करने का अवसर देता है। कार्यक्रम में गीत-संगीत का भी विशेष आयोजन किया एक से बढ़कर एक होली गीतों की प्रस्तुति दी गई, जिससे पूरा वातावरण होली के रंग में सराबोर हो गया। दूसरी ओर डॉक्टर श्रीकृष्ण सिंह स्मारक परिसर में पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत शर्मा की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और पारंपरिक पकवान तथा विभिन्न व्यंजनों का आनंद लिया। इसी तरह प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में भी आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ होली का पर्व मनाया गया। कई स्थानों पर लोगों ने रंग, अबीर-गुलाल और कीचड़ के साथ पारंपरिक ढंग से होली खेली और एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र में अमन और शांति की कामना की। इस अवसर पर थाना अध्यक्ष नीतीश कुमार, अवर निरीक्षक कुणाल कुमार, अंकित कुमार, दीपक कुमार, पूर्व प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार वीकल, कृष्णकांत शर्मा, मुखिया प्रतिनिधि गोविंद अग्रवाल, सामाजिक कार्यकर्ता राजदेव सिंह, पूर्व मुखिया शंभू प्रसाद, गुड्डू कुमार, पैक्स अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार, सुबोध अग्रवाल, विनय जायसवाल, विजय सोनडीक, उपेंद्र वर्मा, सोनू कुमार, मोनू कुमार, सतीश कुमार द्विवेदी, कलू छोटू और आलोक कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।




# पानी की बौछार व संगीत के धुन पर फोड़े गए मटके

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर**। पारंपरिक होली के उपरांत प्रखंड क्षेत्र में मटका फोड़ कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया। कई स्थानों पर रंगारंग मटका फोड़ कार्यक्रम सफलता पूर्वक किया गया। इस दौरान ठाकुर रोड मदनपुर, मुख्य बाजार, संघत रोड, शिवगंज, खिरियावां, वार, थाना रोड, दूर्गा चौंक, शिवनाथ बिगहा, खिरियावां मोड़ सहित अन्य जगहों पर

पानी की बौछार, ढोल-झाल, नगाड़ा के साथ उत्साहवर्धक धुन के बीच उत्साही युवक ऊंचे-ऊंचे स्थानों पर लटकाए गए मटके को फोड़ने का करतब दिखाते रहे। कई स्थानों पर मटका फोड़ प्रतियोगिता का भी शानदार आयोजन किया गया। कहीं से काई अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। ठाकुर रोड में मटका फोड़ में बने पिरामिड में संजय शर्मा, रंजन शर्मा, राकेश ठाकुर, रोहित कुमार ठाकुर, शेखर, सुभम, संगम, विकाश, बिट्टू, मनिष, रितिक, कुंदन, राहुल, प्रिंस, आकाश आदि ने अपने कला से लोगों का मन मोह लिया। कहा जाता है मटका फोड़ या दही हांडी परंपरा की शुरुआत द्वापर युग में भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं से हुई है। वे अपने सखाओं के साथ गोपियों के घरों से मक्खन-दही चुराकर खाते थे, जिससे परेशान होकर गोपियां मटकी को ऊंचे स्थान पर लटकाने लगीं। इस पर कृष्ण ने मानव पिरामिड बनाकर मटकी तोड़ी।




# मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में 11 लोग घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर**। होली पर थाना क्षेत्र के अलग-अलग घटनाओं में 11 लोग घायल हो गए है। सभी घायलों का प्राथमिक इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किए जाने के बाद पांच लोगों का गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। घायल में मदनपुर निवासी आदित्य कुमार के बाइक असंतुलित होकर पटल गई जिसमें वह गंभीर भीर रुप से घायल हो गया। थाना क्षेत्र के भईयाराम विगहा में बुधवार की रात में बच्चों के विवाद में अभिभावक आपस में भीड़ गए और लाठी डंडों से मारपीट में एक महिला समेत पांच लोग घायल हो गए। घायलों में नारायण यादव के पुत्र सुनील कुमार, घन श्याम यादव के पुत्र विजय यादव, विजय यादव के पुत्र सौरभ कुमार, आयुष कुमार शामिल हैं। घायलों में सुनील कुमार और विजय यादव को गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा रेफर कर दिया गया है। लड़ाई का कारण बताया जाता है कि रंग लगाने से मना करने को लेकर विवाद हो गया और मारपीट हुई। मिश्र खाप में साथियों के बीच रंग लगाने के लिए बच्चों में विवाद हो गया। विवाद सुलझाने गए अभिभावक से पूर्व की बात को लेकर मारपीट हो गई जिसमें दोनो पक्षों से लोग घायल हो गए। मिश्रखाप में मारपीट हो गई जिसमें दोनों तरफ से एक महिला समेत पांच लोग घायल हो गए। घायलों में राम केवल यादव, उनकी पत्नी सुमनी देवी, पुत्र सुभाष यादव, चन्दन कुमार, ओम प्रकाश कुमार शामिल हैं। इसके अलावा मदनपुर निवासी नन्हक नट के पुत्र दिनेश कुमार किसी विवाद को लेकर मारपीट हुई जिसमें वह घायल हो गया। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# मखदुमपुर में कलश यात्रा के साथ महायज्ञ शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज प्रखंड क्षेत्र के मखदुमपुर गांव में पांच दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं हनुमत प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर भव्य कलश यात्रा (जल यात्रा) निकालकर महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे उत्साह व श्रद्धा के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया। यह यात्रा मखदुमपुर गांव से प्रारंभ होकर चरकावा ऊपरी डीह पहुंची, जहां विधि-विधान के साथ जलभरी की गई। इसके बाद पुनः शोभायात्रा के रूप में मखदुमपुर लौटकर कलश यात्रा का समापन हुआ। इस अनुष्ठान में यज्ञाचार्य श्री श्री 1008 श्री स्वामी धरणीधर आचार्य, स्वामी बैंकटेश्वरा आचार्य एवं आचार्य रणधीर महाराज की पावन उपस्थिति में पांच दिनों तक महायज्ञ संपन्न होगा। महायज्ञ में मुख्य श्रोता एवं मुख्य यजमान के रूप में रामानुज शर्मा, पप्पू शर्मा, अभय शर्मा, अश्लोक विश्वकर्मा एवं अमरकांत पासवान शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान पूर्व जिला पार्षद अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ संजय यादव सहित रिशु कुमार, प्रमोद विश्वकर्मा, पिंकू कुमार, पंकज कुमार, दीपक कुमार, सुनील यादव, रौशन कुमार, दीपक पासवान, प्रमोद रवानी, राकेश कुमार, दया पासवान, गया पासवान, अंकित विश्वकर्मा, विशाल कुमार, सचिन कुमार, रॉकी, सौरव, सूरज, चंदन, छोटू, नंद समेत सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे।



# योगा ग्रुप के सदस्यों ने मनाया होली मिलन समारोह



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज**। प्रखंड के अदलपुर गांव स्थित पुल के पास होली के अवसर पर स्थानीय योगा ग्रुप के सदस्यों द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी प्रेम, भाईचारे एवं सद्भाव का संदेश दिया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक दीनानाथ विश्कर्मा ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है, जो जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और नई उमंग भरता है। उन्होंने सभी से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नियमित योग करने का आह्वान किया। पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि जितेन्द्र कुमार ने बताया कि समारोह में उपस्थित सदस्यों ने होली गीतों पर सामूहिक आनंद लिया तथा मिठाइयों का वितरण किया। पूरा कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में रवि शौनडीक, उपेन्द्र कुमार, दीपेंद्र कुमार, चंदन सोनी, संदीप कुमार, शत्रुधन कुमार, राजू गुप्ता, आशीष कुमार, राहुल कुमार, अभिषेक कुमार, विजय सिन्हा, अशोक कुमार सोनी, प्रमोद राम सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# गौरी सोनवर्षा विद्यालय में पेयजल व शौचालय का है अभाव

## विद्यालय में लगभग 200 छात्र-छात्राएं है नामांकित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। जिले के ओबरा प्रखंड के इंटर विद्यालय गौरी सोनवर्षा की स्थिति इन दिनों काफी बदहाल हो गई है। वहीं विद्यालय में कमरों के अभाव में छात्रों का शिक्षण कार्य प्रभावित होता है। बता दे कि इस विद्यालय में कक्षा एक से 12वीं तक के छात्रों की पढ़ाई के लिए सिर्फ सात कमरे उपलब्ध है। यह सोचने वाली बात है कि इन सीमित कमरों में इतनी बड़ी संख्या में छात्रों की पढ़ाई कैसे होती होगी। बता दें कि पहले यह एक मध्य विद्यालय था जिसे अब इंटर विद्यालय में परिवर्तित किया गया है परंतु स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। बता दें कि विद्यालय परिसर में इंटर विद्यालय का भवन बनकर तैयार हो चुका है परंतु इसे अभी तक प्रधानाध्याप को नहीं सौंप दिया गया है। वहीं विद्यालय में कमरों की कमी के कारण शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। विद्यालय में केवल एक चापाकल और एक शौचालय है जो दोनों ही जर्जर स्थिति में है। विद्यालय परिसर में हमेशा असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहा है। बता दें कि इस विद्यालय में लगभग 200 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं जबकि मध्य विद्यालय में कक्षा एक से आठ तक 260 की संख्या में छात्र-छात्राएं प्रतिदिन शिक्षण कार्य के लिए आते हैं। वहीं मध्य विद्यालय में कक्षा छह से आठ तक के पढ़ाने के लिए केवल दो शिक्षक और कक्षा एक से पांच तक के लिए चार शिक्षक पदस्थापित है। कुल मिलाकर छह शिक्षक ही हैं। नवम एवं दशम कक्षाओं के लिए तीन शिक्षक हैं जबकि इंटर में पढ़ाने के लिए दो शिक्षक पदस्थापित है। यहां नवम एवं दशम कक्षाओं में सामाजिक विज्ञान और संस्कृत के शिक्षक नहीं है। इसी तरह इंटर में भौतिकी, रसायन शास्त्र और गणित जैसे कई विषयों के शिक्षक भी नहीं है। शिक्षकों की कमी के कारण शिक्षण कार्य पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। बता दें कि इंटर का भवन बनकर तैयार है परंतु इसे सुपुर्द नहीं किया गया है। शिक्षकों की कमी के बारे में वरीय अधिकारियों को सूचना दी गई है।



# चौकीदार के आकस्मिक निधन से शोक की लहर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। हसपुरा थाना में कार्यरत चौकीदार बिनेश्वर सिंह के आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। बताया जाता है कि उनकी मृत्यु देर शाम हो गई, जिसकी सूचना मिलते ही थाना प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधि उनके पैतृक गांव चांदी पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। हसपुरा थानाध्यक्ष दिनेश कुमार, एसआई सूर्यदेव सिंह, सुगंध कुमार तथा जिला परिषद प्रतिनिधि मो. एकलाख खां ने मृतक के घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की और घटना की जानकारी ली। परिजनों ने बताया कि बिनेश्वर सिंह लगभग चार वर्षों से कैंसर से पीड़ित थे। उनका इलाज पहले महावीर कैंसर संस्थान, पटना में चला था, जबकि हाल के दिनों में बीएचयू वाराणसी में उपचार चल रहा था। परिवार के लिए यह दुख और भी गहरा इसलिए है कि कुछ ही दिन पहले उनके जवान बेटे की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। लगातार दो बड़ी घटनाओं से परिवार गहरे सदमे में है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ हसपुरा थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी भी शामिल हुए। इस दौरान समाजसेवी डॉ. प्रयाग चौधरी, चौकीदार अखिलेश पासवान, अरमान सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# शांति और उत्साह के साथ मनाया गया होली का पर्व

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड क्षेत्र में छिटपुट घटनाओं को छोड़कर रंगों का पावन पर्व होली हर्षोल्लास और आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। होलिका दहन के अगले दिन शहर से लेकर गांव तक लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर त्योहार की खुशियां साझा कीं। होली के अवसर पर शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। विभिन्न स्थानों पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल की तैनाती की गई थी। वहीं पुलिस की गश्ती टीम लगातार पूरे थाना क्षेत्र में भ्रमण कर असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर बनाए हुए थी। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार चौधरी ने बताया कि प्रशासन की मुस्तैदी और लोगों के सहयोग से पूरे थाना क्षेत्र में होली का त्योहार शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू रहने के कारण इस बार डीजे और झुमटा बजाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया था। इसके बावजूद युवाओं में त्योहार को लेकर काफी उत्साह देखा गया। लोगों ने पारंपरिक तरीके से एक-दूसरे को रंग और अबीर-गुलाल लगाकर प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के साथ होली का पर्व मनाया। इस अवसर पर अधिकारियों ने समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों एवं प्रखंड के सभी नागरिकों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।



## धूमधाम और हर्षोल्लास के मना फगुआ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रसूलपुर**। थाना क्षेत्र में रंगों का पर्व फगुआ धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मना। बच्चे, बुढ़े सब एक रंग में दिखे। दोपहर तक धूल रंग उड़ानें के बाद मंदिरों में पूजा अर्चना की गई। फिर अलग अलग टोली बनाकर ढ़ोल मंजीरे की ताल पर पारम्परिक होली और फगुआ गीत घर घर घुम घुम कर गाये गये। नये नये परिधानों में युवक युवतियों की टोलियां अपने अपने हमजोली के साथ रंग गुलाल लगा खुशी में झूमते दिखे।

# मदनपुर में जीटी रोड के किनारे लगा रहता है कचरे का ढ़ेर

**अबतक नहीं बना है डंपिंग जोन**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता


**औरंगाबाद**। मदनपुर बाजार में स्वच्छ भारत अभियान की स्थिति काफी दयनीय हो गई है। यहां स्वच्छ भारत मिशन के लाख दावे और योजनाओं के बावजूद बाजार के आसपास सफाई व्यवस्था की स्थिति काफी चिताजनक है। कचरा निस्तारण की सुदृढ़ व्यवस्था नहीं होने के कारण बाजार का आसपास का बड़ा हिस्सा कचरा डंपिग जोन में तब्दिल हो गया है। वर्षो से जीटी रोड के किनारे लोग कूड़ा फेंकते आ रहे हैं और अब यह आदत एक परंपरा की तरह बन गई है। दुकानदारों से लेकर आमजन इसी स्थान को कचरा डालने का सहज स्थल मानकर चल रहे हैं। इसके कारण सड़क का यह हिस्सा अब एक बदबूदार कचरा घाट बन चुका है। इधर प्रखंड मुख्यालय स्थित जयप्रभा कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय के पास दिखाई देती है। सड़क के दक्षिणी किनारे फैला कैचरे का अंबार छात्रों और शिक्षकों के प्रतिदिन परेशानी का कारण बन रहा है। मदनपुर निवासी अंकेश कुमार शर्मा, बब्लू सोनी ने बताया कि गंदगी के कारण रास्ते से होकर गुजरना मुश्किल हो गया है। कचरे से निकलने वाली दुर्गंध न केवल असहनीय है बल्कि इससे मच्छर, मक्खी और संक्रामक जीवाणु तेजी से पनप रहे हैं। ऐसे हालात में बाजारवासियों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है। कचरे के ढेर पर बकरी और आवारा कुत्ते भोजन करते देखते जातो हैं जिससे गंदगी और संक्रमण की आशंका और बढ़ जाती है। लोगों का कहना है कि अधिकारियों की नजर प्रतिदिन इस कचरे के ढेर पर पड़ती है पर किसी तरह का कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है तबतक यहां के लोगों में उम्मीद जगती है। अबतक मदनपुर बाजार में कोई स्थाई समाधान नहीं मिल सका है। बाजार में सूखो और गीले कचरे के लिए कूड़ेदान भी नहीं लगाए गए है परंतु कचरा उठाव की व्यवस्था नियमित नहीं होने से वह भी बेकार होती जा रही है। लोगों का मानना है कि यदि जल्द ही कचरा निस्तारण की ठोस व्यवस्था नहीं हुई तो मदनपुर बाजार में बीमारियां पनप सकती है।

# जमीन विवाद में मारपीट तीन लोग गए जेल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। बारुण थाना क्षेत्र के दयालपुर गांव में जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट की घटना हुई। मारपीट की घटना को लेकर दोनों पक्षों को मिलाकर तीन लोग घायल हुए है जिसमें पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया के दयालपुर निवासी घायल टिंकू तिवारी के आवेदन के आलोक में नौ लोगों पर प्राथमिकी करते हुए नामजद अभियुक्त बनाया गया है। बताया कि दयालपुर निवासी घायल टिंकू तिवारी, राजू तिवारी और अंगद तिवारी का ईलाज बारुण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया। वही नामजद अभियुक्त दयालपुर निवासी भरत तिवारी, शंकर तिवारी और सुनैना देवी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार सभी अभियुक्त पिता, पत्नी और पुत्र है। बताया कि जमीनी विवाद बहुत दिन से चल रहा था, वही होली के दिन मारपीट हो गई।



# चार चिकित्सकों के सहारे चल रहा कुटुंबा रेफरल अस्पताल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। कुटुंबा रेफरल अस्पताल और इसके अधीन आने वाले सभी अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की कमी है। बता दें कि कुटुंबा प्रखंड में चिकित्सकों के 30 स्वीकृत पद हैं परंतु 26 पद रिक्त है। मात्र चार चिकित्सकों के भरोसे पूरे प्रखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था चल रही है। यह स्थिति समझाने के लिए पर्याप्त है कि विभागीय कार्य किस परेशानी से संचालित हो रहे होंगे। कुटुंबा रेफरल अस्पताल व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों के 14 पद स्वीकृत पदों में चिकित्सकों के 14 स्वीकृत पदों में सिर्फ दो चिकित्सक ही पदस्थापित है। एपीएचसी महाराजगंज, सिमरा, बगाही, तुरता, पिपरा, रिसियप और देउरा समेत कई अस्पतालों में दो-दो पद स्वीकृत हैं परंतु सभी रिक्त पड़े हैं। अंबा एपीएचसी में दो पदों में एक खाली है जबकि कझपा में भी दो पदों में एक खाली है। इस प्रकार एक चिकित्सक अंबा में और एक कझपा में कार्यरत हैं। रेफरल अस्पताल में 24 घंटे सेवा देनी होती है परंतु चिकित्सक इतने कम है कि रोस्टर बनाना भी संभव नहीं है। चिकित्सकों के अभाव में यहां स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई है। यहां तक की कई चिकित्सक बिना किसी सूचना के अनुपस्थित हैं तो कई उच्च शिक्षा हेतु विरमित हैं जिससे स्थिति और भी खराब हो जाती है।

**CHANGE OF NAME**

I NEELAM KUMARI D/O MOTI RAM PASWAN R/O Bari Bazar Ward 12 Mohania Kaimur (Bhabua) Bihar-821109 have changed my name to KANCHAN DEVI.

**CHANGE OF NAME**

I MOHAMMAD LADLE alias MUHAMMAD AFZAL HUSAIN S/O MOHAMMAD NASIM R/O Khagaura Dhanauti Siwan Bihar-841226 have changed my name to MUHAMMAD AFZAL HUSAIN.

**कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा**

**आदेश**

जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा के अधीन जिला स्तरीय संविदा/अनुबंध आधारित रिक्त पदों पर कर्मियों के चयन/नियुक्ति हेतु इस कार्यालय के विज्ञापन संख्या–02/2025–26 एवं संशोधन सूचना पत्रांक–1233 (PMU), दिनांक–20.12.2025 द्वारा विज्ञापन प्रकाशित कराते हुए अभ्यर्थियों से विभिन्न पदों के लिए दिनांक–12.01.2026 तक आवेदन प्राप्त किया गया। अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदनों के साथ संलग्न प्रमाण पत्रों के आधार पर विहित प्रपत्र में कम्प्यूटर में की गई प्रविष्टि की सूची दावा आपत्ति प्राप्त करने हेतु अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के ज्ञापांक–253, दिनांक–18.02.2026 द्वारा गढ़वा जिला के वेबसाईट garhwa.nic.in. पर जारी किया गया। दावा/आपत्ति निराकरण के उपरांत प्राप्त आवेदनों में से योग्य एवं एवं अयोग्य उम्मीदवारों की सूची गढ़वा जिला के वेबसाईट garhwa.nic.in पद पर जारी किया जाएगा, जिसका अवलोकन दिनांक–07.03.2026 से किया जा सकता है। सभी पदों हेतु योग्य उम्मीदवारों की **परीक्षा दिनांक 12.03.2026 के पूर्वाह्न 9:00 बजे से** राजकीयकृत गोविन्द+2, उच्च विद्यालय, गढ़वा में आयोजित की जाएगी। विस्तृत विवरणी जिले के वेबसाईट garhwa.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा

PR 374133 Health Med Edu and Family Welfare(25-26).D

# गृहरक्षक अभ्यर्थियों के हंगामे पर एफआईआर

## घटना में शामिल दो हुए गिरफ्तार, 150 से ज्यादा अभ्यर्थियों पर हुई प्राथमिकी दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय नगर।** जिले के नगर थाना क्षेत्र स्थित हड़ताली चैक पर गृह रक्षक बहाली की मांग को लेकर चल रहे धरना-प्रदर्शन के दौरान हुए हंगामे में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जबकि प्रिंस कुमार, श्रवण कुमार सहित लगभग 150/175 अज्ञात अभ्यर्थियों को भी आरोपी बनाया गया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, गृह रक्षक बहाली के अभ्यर्थी नियुक्ति पत्र देने की मांग को लेकर हड़ताली चैक पर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे थे। प्रशासन को सूचना मिली थी कि धरना के कारण कानून-व्यवस्था की स्थिति प्रभावित हो सकती है। इसके बाद प्रशासनिक पदाधिकारी और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। प्रदर्शनकारियों को समझाकर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियो ने धरना समाप्त कराने का प्रयास किया।परन्तु आंदोलनकारी किसी की एक नहीं सुनी। धरना पर देर रत तक उस समय लगभग 25द30 महिला और 125द150 पुरुष अभ्यर्थी मौजूद थे। पुलिस और प्रशासन द्वारा बार-बार समझाने के बावजूद प्रदर्शनकारी नहीं माने और नारेबाजी करने लगे। इसी दौरान कुछ लोगों ने पुलिस के साथ धक्का-मुक्की और गाली-गलौज भी की।स्थिति बिगड़ने पर पुलिस ने करीब 150/176 अभ्यर्थियों को हिरासत में लेकर बस के माध्यम से जीरो माइल थाना परिसर ले जाया। वहां भी कुछ लोगों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अचानक ईंट-पत्थर चलाना शुरू कर दिया। जिससे कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। एक पुलिस पदाधिकारी के सिर में गंभीर चोट लगने की भी बात सामने आई है।घटना के दौरान पुलिस ने मौके से सिंघौल थाना क्षेत्र के ईटवा वार्ड-15 निवासी उपेंद्र कुमार के पुत्र अंकित कुमार तथा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मोहन एघू वार्ड-41 निवासी राजेश कुमार के पुत्र अवनीश कुमार उर्फ प्रभाकर सिंह को गिरफ्तार कर लिया।इस संबंध में पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा डालने, अवैध जमावड़ा, मारपीट, गाली-गलौज, धमकी देने और जानलेवा हमला करने सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। जिला प्रशासन की ओर से सदर अंचलाधिकारी राहुल कुमार के आवेदन पर नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस का कहना है कि घटना की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी भी कराई गई है तथा अन्य आरोपियों की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## बिजली स्पर्शाधात से युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** थाना क्षेत्र में बुधवार की देर शाम बिजली करेंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक रजाकपुर पंचायत के डुमरिया वार्ड संख्या 6 के संजय यादव का 18 वर्षीय पुत्र रामबाबू कुमार है। घटना के संबंध में मृतक के पिता संजय यादव ने बताया कि वह और उसका पुत्र रामबाबू कुमार डुमरिया बहियार में मक्का की सिचाई कर रहा था। उसी क्रम में रामबाबू मवेशी के लिए चारा काटने चला गया। चारा काटने के बाद घास को समेट कर चला। इसी क्रम में खेत में बिजली प्रवाहित तार से घास सट गया। घास सटते ही उससे बिजली करेंट प्रवाहित होने लगा। उसके चपेट में आने से तड़प कर दम तोड़ दिया। बहुत देर तक वह वापस नहीं लौटा तो उसके पिता उसे देखने गया तो वह मरा पाया मिला।

## शांतिपूर्ण आंदोलन पर बर्बरता लोकतंत्र पर हमला : माले

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय नगर।** भाकपा माले ने गुरुवार को समाहरणालय द्वार के समक्ष होमगार्ड अभ्यर्थियों पर पुलीस लाठीचार्च के विरुद्ध पुतला जलाकर आक्रोश व्यक्त किया। गुरूवार को आमरण अनशन कर रहे होमगार्ड अभ्यर्थियों पर बर्बर लाठीचार्ज और जेल भेजने के खिलाफ पार्टी कार्यालय कमलेश्वरी भवन से मार्च निकाला गया। जो समाहरणालय के द्वार पर सभा में परिणत हो गया।सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले जिला सचिव दिवाकर प्रसाद ने कहा भाजपा जदयू सरकार होमगार्ड के चयनित उम्मीदवारों को 8 माह पूर्व सारी प्रक्रिया पूरी करने के बाद भी पक्की नौकरी देने के बदले प्रक्रिया को ही रद्द कर दिया।

जिलाधिकारी और एसपी के नेतृत्व में भारी पुलिसबल आंदोलनकारी होमगार्ड अभ्यर्थियों को गिरफ्तार कर हर्ल ले जाकर बर्बरता पूर्ण लाठीचार्ज किया। जिसमें महिला और पुरुष दर्जनों बुरी तरह से जख्मी है।ये घटना घोर निंदनीय और लोकतंत्र संविधान विरोधी है। उन्होंने राज्य और केंद्र सरकार से जिम्मेदार पदाधिकारियों को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की है। जेल में बंद आंदोलनकारी बिना शर्त रिहा करने की मांग की है। होमगार्ड के चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र जारी कर ट्रेनिंग में भेजा जाए। चन्द्रदेव वर्मा ने कहा भाजपा जदयू सरकार का युवा विरोधी चेहरा सामने आ गया है। युवाओं को नौकरी मांगने पर लाठी-डंडों से पीट-पीटकर जेल भेज दिया गया और महिला अभ्यर्थियों की पीटाई कर अभद्र व्यवहार किया गया। कार्यक्रम में अन्य लोगों के अलावे किसान महासभा के जिला सचिव बैजू सिंह, जिलाध्यक्ष नवल किशोर सिंह,जसम राज्य सचिव दीपक सिन्हा, नगर सचिव राजेश श्रीवास्तव,आईसा जिलाध्यक्ष सोनू फर्नाज, विशाल पासवान,इंसाफ मंच के एहतेशाम अहमद अधिवक्ता, इन्द्रदेव राम, मोहम्मद सैयद सनवर ,संजय ठाकुर,लड्डूलाल दास, गजेंद्र पंडित शामिल थे।




## संक्षिप्त समाचार

### शराब के साथ बाइकर गिरफ्तार

**नावकोठी (नबिटासं)।** नावकोठी पुलिस ने दो बोतल विदेशी शराब के साथ एक नशेड़ी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष सह डीएसपी अमरजीत तिवारी ने बताया कि गिरफ्तार नशेड़ी मुफ्फसिल थाने के वासुदेवपुर वार्ड संख्या 10 के ऋषभ कुमार उर्फ पप्पू कुमार है। दिवा गश्ती के क्रम में पहसारा मुखिया जी चैक पर पीर नगर से पहसारा की ओर आ रहा बाइक सवार नशे की हालत में डगमगा रहा था। उसके बाइक संख्या बीआर09 एबी5535 के हैंडिल में सफेद रंग के थैला में 750 मिली का आफिसर च्वाइस का दो बोतल विदेशी शराब बरामद किया गया। उसे हिरासत में लेकर ब्रेथ एनालाइजर से जांच कराने पर शराब पीने की पुष्टि हुई। उत्पाद एवं मद्यनिषेध अधिनियम के तहत कांड अंकित कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### गांजा व्यापारी गिरफ्तार

**नावकोठी (नबिटासं)।** थाना क्षेत्र से पुलिस ने गांजा के साथ कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रशिक्षु एसडीपीओ सह थानाध्यक्ष अमरजीत कुमार तिवारी ने बताया कि गिरफ्तार कारोबारी पहसारा पूर्वी पंचायत के ररिऔना वार्ड संख्या 10 का स्व बोतल यादव का पुत्र हरेराम यादव है। गुप्त सूचना मिली कि उक्त कारोबारी अपनी दुकान में गांजा रखकर बेचता है। सूचना सत्यापन हेतु एस आई विश्व जीत कुमार को दलबल के साथ सूचना स्थल पर भेजा गया। दुकान की तलाशी लेने पर पालीथीन में बंधा 1.378 किलो ग्राम गांजा बरामद हुआ। मादक पदार्थ अधिनियम के तहत कांड अंकित कर उसे न्यायिक हिरासत में भेजा दिया गया है।

### इंस्पायर्ड अवार्ड के लिए दो छात्रों का चयन

**नावकोठी (नबिटासं)।** प्रखंड क्षेत्र से इंस्पायर्ड अवार्ड के लिए दो प्रतिभाशाली छात्रों का चयन हुआ है। इस उपलब्धि से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।चयनित छात्रों में मध्य विद्यालय छतौना के अष्टम वर्ग के छतौना निवासी वार्ड नंबर 14 के छात्र प्रियांशु कुमार तथा एपीएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नावकोठी की नवम वर्ग की छात्रा कुमकुम कुमारी शामिल हैं। दोनों छात्रों ने अपनी प्रतिभा और नवाचार क्षमता के बल पर यह सफलता हासिल की है।मध्य विद्यालय छतौना के प्रभारी प्रधानाध्यापक राजीव रंजन एवं प्रभारी शिक्षक अमित कुमार ने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी।

### होली मिलन समारोह का आयोजन

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** प्रखंड क्षेत्र के मरंगी पंचायत के शिव मंदिर घासी टोला में भाजपा कार्यकताओं के द्वारा होली मिलन समारोह का



आयोजन किया गया। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष बब्बन कुमार सिंह ने बताया कि होली आपसी भाईचारे का पर्व हैं,सभी लोग इस पर्व को मिलजुल कर मनाते हैं। इस कड़ी में बुधवार की संध्या को शिव मंदिर घासीटोला परिसर में भाजपा कार्यकताओं की उपस्थिति में कार्यकताओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। वहीं होली को लेकर फगुआ गीत भी गा रहे थे जोगीरा सा रा रा रा रा होली हैं होली हैं। इस अवसर पर भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद थे। वहीं भाजपा के प्रखंड महामंत्री विनोद उरांव द्वारा अपने आवास पर पूरे परिवार के साथ होली पर्व मनाया एक दूसरे को अबीर लगाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दिए । इससे पूर्व मंगलवार को देर रात्रि होलिका दहन किया गया एवं बुधवार को सुबह में घरों में महिलाओं के द्वारा पकवान बनाया गया एवं अपने घर में पूजा पाठ के साथ स्थानीय मंदिर में भी पूजा अर्चना किए ।

### छिटफुट घटनाओं को छोड़ होली शांतिपूर्वक संपन्न

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** प्रखंड में छिटफुट घटनाओं को छोड़कर होली का पर्व शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन कुमारी मनसाही थानाध्यक्ष नरेंद्र



कुमार प्रसाद दलबल के साथ प्रखंड के सभी गांव का भ्रमण करते नजर आए। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन कुमारी ने बताया कि होली का त्यौहार तीन एवं चार मार्च को मनाया गया किसी भी तरीके का होनी अनहोनी ना हो इसको लेकर मुख्य चौक चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। वहीं थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार प्रसाद भी अपने अपने जवानों के साथ फ्लैग मार्च करते रहे लोगों को शांतिपूर्वक होली मनाने की अपील करते रहे और किसी भी व्यक्ति को डीजे बजाने नहीं दिए इस प्रकार से होली का पर्व शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

## बखरी नगर परिषद की बैठक में बजट पेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बखरी।** बखरी नगर परिषद की सामान्य बोर्ड बैठक मुख्य पार्षद गीता कुशवाहा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में नगर के समग्र विकास को लेकर चर्चा की गई तथा वित्तीय वर्ष 2026झ27 का बजट लेखा समिति के अध्यक्ष उमेश पाठक द्वारा प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुत बजट में नगर के विकास और जनसुविधाओं के लिए विभिन्न योजनाओं पर बड़े पैमाने पर राशि का प्रावधान किया गया है। बजट के अनुसार स्लम क्षेत्र के विकास के लिए 1 करोड़ रुपये, सबके लिए आवास योजना के लिए 58 करोड़ रुपये तथा कचरा निस्तारण के लिए 8 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। नगर पालिका भवन निर्माण के लिए 5 करोड़ 12 लाख रुपये तथा वार्ड सभा कक्ष निर्माण के लिए 3 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा बस्ती सुधार योजना के लिए 1 करोड़ तथा शवदाह गृह निर्माण के लिए 5 करोड़ रुपये बजट में शामिल किए गए हैं।

नगर के सौंदर्यीकरण को ध्यान में रखते हुए वेलकम गेट के लिए 1 करोड़ रुपये, सम्राट अशोक भवन के रखरखाव के लिए 20 लाख रुपये तथा पार्क निर्माण के लिए 5 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वहीं जल-जीवन-हरियाली योजना पर 5 करोड़ रुपये, वृद्धाश्रम और छठ घाट के लिए एक-एक करोड़ रुपये तथा सार्वजनिक शौचालय के लिए 50 लाख रुपये निर्धारित किए गए हैं। स्वच्छता और नगर प्रबंधन के तहत एसडब्ल्यूएम के लिए 5 करोड़ रुपये, स्वच्छ शहर विशेष अभियान के लिए 6 करोड़ रुपये तथा स्वच्छ भारत अभियान के लिए 7 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वहीं सड़क एवं पुल निर्माण के लिए 50 करोड़ 50 लाख रुपये, सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था के लिए 1 करोड़ 41 लाख रुपये तथा अन्य आधारभूत संरचना के विकास के लिए भी राशि निर्धारित की गई है।मुख्य पार्षद गीता कुशवाहा ने बताया कि इस बजट में नगर को आधुनिक और विकसित बनाने पर विशेष जोर दिया गया है। बैठक में उपमुख्य पार्षद ज्ञानती देवी, कार्यपालक अधिकारी प्रफुल्ल चंद्र यादव सहित कई पार्षद और अधिकारी मौजूद थे।

## नशे में हंगामा करते नशेड़ी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** थाना क्षेत्र के सैदपुर क्षेत्र से पुलिस ने शराब के कर न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु एस डी पी ओ अमरजीत तिवारी ने बताया कि गिरफ्तार नशेड़ी सिसौनी के देव नंदन साह का पुत्र मनोहर कुमार है। नशेड़ी को गिरफ्तार कर ब्रेथ एनालाइजर से जांच करवाई गई। जांच के दौरान शराब पीने की पुष्टि होने के कारण मद्य निषेध अधिनियम के तहत सूचना दर्ज करते हुए उसे न्यायालय भेज दिया गया।

वह शराब के नशे में सैदपुर चैक पर राहगीरों के साथ बदसलूकी कर रहा था। इसकी सूचना उसने पुलिस पदाधिकारी को दी। सूचना पाकर दलबल के साथ सूचना स्थल पर जाकर उसे हिरासत में लिया गया। इस गिरफ्तारी में एस आई विपिन कुमार ओझा तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## लोजपा विधायक को पार्टी ने बनाया पश्चिम बंगाल सहप्रभारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बखरी।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के निर्देश पर पार्टी के सक्रिय नेता, बखरी विधायक तथा गन्ना मंत्री संजय कुमार (संजय पासवान) को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के लिए सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। पार्टी ने इस संबंध में एक पत्र जारी कर उन्हें चुनावी तैयारियों में सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया है। जारी आदेश के अनुसार, संजय कुमार पश्चिम बंगाल में पार्टी संगठन को मजबूत करने, चुनावी रणनीति तैयार करने और विभिन्न गतिविधियों में भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। उन्हें चुनाव प्रभारी राजेश वर्मा के साथ समन्वय स्थापित करते हुए पार्टी के कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी नेतृत्व को उम्मीद है कि संजय कुमार अपने अनुभव और संगठनात्मक क्षमता के बल पर प्रदेश में पार्टी को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया है कि उनके नेतृत्व में पश्चिम बंगाल में पार्टी संगठन को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी बेहतर प्रदर्शन करेगी।पार्टी की ओर से बधाई देने वालों में प्रखंड अध्यक्ष पंकज पासवान, जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह कच्छवाहा, अनिल वर्मा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मोहम्मद महबूब सवा, विधानसभा अध्यक्ष रमेश कुमार शैलेश, संजीत यादव, संजीत वर्मा, अमरजीत कुमार कुशवाहा, भगवान लाल पासवान, अग्नि देव पासवान, कृष्ण नंदन पासवान, अमृत कुमार कुशवाहा, संजय जैसवाल, नगर परिषद अध्यक्ष परितोष कुमार, नगर संगठन प्रभारी चंदन कुमार, नगर उपाध्यक्ष रमेश मालाकार और श्रवण पासवान शामिल हैं।

## एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर दिया भाइचारे का संदेश

### कृष्ण एवं गोपियों के वेश में नृत्य मंडली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा/कटिहार।** प्रेम और भाइचारे का पर्व होली प्रखंड क्षेत्र में पारंपरिक रुप से सामाजिक सौहार्द एवं शांति पूर्वक मनाया गया।पर्व को लेकर कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।पूर्णिमा द्वैध,भद्रा तथा चंद्रग्रहण के कारण पर्व मनाने को लेकर गांवों एवं परिवारों में मतैक्य नहीं रहा।क्योंकि इस बार होली सोमवार से शुरू होकर बुद्धवार तक मनाया गया।

वैसे तो होली फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा से एक सप्ताह पूर्व हीं होलाष्टक से शुरू हो जाता है।इस दौरान लोगों ने जमकर पर्व विशेष का पकवान मालपुए का जमकर स्वाद लिया।तो वहीं सालों की संख्या में बकरों की भी जान गई।वहीं बकरे का मांस अधिक मंहगा होने से मुर्गे की मांग भी



क्षेत्र में किसी रही।लोग अपने हमउम्र के साथ एक दूसरे के घर जाकर रंग अबीर लगाया तो बड़ों के पैर पर अबीर देकर उनका आशीर्वाद लिया।युवा वर्गो की कपड़ाफाड़ होली सड़कों पर देखा गया।किशोर-किशोरियों एवं बच्चों का उत्साह चरम पर देखा गया।शराबबंदी तथा रमजान को लेकर पुलिस प्रशासन की अतिसक्रियता से हुड़दंग की स्थिति नहीं बन सकी।

पंचायत प्रतिनिधियों के घर काफी जमावड़ा देखने को मिला। तो थानाध्यक्ष विजय कुमार महतो के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी के साथ पुलिस बलों की टीम क्षेत्र में अलग-अलग भ्रमणशील रहकर जहां हुड़दंगियों पर नजर जमाये रही। प्रशासन समाज के गणमान्य, जनप्रतिनिधियों एवं आमजनों खासकर नवयुवकों की टोली के साथ बैठकर होली को यादगार बनाने की भरपूर कोशिश की। जबकि स्थानीय कलाकारों की टीम ढोल-मंजीरे के साथ राधा-कृष्ण के गणवेश में दरवाजा-दरवाजा घूमकर होली गाते और उपहार में पकवान एवं नगदी मांगते देखे गये। इस दौरान- सदा आनंद रहे,यही दुअरिया।मोहन खेले होरी हो।। फाल्गुन में राम खेले होरी..जैसे गीत और जोशीला वातावरण में देर रात तक गूंजता रहा।

## वृद्ध की संदेहास्पद मौत, परिजनों में कोहराम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** तेयाय ओपी क्षेत्र के रेलवे गुमटी संख्या 17 और 18 के बीच रेलवे ट्रैक के समीप गुरुवार की सुबह एक वृद्ध का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।मृतक वृद्ध की दादपुर निवासी स्व अनूप चौधरी के लगभग 72 वर्षीय पुत्र जगदीश चौधरी के रूप में की गई। उसके सिर पर जख्म के निशान हैं। घटना की सूचना पाकर तेघड़ा एसडीपीओ कृष्ण कुमार, इंस्पेक्टर जयप्रकाश यादव, ओपीध्यक्ष कुमारी निकिता भारती के नेतृत्व में पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय भेज दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक की पोती की आगामी 9 मार्च को शादी होना तय था।उसके पुत्र ने एक जमीन बेचा था।इसी को लेकर घर में कुछ कलह चल रहा था।वृद्ध रात में खाना खाने के बाद सोने गया। सुबह में रेलवे ट्रैक के समीप मिली लाश से उसकी पहचान हुई।उसके सिर पर जख्म के निशान है। ओपीध्यक्ष ने बताया कि फोरेंसिक टीम ने भी मामले की जांच की है। प्रथमदृष्टया संदिग्ध मौत प्रतीत होता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

## आपसी सौहार्द के साथ मनी होली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी ।** प्रखंड क्षेत्र में रंगों का त्योहार होली आपसी सौहार्द, भाईचारे और उत्साहपूर्ण माहौल में धूमधाम से मनाया गया। सुबह होते ही गांव और बाजारों में रौनक बढ़ गई। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी रंग गुलाल लेकर सड़कों और गलियों में निकल पड़े। लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर गले मिलते हुए पर्व की शुभकामनाएं दीं। घरों में पारंपरिक व्यंजन जैसे गुजिया, मालपुआ, दही-बड़ा और अन्य पकवान बनाए गए।जिनकी खुशबू से पूरा वातावरण महक उठा।

ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक अंदाज में फगुआ गीतों की धुन पर लोग झूमते नजर आए। ढोलक और मंजीरे की थाप पर युवाओं की टोली एक गांव से दूसरे गांव तक घूमती रही। कई स्थानों पर होलिका दहन के बाद सामूहिक रूप से होली मिलन समारोह का आयोजन भी किया गया।जहां लोगों ने गिले-शिकवे भुलाकर एक दूसरे को रंग लगाया।पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह अपने क्षेत्र में मुस्तैद रहा। प्रमुख चैक-चैराहों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी और लगातार गश्ती की जा रही थी। कुल मिलाकर पूरे प्रखंड में शांति, सद्भाव और भाईचारे के साथ होली का त्योहार संपन्न हुआ।

## जेपी सम्मान पेंशन दिलाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ग्रामीण ।** जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में देश भर में आपातकाल का विरोध करने व सत्ता परिवर्तन के लिए चलाये गये आन्दोलन में भाग लेनेवाले, तत्कातीन सरकार की दमनकारी नीतियों के कारण जेल की यातना सहनेवाले सेनानियों के लिए प्रदेश सरकार की जदयू के मुखिया नीतीश कुमार ने जेपी सेनानी सम्मान पेंशन योजना आरंभ की है।



इसका लाभ अनेक जेपी स्वतंत्रता सेनानी उठा भी रहे हैं। इस बीच भूमिगत रहकर इस आन्दोलन मे भाग लेनेवाले इस योजना की लाभ से वंचित रहे मनिहारी क्षेत्र के दर्जन भर से अधिक जेपी सेनानियों ने राज्य एसटी आयोग के सदस्य तल्लू बासकी को ज्ञापन देकर उक्त योजना का लाभ दिलाने की मांग की है। सूबे की डबल ईंजन की सरकार में जनहित व जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से आमजन का भरोसा बढा है। सरकार से लोगों की अपेक्षाएं बढी हैं. ऐसे में प्रखंड क्षेत्र के बिजय शंकर राय, रूपक गुहा, डा.भोला प्रसाद गुप्ता, रामप्रवेश सिंह गंगा प्रसाद यादव,अल्ताफ हुसैन, गणेश पासवान, राज कुमार सिंह सहित अनेक लोगों ने श्री बासकी को ज्ञापन सौंपकर पेंशन दिलाने की मांग की है। श्री बासकी जिले के प्रवास के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमणकर सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की धरातलीय जानकारी ले रहे हैं। श्री बासकी ने जेपी सम्मान पेंशन से वंचित रह गये पात्र लोगों को हर हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है।

## वरिष्ठ पत्रकार वीरेन्द्र कुमार यादव की प्रथम पुण्यतिथि पर दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**एकमा।।** नगर पंचायत एकमा बाजार के राजापुर वार्ड नंबर -13 में वरिष्ठ पत्रकार स्व. बीरेंद्र कुमार यादव की प्रथम पुण्यतिथि उनके पैतृक आवासीय परिसर में उनके अनुज व सामाजिक कार्यकर्ता अवधेश कुमार यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जिसमें जन प्रतिनिधि, शिक्षक समाजसेवी एवं पत्रकार बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल होकर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनकी तस्वीर पर अपना श्रद्धा सुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। अपना विचार प्रकट करते हुए वक्ताओं ने कहा कि स्व. बीरेंद्र बाबू अत्यंत मृदुभाषी एवं काफी मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे। वे एक जागरूक पत्रकार होने के साथ समाज के सच्चे प्रहरी व मार्गदर्शक भी थे। इसी क्रम में पहुंचे विधान पार्षद डॉ वीरेंद्र नारायण यादव ने उनकी स्मृति में फलदार पौधा रोपण किया। कार्यक्रम के पूर्व वेदाचार्य अनिल दुबे द्वारा विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना किया गया। श्रद्धांजलि सभा में एमएलसी डॉ वीरेंद्र नारायण यादव, जेपी सेनानी डॉ रामजी तिवारी, समाजसेवी डॉ. सत्यदेव प्रसाद यादव, राजीव शर्मा, शिक्षक नेता मंजीत कुमार तिवारी, समरेंद्र बहादुर सिंह, कांग्रेस नेता एनपी सिंह कुंदन, समाजवादी नेता राम नारायण यादव, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि व पत्रकार स्व. यादव के पुत्र सतीश कुमार यादव, राजीव कुमार यादव, रितेश कुमार यादव, रितिक कुमार यादव, देवा यादव, यादव, रिविलगंज नपं के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि मुकेश कुमार उर्फ सोनू यादव, एकमा नपं के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि दीपक राज, माकपा नेता कामरेड अरुण कुमार, प्रो. अवध बिहारी मिश्रा, डॉ शशि भूषण शाही, योगेन्द्र शर्मा, डॉ परशुराम शर्मा, डॉ. नीरज दुबे, राजद प्रदेश महासचिव नरेंद्र रेनू यादव, हरेराम यादव, संतोष कुमार सिंह, ई सौरभ सन्नी, संदीप रोशन, डॉ. अमित तिवारी, प्राचार्य डॉ. विवेकानंद तिवारी, डॉ. दिलीप कुमार प्रसाद, डॉ. मेराजुद्दीन, भाजपा जिला उपाध्यक्ष चैतेंद्रनाथ सिंह, मुकेश कुमार सिह, अखिलेश्वर प्रसाद भोला, जितेंद्र कुमार मिश्र, जन सुराज नेता मुन्ना भवानी, लहलादपुर के पूर्व प्रमुख रामाशीष यादव, नागेंद्र यादव सहित पत्रकार मनोज सिन्हा, मनोज सिंह, हेमंत शर्मा, वीरेश सिंह, मोतीचंद प्रसाद, केके सिंह सेंगर, देवेंद्र सिंह राठौर, तारकेश्वर प्रसाद, संजीत कुमार, सुनील पंडित, धनपत यादव, संजय सिंह, ब्रजेश कुमार, परवेज अख्तर, राहुल कुमार दुबे आदि अन्य लोग शामिल हुए।

### विधान पार्षद ने किया पौधरोपण

इस दौरान विधान पार्षद डॉ. वीरेंद्र नारायण यादव ने पत्रकार वीरेंद्र कुमार यादव के आवासीय परिसर में पौधरोपनकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और सभी से अपील की कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाएं। कार्यक्रम में प्रखंड व जिला स्तर के बड़ी संख्या में समाजसेवी, शिक्षक, चिकित्सक, जनप्रतिनिधि, मीडिया कर्मी, गणमान्य लोग व ग्रामीण शामिल हुए।



# अर्जुन तेंदुलकर ने बिजनेसमैन की पोती के साथ फेरे लिए

● शादी में धोनी-अमिताभ अन्य सितारे पहुंचे ● मुकेश अंबानी-जय शाह भी शामिल हुए

**मुंबई (एजेंसी)।** सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर की सानिया चंडोक के साथ मुंबई में शादी हुई। शादी समारोह में अमिताभ बच्चन पत्नी जया बच्चन के साथ पहुंचे। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी भी पत्नी साक्षी के साथ आए। वहीं, पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़, अनिल कुंबले के साथ क्रिकेटर अजिंक्य रहाणे, सुरेश रैना, हरभजन सिंह भी मौजूद रहे। शादी के फंक्शन 3 मार्च से ही चल रहे हैं। अर्जुन तेंदुलकर और सानिया चंडोक के प्री-वेडिंग फंक्शन 27 फरवरी को गुजरात के जामनगर में अंबानी परिवार के घर में हुए थे।

दोनों ने अगस्त 2025 में सगाई की थी। सानिया चंडोक ग्रैविस ग्रुप के चेयरमैन रवि घई की पोती हैं। अर्जुन की बहन



सारा की करीबी दोस्त भी हैं।बॉलीवुड के बिग बी अमिताभ बच्चन पत्नी जया के साथ शादी में पहुंचे हैं।रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी, पत्नी नीता ,बेटे आकाश अंबानी और उनकी पत्नी श्लोका अंबानी शादी समारोह में शामिल होने पहुंचे हैं।महेंद्र सिंह धोनी पत्नी साक्षी के साथ शादी समारोह में पहुंचे।पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह पत्नी के साथ शादी में पहुंचे हैं।क्रिकेटर सुरेश रैना पत्नी के साथ शादी में पहुंचे हैं।इरफान पठान पत्नी के साथ शादी में पहुंचे हैं।

# रेणुका सिंह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट से बाहर

वर्कलोड मैनेजमेंट के कारण आराम दिया, काशवी गौतम को मौका, आज पर्थ में मुकाबला

**पर्थ (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट से पहले इंडिया विमेंस ने तेज गेंदबाज रेणुका सिंह को वर्कलोड मैनेजमेंट के कारण आराम दे दिया। उनकी जगह ऑलरांडर काशवी गौतम को टीम में जगह मिली। काशवी वनडे सीरीज का भी हिस्सा थीं।

### लगातार क्रिकेट खेल रही थीं रेणुका

मेडिकल टीम ने बीसीसीआई से कहा कि रेणुका लगातार क्रिकेट खेल रही हैं। विमेंस प्रीमियर लीग के बाद उन्होंने टीम के लिए सभी मैच खेले। फिटनेस और टी-20 वर्ल्ड कप को देखते हुए उन्हें टेस्ट से आराम दे देना चाहिए। बीसीसीआई ने कहा, पर्थ के वाका में होने वाले पिंक-बॉल टेस्ट के लिए रेणुका उपलब्ध नहीं रहेंगी। उनके वर्कलोड को बेहतर मैनेज करने के लिए यह फैसला लिया गया। मेडिकल टीम उनकी फिटनेस पर लगातार नजर रखेगी।

**रेणुका ने टी-20 और वनडे सीरीज में पूरे मैच खेले-** इंडिया विमेंस फिलहाल ऑस्ट्रेलिया में मल्टी फॉर्मेट सीरीज खेलने के लिए गई हैं। रेणुका ने 3 टी-20 में 4 विकेट लिए, वहीं 3 वनडे में वे 2 विकेट ही अपने नाम कर सकीं।

**सीरीज में 8-4 से आगे ऑस्ट्रेलिया-** भारत ने टी-20 सीरीज 2-1 से जीती। वनडे सीरीज ऑस्ट्रेलिया ने 3-0 से जीती। ऑस्ट्रेलिया में विमेंस क्रिकेट सीरीज में हर मैच के अलग-अलग पॉइंट्स होते हैं। व्हाइट बॉल मैच जीतने पर 2 पॉइंट्स मिलते हैं। इसलिए ऑस्ट्रेलिया के 8 और भारत के पास 4 पॉइंट्स हैं। अगर भारत ने टेस्ट जीत लिया तो दोनों के 8-8 पॉइंट्स हो जाएंगे और सीरीज ड्रॉ रहेगी। टेस्ट ड्रॉ होने पर दोनों टीमों को 2-2 पॉइंट्स मिलेंगे, ऐसे में ट्रॉफी ऑस्ट्रेलिया के पास चली जाएगी।

**इंडिया विमेंस की अपडेटेड टेस्ट टीम-** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्ज, हरलीन देओल, प्रतिका रावल, ऋचा घोष (विकेटकीपर), उमा छेत्री (विकेटकीपर),




अमनजोत कौर, स्नेह राणा, सयाली साटघरे, दीप्ति शर्मा, क्रांति गौड़, काशवी गौतम और वैष्णवी शर्मा।

## ईपीएल- न्यूकैसल ने 10 खिलाड़ियों से मैनचेस्टर यूनाइटेड को हराया

### पेड्रो की हैट्रिक से चेल्सी जीती, आर्सनल 20वीं जीत से टॉप पर कायम

**मैनचेस्टर (एजेंसी)।** इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल में गुरुवार रात बड़े उलटफेर देखने को मिले। न्यूकैसल ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए मैनचेस्टर यूनाइटेड को हरा दिया। जोआओ पेड्रो की हैट्रिक से चेल्सी ने एस्टन विला को 4-1 से हराया। आर्सनल ने टूर्नामेंट में 20वीं जीत से नंबर-1 पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। वहीं नॉटिंघम फॉरेस्ट ने 10 बार की चैंपियन मैनचेस्टर सिटी को ड्रॉ पर रोक दिया।

मैनचेस्टर यूनाइटेड की छठी हार



न्यूकैसल के सेंट जेम्स पार्क में बेहद रोमांचक मुकाबला खेला गया। फर्स्ट हाफ के इंजरी टाइम में जैकब रेम्सी 2 यलो कार्ड मिलने के कारण मैच से बाहर हो गए। 10 प्लेयर्स के बावजूद टीम ने 2-1 से मैच जीता और पॉइंट्स टेबल में 12वां स्थान हासिल कर लिया। इस हार के बाद मैनचेस्टर यूनाइटेड तीसरे नंबर पर ही मौजूद है। न्यूकैसल के एंथनी गॉर्डन ने पेनल्टी को गोल में बदला और टीम को 1-0 से आगे कर दिया। न्यूकैसल के विलियम ओसुला ने आखिरी मिनट में गोल किया और अपनी टीम को रोमांचक जीत दिला दी।

चेल्सी की एस्टन विला पर डोमिनेटिंग जीत

बर्मिंघम के विला पार्क में चौथे और पांचवें नंबर की टीम के बीच रोमांचक मुकाबले के उम्मीद थी, लेकिन चेल्सी ने 4-1 के अंतर से एकतरफा मैच जीत लिया।विला के डगलस लुइज ने मैच का पहला गोल दागा और अपनी टीम को आगे कर दिया।चेल्सी के जोआओ पेड्रो ने गोल किया और स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। जोआओ पेड्रो ने अपना दूसरा गोल किया और चेल्सी को 2-1 से आगे कर दिया। फर्स्ट हाफ के बाद एस्टन विला वापसी नहीं कर सकी।

## रणजी चैंपियन जम्मू-कश्मीर टीम ने जय शाह से मुलाकात की

● राज्य में क्रिकेट को बढ़ावा देने पर आभार जताया, बीसीसीआई ने फोटोज शेयर किए

**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर ने 67 साल में पहला रणजी ट्रॉफी जीता है। इस जीत के बाद टीम के खिलाड़ियों ने आईसीसी के चैयरमैन जय शाह से मुलाकात की। बीसीसीआई ने गुरुवार को फोटोज शेयर किए हैं। खिलाड़ियों ने जम्मू-कश्मीर में क्रिकेट को मजबूत बनाने में उनके योगदान के लिए जय शाह को धन्यवाद दिया।रणजी ट्रॉफी का पहला खिताब जीतने के बाद जम्मू-कश्मीर टीम ने जय शाह से मिलने की इच्छा जताई।



**जम्मू-कश्मीर टीम ने जय शाह से मिलने की इच्छा जताई-** बीसीसीआई ने एक्स पर बताया कि रणजी ट्रॉफी का पहला खिताब जीतने के बाद जम्मू-कश्मीर टीम ने जय शाह से मिलने की इच्छा जताई। खिलाड़ियों ने कहा कि बीसीसीआई के सचिव रहते हुए जय शाह की लीडरशिप ने राज्य में क्रिकेट को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। बीसीसीआई ने अपने पोस्ट में जम्मू-कश्मीर की ऐतिहासिक जीत की तारीफ की और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए जय शाह का धन्यवाद किया। जम्मू-कश्मीर ने 67 साल का बाद 2025-26 सीजन में अपना पहला रणजी ट्रॉफी खिताब जीता।

## वर्ल्ड चैंपियन गुकेश को ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम ने हराया

● प्राग चेस फेस्टिवल में आखिरी नंबर पर पहुंचे; 19 रेटिंग पॉइंट्स भी कटे



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश को प्राग इंटरनेशनल चेस फेस्टिवल 2026 में भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बाद लाइव चेस रैंकिंग में गुकेश 20वें स्थान पर पहुंच गए। वे टूर्नामेंट में आखिरी नंबर पर चल रहे हैं।

**गुकेश 6 राउंड के बाद 3 गेम हारे-** दिसंबर 2024 में वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद गुकेश पर लगातार दबाव बना हुआ है। प्राग में चल रहे इस टूर्नामेंट में उनका प्रदर्शन अब तक खास नहीं रहा। टूर्नामेंट में 6 राउंड के बाद वे 3 मुकाबले हार चुके हैं, जबकि बाकी 3 मैच ड्रॉ रहे। खराब प्रदर्शन के कारण उनके 19 रेटिंग पॉइंट्स भी कम हो गए। समय कम होने के कारण तेजी से चाल चलनी पड़ी

मंगलवार को खेले गए मुकाबले में मैच के आखिरी फेज में गुकेश से बड़ी गलती हो गई। समय कम होने के कारण उन्हें 35वीं से 40वीं चाल तक तेजी मूव करना पड़ा।

### गुकेश ड्रॉ करा सकते थे मुकाबला

मैच के बाद अरविंद चिदंबरम ने बताया कि 37वीं चाल में 'एफ4' खेलना गुकेश के लिए भारी साबित हुआ। इस चाल से उनके नाइट (घोड़े) को एफ3 और एफ2 जैसी जगहों तक पहुंचने का मौका मिला। अगर उस समय गुकेश रूक (हाथी) डी2 चलते तो मुकाबला ड्रॉ की ओर जा सकता था।

## हरियाणा का आयरन मैन अर्जेंटीना में लड़ेगा बड़ी फाइट

● 26 साल छोटे फ्रेंच फाइटर को चुनौती देंगे संग्राम सिंह, 5 अप्रैल को मुकाबला

**सोनीपत (एजेंसी)।** हरियाणा के दिग्गज एमएमए फाइटर संग्राम सिंह एक बार फिर इतिहास रचने की दहलीज पर खड़े हैं। प्रोफेशनल रेसलिंग से मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (एमएमए) की दुनिया में कदम रखने वाले संग्राम अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का झंडा बुलंद करने जा रहे हैं।

5 अप्रैल 2026 को अर्जेंटीना के टाइग्रे, ब्यूनस आयर्स में आयोजित होने जा रहे समुराई फाइट हाउस 28 (एसएफएच 28) में संग्राम सिंह मुख्य मुकाबले में उतरेंगे। यह सिर्फ एक फाइट नहीं, बल्कि भारतीय एमएमए इतिहास का वह क्षण होगा जब पहली बार कोई भारतीय फाइटर अर्जेंटीना की धरती पर प्रतिस्पर्धा करेगा। संग्राम सिंह अपनी उम्र से 26 साल छोटे फ्रांस के उभरते हुए फाइटर माटेओ मोंटेइरो के साथ फाइट करेंगे। ऐसा पहली बार हो रहा है कि इतनी ज्यादा उम्र में तेज-तर्रार युवक से संग्राम फाइट करेंगे। 5 अप्रैल 2026 को अर्जेंटीना के टाइग्रे, ब्यूनस आयर्स में आयोजित होने जा रहे समुराई फाइट हाउस 28 (एसएफएच 28) में संग्राम सिंह मुख्य मुकाबले में उतरेंगे।

### रोजाना 6 घंटे कर रहे प्रैक्टिस

संग्राम भारतीय और रशियन कोच की निगरानी में रोज 6 घंटे प्रैक्टिस कर रहे हैं। पिछले दिनों संग्राम सिंह पेरिस, थाईलैंड और बाली में ट्रेनिंग शेड्यूल पूरा करके आए थे। खास बात ये है कि हरियाणवी फाइटर शुद्ध शाकाहार पर निर्भर हैं। दूध-घी-चूरमा उनकी डाइट का अहम हिस्सा है। संग्राम सिंह दो बार एमएमए खिताब जीत चुके हैं। इंग्लैंड के पहली बार केज में उतरेंगे।




### फाइट विनर को एक करोड़ इनाम

अर्जेंटीना में आयोजित इस फाइट को विनर को प्राइज में लगभग एक करोड़ रुपए मिलेंगे। साथ ही रैंक में सुधार होगा। फाइट के टिकट की कीमत 50 हजार रुपए तक है। उसके बाद टाइटल खेलने के लिए मौका मिलता है। टाइटल के दौरान करोड़ों रुपए मिलते हैं। संग्राम सिंह ने पिछली फाइट 2 नवंबर 2025 को नीदरलैंड में लड़ी और जीती।

### फ्रेंच चैलेंजर माटेओ मोंटेइरो से मुकाबला

एसएफएच 28 के मुख्य मुकाबले में संग्राम सिंह का सामना फ्रांस के उभरते हुए फाइटर माटेओ मोंटेइरो से होगा। यह मुकाबला एशिया और यूरोप की प्रतिभा के बीच जोरदार टकराव माना जा रहा है। जहां संग्राम अपने अनुभव और रणनीतिक परिपक्वता के साथ उतरेंगे, वहीं मोंटेइरो युवा जोश और आक्रामकता के दम पर अपनी पहचान मजबूत करना चाहेंगे। खेल से जुड़े एक्सपर्ट कहते हैं कि संग्राम को इस मुकाबले में बेहद सधे हुए अंदाज में उतरना होगा, क्योंकि मामूली गलती भी इस तरह के फाइटर के सामने भारी पड़ सकती है। ये अनुभव बनाम आक्रामकता की टक्कर होगी।

**जीतने के लिए जा रहा अर्जेंटीना- संग्राम-** अपने तीसरे अंतरराष्ट्रीय एमएमए मुकाबले को लेकर दैनिक भास्कर एप से बातचीत में कहा रेसलिंग और एमएमए अलग दुनिया मानी जाती हैं, मुकाबले के लिए लगातार मेहनत की जा रही है, लेकिन अनुशासन, फिटनेस और योद्धा भावना हर मंच पर काम आती है। उन्होंने कहा कि अर्जेंटीना में वह केवल हिस्सा लेने नहीं, बल्कि जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेंगे।

● बाबर और सईम बांग्लादेश सीरीज से बाहर, 6 अनकैप्ड प्लेयर्स को मौका

# पाकिस्तान ने वर्ल्डकप हार का गुस्सा वनडे टीम पर उतारा

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने टी-20 वर्ल्ड कप में अपनी टीम के खराब प्रदर्शन का गुस्सा वनडे टीम पर उतारा। बुधवार को बांग्लादेश सीरीज के लिए टीम अनाउंस हुई। वर्ल्ड कप में बुरी तरह फ्लॉप रहे पूर्व कप्तान बाबर आजम और सईम अयूब को टीम से बाहर कर दिया। टीम में 6 अनकैप्ड प्लेयर्स और वर्ल्ड कप में टॉप स्कोरर रहे साहिबजादा फरहान को शामिल कर लिया। फरहान ने अक्टूबर 2024 से कोई घरेलू लिस्ट-ए मैच भी नहीं खेला है। वे अब तक पाकिस्तान के लिए वनडे डेब्यू भी नहीं कर सके।

● **शाहीन ही कप्तानी करेंगे-** तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ही पाकिस्तान की कप्तानी करेंगे। उन्हें पिछले साल ही मोहम्मद रिजवान के बाद कप्तान बनाया गया था। वर्ल्ड कप टीम से बाहर रहे विकेटकीपर रिजवान वनडे टीम में अपनी जगह बरकरार रखने में कामयाब रहे। टी-20 कप्तान



सलमान अली आगा, ऑलराउंडर फहीम अशरफ और लेग स्पिनर अबरार अहमद को भी टीम में जगह मिल गई।

● **बॉलिंग डिपार्टमेंट में अनुभव को मौका-** अबरार के अलावा बॉलिंग डिपार्टमेंट में मोहम्मद वसीम जूनियर और हारिस रऊफ शामिल किए गए। बैटिंग ऑलराउंडर हुसैन तलत के साथ चाइनामैन फैसल अकरम भी टीम का हिस्सा हैं, जिन्होंने 2024 में वनडे डेब्यू किया था।

● **अपने बेस्ट फॉर्मेट से बाहर हुए बाबर-अयूब-** सईम अयूब और बाबर आजम अपने करियर में सबसे ज्यादा मजबूत वनडे फॉर्मेट में ही नजर आए।

पिछले 13 मुकाबलों में अयूब ने 3 शतक और 2 फिफ्टी लगाईं। 2024 में ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका में वनडे सीरीज जीत में अयूब ने अहम भूमिका निभाई थी। अयूब वर्ल्ड कप में जरूर फ्लॉप रहे, लेकिन उनकी स्पिन गेंदबाजी ने टीम को अहम विकेट दिलाए थे। बाबर भी वनडे में 20 शतक और 37 फिफ्टी लगा चुके हैं। उन्होंने किसी और फॉर्मेट में 10 सेंचुरी भी नहीं लगाईं। उनके नाम 140 मुकाबलों में 6501 रन जरूर हैं, लेकिन 2025 से वे इस फॉर्मेट में कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं।


### 6 अनकैप्ड प्लेयर्स को मौका

वनडे सीरीज में कई प्लेयर्स को डेब्यू का मौका मिल सकता है। 28 साल के अब्दुल समद को जगह मिली, जिन्होंने टी-20 क्रिकेट में फिनिशर के रूप में पहचान बनाई। 21 साल के शामिल हुसैन और और 20 साल के माज सदाकत भी स्क्वॉड का हिस्सा हैं। 3 लिस्ट-ए मैच खेलने वाले 21 साल के शाद मसूद और गाजी घोरी भी टीम में शामिल किए गए हैं।

# औरंगाबाद में हर्षोल्लास के साथ मना रंगों का त्योहार होली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** रंगों का पावन त्योहार होली इस वर्ष औरंगाबाद जिले में पूरे उत्साह, उमंग और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। शहर से लेकर गांवों तक हर तरफ रंग, गुलाल, ढोल-नगाड़ों और फगुआ गीतों की गूंज सुनाई देती रही। लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और आपसी प्रेम, सौहार्द तथा भाईचारे का संदेश दिया। सुबह होते ही लोगों की टोलियां सड़कों और मोहल्लों में निकल पड़ीं और रंगों की मस्ती में झूमते हुए एक-दूसरे को रंगों से सराबोर करते नजर आए। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, मोहल्लों और कॉलोनियों में युवाओं और बच्चों की टोली पूरे जोश के साथ होली खेलती दिखाई दी। ढोल, मंजीरा और डीजे की धुन पर लोग झूमते-नाचते नजर आए। कई स्थानों पर पारंपरिक फगुआ गीतों की धुन पर लोग थिरकते रहे। घर-घर में पकवानों की खुशबू फैली रही और लोगों ने गुजिया, दही-बड़ा, मालपुआ सहित विभिन्न व्यंजनों का आनंद लिया। महिलाएं भी होली के उत्सव में पीछे नहीं रहीं और पारंपरिक गीतों के साथ एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर त्योहार की खुशियां साझा कीं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी होली का उत्साह चरम पर रहा। गांवों में सुबह से ही युवाओं की टोली ढोलक और झांझ के साथ फगुआ गाते हुए घर-घर पहुंची और लोगों को रंग लगाकर शुभकामनाएं दी। बुजुर्गों ने भी युवाओं को आशीर्वाद दिया और पारंपरिक तरीके से त्योहार का आनंद लिया। गांवों में कई जगह सामूहिक होली मिलन समारोह का आयोजन भी किया गया, जहां ग्रामीणों ने मिलकर गीत-संगीत और नृत्य के साथ त्योहार की खुशियां मनाईं। होली पर्व को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। जिले के विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस पदाधिकारियों के नेतृत्व में जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की गई थी तथा लगातार गश्ती दल द्वारा निगरानी रखी जा रही थी। प्रशासन की मुस्तैदी और आम लोगों के सहयोग से जिले में कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली और होली का पर्व पूरी तरह शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। औरंगाबाद विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने कहा कि कई सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक संगठनों द्वारा भी होली मिलन समारोह आयोजित किए गए, जहां समाज के विभिन्न वर्गों के लोग एकत्रित हुए और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर भाईचारे का संदेश दिया। इन कार्यक्रमों में सामाजिक समरसता, प्रेम और सौहार्द बनाए रखने की अपील भी की गई। रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि होली के अवसर पर मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर भी लोगों की भीड़ देखी गई। लोगों ने पूजा-अर्चना कर अपने परिवार और समाज की खुशहाली की कामना की। बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला, जो रंग-गुलाल और पिचकारियों के साथ पूरे दिन मस्ती करते रहे। एमएलसी दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि कुल मिलाकर औरंगाबाद जिले में रंगों का यह महान पर्व पूरे उल्लास, उत्साह और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया गया। होली के इस अवसर पर लोगों ने आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाया और समाज में प्रेम, सद्भाव तथा भाईचारे की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया। रंगों के इस त्योहार ने पूरे जिले को एकता और खुशियों के रंग में रंग दिया।








# हर्ष फायरिंग में एक की मौत, दूसरा घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** होली के जश्न के बीच हर्ष फायरिंग का मामला सामने आया है। इस घटना में एक व्यक्ति की गोली लगने से मौत हो गई जबकि दूसरे को अस्पातल में भर्ती कराया गया है। घटना पौथू थाना क्षेत्र के बरपा गांव की है। मृतक की पहचान संजय शर्मा एवं घायल गणेश शर्मा के रूप में है। जानकारी के अनुसार, होली पर्व को लेकर गांव में पारंपरिक गायन का कार्यक्रम चल रहा था और लोग उत्साह के साथ जश्न मना रहे थे। इसी दौरान अचानक हर्ष फायरिंग की गई, जिससे यह हादसा हो गया। गांव के ही रहने वाले एक व्यक्ति ने अचानक अपने लाइसेंसी राइफल से फायरिंग कर दी। गोली छत से टकराने के बाद दिशा बदलते हुए संजय शर्मा के सीने के आर-पार निकल गई। जो पास में खड़े गणेश शर्मा को जा लगी। गोली लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। वहां भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई। परिजन और ग्रामीण दोनों घायलों को इलाज के लिए दाउदनगर स्थित एक निजी क्लीनिक ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही संजय शर्मा ने दम तोड़ दिया। संजय गांव में ही रहकर खेती-बाड़ी का काम करते थे। उनकी शादी नहीं हुई थी। घटना की सूचना मिलते ही पौथू पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष सोमेश्वर नाथ ने बताया कि बरपा गांव के ही एक युवक पर फायरिंग कराने का आरोप है। घटना के बाद से वह फरार है। पुलिस गोली चलाने वाले युवक का पता लगाने और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। हालांकि ग्रामीण इस संबंध में खुलकर कुछ भी बताने से बच रहे हैं। फ़िलहाल पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। दोषी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से दुकानदार की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** अज्ञात वाहन की टक्कर से चिकन दुकानदार की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना ओबरा थाना क्षेत्र के देवकली गांव के पास एनएच-139 की है। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के बिशनपुर गांव निवासी 34 वर्षीय चंद्रेश्वर चौधरी के रूप में की गई है। सदर अस्पताल में मौजूद परिजनों ने बताया कि चंद्रेश्वर बुधवार को मुर्गा खरीदने के लिए ओबरा के एक गांव गया था। देर शाम वापस अपने घर लौट रहा था। रास्ते में अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। परिजनों ने बताया कि मृतक के पांच छोटे-छोटे बच्चे हैं, जिनमें चार बेटियां और एक बेटा है। चंद्रेश्वर ही परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। होली के माहौल के बीच इस दर्दनाक हादसे ने पूरे विशुनपुरा गांव को गमगीन कर दिया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से राष्ट्रीय राजमार्ग 139 पर बढ़ती दुर्घटनाओं पर रोक लगाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। पुलिस के अनुसार अज्ञात वाहन की पहचान के लिए जांच की जा रही है। आसपास सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# मानकों के अनुरूप आधारभूत व्यवस्था को करें सुदृढ़ : अनन्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** पंचायत आम निर्वाचन-2026 के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन के उद्देश्य से मल्टी पोस्ट ईवीएम के सुरक्षित भंडारण हेतु वेयरहाउस के चयन के क्रम में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह द्वारा जिला पंचायत संसाधन केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत संसाधन केन्द्र के द्वितीय तल का विस्तृत अवलोकन किया गया। इस दौरान बीयु (मतपत्र इकाई), सीयु (नियंत्रण यूनिट), एसडीएमम एवं टोटलाईजर मशीनों के सुरक्षित भंडारण के लिए चिह्नित कुल 05 (पांच) कमरों का बारीकी से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में कमरों की संरचना, सुरक्षा व्यवस्था, पर्याप्त स्थान, पहुंच मार्ग, प्रकाश एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया गया ताकि चुनाव से संबंधित सामग्रियों का सुरक्षित एवं व्यवस्थित भंडारण सुनिश्चित किया जा सके। उप विकास आयुक्त द्वारा निरीक्षणोपरांत जिला पंचायत राज पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के आलोक में आवश्यक चेकलिस्ट तैयार करते हुए सभी बिंदुओं का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही वेयरहाउस के रूप में चयनित स्थलों पर सुरक्षा, निगरानी तथा अन्य आधारभूत व्यवस्थाओं को मानकों के अनुरूप सुदृढ़ करने की भी बात कही गई। उन्होंने कहा कि पंचायत आम निर्वाचन-2026 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूरी करना अत्यंत आवश्यक है। इसी क्रम में ईवीएम मशीनों के सुरक्षित भंडारण के लिए उपयुक्त स्थल का चयन किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, सास-ससुर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** होली के अवसर पर संदिग्ध स्थिति में एक विवाहिता की मौत हो गई। घटना कुटुंबा थाना क्षेत्र के बिशुनपुर खैरा गांव की है। मृतका की पहचान थाना क्षेत्र के उस गांव निवासी अमित कुमार की 25 वर्षीय पत्नी निक्की कुमारी के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार दो साल पहले साल 26 अप्रैल 2024 को उसकी शादी हुई थी। मृतका के मायके वालों ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए गला दबाकर हत्या का आरोप लगाया है। मृत महिला के भाई रिसियप थाना क्षेत्र के मोहन बिगहा निवासी अक्षय कुमार ने बताया कि पड़ोसियों की ओर से घटना की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस को जानकारी दी गई। मायके वालों के साथ पुलिस खैरा बिशनपुर गांव पहुंची तथा घर के बरामदे से शव को बरामद किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान मृतका के भाई अक्षय कुमार ने बताया कि दो साल पहले हिंदू रीति रिवाज से बहन की शादी रामेश्वर मेहता के बेटे अमित के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिनों तक सब कुछ ठीक-ठाक चला। इसके बाद ससुराल वाले बहन को दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। छोटी-छोटी बातों को लेकर सास सविता देवी से अक्सर विवाद होता था। कई बार समझौता भी हुआ लेकिन उनकी हरकतों में सुधार नहीं हुआ। घटना को लेकर ससुराल वालों की ओर से बताया गया कि उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। कमरे की खिड़की तोड़कर लोग अंदर घुसे तथा शव को बाहर निकल गया है लेकिन जब मैं वहां पहुंचा तो मुझे मामला संदिग्ध लगा। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। फिलहाल मृतका के ससुर रामेश्वर महतो तथा सास सविता देवी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# बच्चों की समुचित देखभाल के साथ शिक्षा व मानसिक विकास पर दें ध्यान : डीडीसी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले में संचालित बाल देखरेख संस्थानों का निरीक्षण जिलाधिकारी सह अध्यक्ष जिला निरीक्षण समिति अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह के द्वारा जिला निरीक्षण समिति के अन्य सदस्यों द्वारा किया गया। निरीक्षण के क्रम में बाल गृह (बालक) यूनिट-01, वृहद आश्रय गृह, सुरक्षित स्थान तथा आरोहण विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, औरंगाबाद का विस्तृत रूप से जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान संस्थानों में आवासित बच्चों के रहन-सहन, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, पोषण एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा की गई। समिति के सदस्यों ने बच्चों से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं एवं संस्थान में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि आरोहण विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, औरंगाबाद में 03 शिशु, बाल गृह यूनिट-01 वृहद आश्रय गृह में 36 बालक तथा सुरक्षित स्थान में 66 बालक आवासित हैं। उप विकास आयुक्त एवं समिति के अन्य सदस्यों द्वारा संस्थानों के समुचित संचालन, बच्चों की समुचित देखभाल, शिक्षा एवं मानसिक विकास के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश एवं सुझाव दिए गए। सिविल सर्जन द्वारा संस्थान में आवासित शिशुओं एवं बालकों के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रतिनियुक्त चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ से प्राप्त की गई तथा नियमित स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान संस्थानों में साफ-सफाई, पौष्टिक भोजन की व्यवस्था, बच्चों की नियमित पढ़ाई तथा सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने पर विशेष बल दिया गया। प्रभारी अधीक्षक, सुरक्षित स्थान तथा बाल गृह (बालक यूनिट-01) वृहद आश्रय गृह को निर्देशित किया गया कि बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता एवं अनुशासन का विशेष ध्यान रखा जाए तथा सभी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं। जिला प्रशासन द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि बाल देखरेख संस्थानों में आवासित बच्चों के समग्र विकास, सुरक्षा एवं बेहतर भविष्य के लिए समय-समय पर निरीक्षण एवं आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाते रहेंगे। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक (मु), सहायक निदेशक, बाल संरक्षण, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (शिक्षा), सदस्य किशोर न्याय परिषद, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति तथा सामाजिक कार्यकर्ता अरुण कुमार सिंह उपस्थित थे।



# जमीन विवाद में जख्मी किसान की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** माली थाना क्षेत्र के नीमा गांव में जमीन विवाद में मारपीट के दौरान घायल किसान की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान कृष्णा मेहता के रूप में हुई है। आवेदन के अनुसार तीन मार्च की शाम कृष्णा मेहता अपने घर से पूरब दिशा की ओर खेत में हो रहे पटवन को देखने गए थे। इसी दौरान गांव के ही लक्ष्मण मेहता, विपुल कुमार, आरती कुमारी, रुबी कुमारी और वंदना कुमारी समेत अन्य लोग पहले से घात लगाकर बैठे हुए थे। जैसे ही कृष्णा मेहता खेत पर पहुंचे, सभी लोगों ने अचानक उन पर लाठी-डंडे और धारदार हथियार से हमला कर दिया। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल कृष्णा मेहता को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गए। सदर अस्पताल से रेफर करने के बाद परिजन गयाजी लेकर गए लेकिन वहां से भी चिकित्सकों ने पटना भेज दिया। पीएमसीएच में इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राय ने बताया कि मारपीट की घटना में एक बुजुर्ग की मौत हुई है। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

# पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह के आवास पर धूमधाम से मनी होली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह के आवासीय कार्यालय सिंह कोठी परिसर में समाजसेवियों और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने रंगों का पर्व होली उत्साह और उमंग के साथ मनाया। इस अवसर पर पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने उपस्थित लोगों को अबीर और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं और बधाई दी। इस मौके पर सुशील कुमार सिंह ने कहा कि होली सामाजिक समरसता का प्रतीक है और यह पवित्र त्योहार पूरे देशवासियों के जीवन में नए रंग और उमंग लेकर आता है। उन्होंने कहा कि खुशी और उत्साह से जुड़े इस पर्व पर लोग सभी गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे से गले मिलते हैं। होली के दिन रंग खेलने की परंपरा सदियों से चली आ रही है और इस दिन सभी लोग उत्साह के साथ इस त्योहार को मनाते हैं। उन्होंने कहा कि परिस्थिति चाहे जो भी हो, वह हमेशा सभी वर्गों के लोगों के सुख-दुख में शामिल रहते हैं और कोई भी पर्व-त्योहार सभी के साथ मिलकर मनाते हैं। कार्यक्रम में भाजपा के वरीय नेता सुनील सिंह, कर्नल सुधीर सिंह, सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता आदित्य शेखर, युवा भाजपा नेता प्रवीर सिंह, शुभेन्दु शेखर सिंह, अश्विनी सिंह, मुखिया प्रतिनिधि अमरीश सिंह, रविन्द्र शर्मा, विनय शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र कुमार सिंह, वार्ड पार्षद इलताफ कुरैशी, राजकुमार सिंह, रवि सिंह, पूर्व वार्ड पार्षद धीरज अजनबी, नलिनी रंजन, प्रभात सिंह, पप्पू सिंह, विनय सिंह, सौरभ राज, प्रकाश कुमार, आकाश कुमार, प्रदीप सिंह और ऋषि राज सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली का त्योहार मनाया।



# देसी कट्टा के साथ छह गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** देसी कट्टा के साथ छह युवकों को नरारीकला खुर्द थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान थाना क्षेत्र के रिउर गांव निवासी सुरेन्द्र पासवान के पुत्र सुशील कुमार (25), अर्जुन शर्मा के पुत्र गौतम कुमार (28) राजकुमार शर्मा के पुत्र रविरंजन कुमार (21), कमरूदीन अंसारी के पुत्र जुबेर आलम (26), सयुदीन अंसारी के पुत्र मेराज आलम, इकबाल अंसारी के पुत्र यहिद आलम (20) के रूप में की गई है। इनके पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा, दो बाइक एवं छह मोबाइल बरामद किया गया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपना-अपना अपराध स्वीकार किया। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत गिरफ्तार सभी अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269







